भोपाल
बुधवार, 22 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष -06
वर्ष : 13, अंक : 20
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 39
न्यून. 27

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

पृथ्वी दिवस आज

haribhoomi.com

गर्मी अब पूछ रही पता

छिंदवाड़ा, सीधी, रतलाम सहित आधा दर्जन जिलों में आज से बढ़ेगी गर्मी

# नर्मदापुरम, खजुराहो, नौगांव और सीधी में पारा 43 डिग्री पर, आज चलेगी 'लू'



**भोपाल में दशमलव 4 डिग्री बढ़कर 40.2 डिग्री रहा पारा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अब गर्मी का सितम बढ़ेगा। दो दिन बदले रहे मौसम के बाद बुधवार से कुछ जिलों में लू का असर होगा, जबकि कुछ जगह बादलों के साथ मामूली बौछारें भी पड़ेंगी। इस बीच मंगलवार को 4 जिलों में पारा 43 डिग्री तक पहुंच गया। इससे यहां भीषण गर्मी महसूस की गई। भोपाल में दशमलव 4 डिग्री बढ़कर 40.2 डिग्री रहा। बादल छंटते ही प्रदेशभर में रात के तापमान में तेजी से ▶▶ शेष पेज 6 पर



कलेक्टोरेट ऑफिस, दोपहर 1:45 बजे का दृश्य

### तेज हवाओं के साथ बौछारें भी पड़ेंगी

बुधवार तक सिंगरौली, सीधी, अनूपपुर, शहडोल, डिंडोरी, मंडला, बालाघाट जिलों में कुछ जगह बौछारें पड़ सकती हैं। इसके अलावा अधिकांश जिलों में आसमान साफ रहने से गर्मी बढ़ेगी।

### हीटवेव का असर रहेगा

बुधवार को छिंदवाड़ा, सीधी, रतलाम सहित पूर्वी और उत्तर पूर्वी हिस्सों के आधा दर्जन जिलों में गर्मी ज्यादा तेजी से बढ़ेगी। इस बीच कुछ जिलों में हीटवेव का असर भी रहेगा। भोपाल में भी गर्मी का पारा एक डिग्री तक बढ़ सकता है। मंगलवार को करीब आठ जिलों में पारा 41 से 42 डिग्री के बीच रहा, जबकि प्रदेश का औसत अधिकतम पारा 40 डिग्री रहा। रात में औसतन 3 डिग्री की कमी आने से कुछ राहत महसूस की गई।



फूलों से सजे मंदिर के बाहर भक्तों की भारी भीड़

आज खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट

# 10 क्विंटल फूलों से सजाया धाम, मंदिर में मोबाइल फोन पर लगाया गया प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

पांचवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम के कपाट खोलने की तैयारियां पूरी हो गई हैं। धाम की 10 क्विंटल फूलों से भव्य सजावट की गई है। कपाट बुधवार सुबह आठ बजे खोले जाएंगे। बाबा के प्रथम दर्शन के लिए लगभग 10 हजार यात्री धाम पहुंच चुके हैं और मुख्य पड़ावों पर भी 10 से 12 हजार यात्री ठहरे हुए हैं। वहीं, बाबा की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली भी मंगलवार को गौरीकुंड से केदारनाथ धाम पहुंच गई। बुधवार को ही सुबह 11 बजे तृतीय केदार तुंगनाथ धाम के कपाट भी खोले जाते हैं। बाबा ▶▶ शेष पेज 6 पर

*प्रथम दर्शन के लिए लगभग 10 हजार यात्री धाम पहुंचे*

### फोटो-वीडियो और रील बनाने पर सख्ती

केदारनाथ मंदिर समिति ने सख्ती बरतते हुए परिसर के भीतर मोबाइल फोन के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। अब कोई भी श्रद्धालु मंदिर परिसर के अंदर मोबाइल फोन लेकर नहीं जा सकेगा। इसके साथ ही फोटो ▶▶ शेष पेज 6 पर










शांति वार्ता पर सस्पेंस: न जेडी वेंस पहुंचे न ही ईरानी प्रतिनिधिमंडल आया

# शांति वार्ता पर दोनों देशों की 'जिद' हावी पाक बोला-बढ़ाई जाए सीजफायर की मियाद


ईरान ने अब तक अमेरिका की बातचीत की शर्तों पर कोई जवाब नहीं दिया है, जिसके चलते जेडी वेंस ने फिलहाल पाकिस्तान यात्रा टाल दी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका और ईरान के बीच चल रहा दो सप्ताह का संघर्षविराम अब अपने आखिरी पड़ाव पर पहुंच गया है। पाकिस्तान के मुताबिक, यह सीजफायर बुधवार सुबह खत्म होने वाला है, लेकिन शांति की उम्मीदें अब धुंधली पड़ती दिख रही हैं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पाकिस्तान यात्रा फिलहाल टाल दी गई है। वहीं ईरान ने पाकिस्तान में होने वाली प्रस्तावित शांति वार्ता को लेकर पूरी तरह चुप्पी साध ली है।

रिपोर्ट में एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि ईरान ने अब तक अमेरिका की बातचीत की शर्तों पर कोई जवाब नहीं दिया है, जिसके चलते यह फैसला लिया गया। वेंस को मंगलवार सुबह पाकिस्तान के लिए रवाना होना था, जहां बुधवार को अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत फिर शुरू होने वाली थी। हालांकि, यह यात्रा फिलहाल होल्ड पर रखी गई है। तेहरान टाइम्स से बात करते हुए ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि अभी इस्लामाबाद जाने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने इसके पीछे अमेरिका के विरोधाभासी रवैये को जिम्मेदार ठहराया। सीजफायर खत्म होने के बाद दोनों मुल्कों के बीच युद्ध की आशंका फिर बढ़ने लगी है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने अमेरिका और ईरान से अनुरोध किया है कि सीजफायर को 14 दिनों के लिए और बढ़ाने ▶▶ शेष पेज 6 पर

**ट्रंप ने कहा है कि वे सीजफायर को आगे नहीं बढ़ाएंगे, आज मियाद होगी खत्म**



डोनाल्ड ट्रंप



मोहम्मद गालिबाफ

***ईरान ने कहा है कि अमेरिका सम्मान के साथ बात करे धमकियां देकर नहीं***

***व्हाइट हाउस ने कहा कि ट्रंप धमकी देते हैं तो उस पर अमल भी करते हैं***

### ट्रंप बोले- ईरान के साथ जल्द बड़ी डील

ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका जल्द ही ईरान के साथ एक बड़ी डील कर सकता है। इससे कई हफ्तों से चल रहा युद्ध खत्म हो सकता है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि मुझे लगता है कि हम एक बड़ी डील करेंगे, उनके पास कोई विकल्प नहीं है। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान की नेवी, एयरफोर्स और उसके नेताओं को खत्म कर दिया है, जिससे उसकी सैन्य ताकत काफी कमजोर हो गई है। यह भी दावा किया कि ईरान में रिजीम चेंज हो चुका है। उन्होंने कहा कि मैंने कहा नहीं था कि मैं यह करूंगा, लेकिन मैंने इसे अप्रत्यक्ष रूप से कर दिया है। ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान के साथ चल रहे सीजफायर को आगे नहीं बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारे पास इतना समय नहीं है।

ईरान का ट्रंप को जवाब

### हम बात करेंगे पर 'आत्मसमर्पण' नहीं

वहीं, ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद गालिबाफ ने इन धमकियों का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह बातचीत की मेज को आत्मसमर्पण की मेज में बदलना चाहता है। गालिबाफ ने साफ किया कि ईरान धमकियों के साए में बातचीत स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि पिछले दो हफ्तों में ईरान ने युद्ध के मैदान में नए पत्ते खोलने की पूरी तैयारी कर ली है।

### ईरान की घरेलू उड़ानें होंगी आज से बहाल

ईरान एयर ने घोषणा की है कि वह बुधवार से देश के भीतर उड़ान सेवाएं फिर से शुरू करेगा। यह फैसला करीब 50 दिनों के लंबे विराम के बाद लिया गया है, जो युद्ध की वजह से लागू था। रिपोर्ट के अनुसार, सबसे पहले तेहरान से मशहद के बीच उड़ान सेवा शुरू की जाएगी। इसी दिन वापसी की उड़ान ▶▶ शेष पेज 6 पर

नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा होगी

# मप्र विधानसभा का एक दिनी विशेष सत्र 27 अप्रैल को, अधिसूचना जारी

कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव होगा पारित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र की सोलहवीं विधानसभा का एक दिनी विशेष सत्र सोमवार 27 अप्रैल को होने जा रहा है। इस सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा होगी। सत्र के दौरान सत्तापक्ष भाजपा विधानसभा में प्रमुख विपक्षी कांग्रेस व अन्यों के प्रति निंदा प्रस्ताव पारित कराएगी। सत्र इस दिन सुबह 11 बजे से आहूत किया गया है। भाजपा ने इस सत्र को लेकर सभी तरह की तैयारियां शुरू कर दी हैं। भाजपा की ओर से विधानसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर बोलने के लिए प्रमुख ▶▶ शेष पेज 6 पर


## खबर संक्षेप

### अश्वगंधा की पत्तियों के इस्तेमाल पर रोक



**नई दिल्ली।** फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) ने अश्वगंधा की पत्तियों के इस्तेमाल पर सीधी रोक लगाई है। कहा गया है कि अश्वगंधा का इस्तेमाल सिर्फ उसकी जड़ और एक्सट्रैक्ट तक ही सीमित रखा जाए। पत्तियों में रिएक्टिव विथानोलाइड्स की मात्रा ज्यादा होती है, जो शरीर के लिए टॉक्सिक माने जाता है।

### ट्रक में जा घुसी बाइक 3 युवकों की मौके पर मौत



**छिंदवाड़ा।** उमरेठ थाना क्षेत्र में सोमवार रात तेज रफ्तार बाइक पीछे से ट्रक से जा टकराई। जेठू जमुनिया गांव में के पास हुए इस हादसे में बाइक सवार तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि टक्कर के बाद तीनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा

## पत्नी-बच्चों का खर्च नहीं उठा सकते तो शादी न करें



**खराब आर्थिक हालत का बहाना नहीं चलेगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि अगर कोई शख्स परिवार का खर्चा नहीं उठा सकता है तो उसे शादी का ख्याल छोड़ देना चाहिए। अगर किसी ने पुरूष शादी की है तो उसे परिवार का खर्च उठाना ही पड़ेगा, वह पत्नी और बच्चों के भरण-पोषण की जिम्मेदारी से बचने के लिए अपनी खराब आर्थिक हालत का बहाना नहीं बना सकता। यह उसकी कानूनी ▶▶ शेष पेज 6 पर

जनसुनवाई में दो तरह की घटनाएं

## सूदखोरों से परेशान महिला ने फंदे से लगाई सांकेतिक फांसी



**10 लाख की जगह 60 लाख वसूले जा चुके**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सीहोर कलेक्टोरेट में मंगलवार को एक महिला ने सूदखोरों की प्रताड़ना से परेशान होकर आम के पेड़ पर फंदा डालकर सांकेतिक रूप से फांसी लगाने की कोशिश की। समय रहते सुरक्षाकर्मियों ने हस्तक्षेप कर महिला को बचा लिया। गंगा आश्रम निवासी ज्योति बेस का आरोप है कि फॉरेस्ट कॉलोनी के सूदखोरों ने उनके पति रुद्रप्रताप को कर्ज के जाल में फंसा दिया। शुरुआत में कम ब्याज का ▶▶ शेष पेज 6 पर

इंदौर पीडब्ल्यूडी कार्यालय में छापा

## रिश्वत लेते 3 अधिकारियों को लोकायुक्त टीम ने दबोच लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



टीके जैन



अंशु दुबे



जयदेव गौतम

**बिल भुगतान के एवज में मांगे थे 3.50 लाख रुपए**

यहां लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के तीन अधिकारी मंगलवार को रिश्वत लेते हुए दबोचे गए। पकड़े गए अधिकारियों के नाम जयदेव गौतम (कार्यपालन यंत्री, संभाग-1, इंदौर), टीके जैन (अनुविभागीय अधिकारी, पीडब्ल्यूडी संभाग-1) और अंशु दुबे (उपयंत्री, संभाग-1, इंदौर) हैं। लोकायुक्त टीम ▶▶ शेष पेज 6 पर

बड़वानी में भीषण सड़क हादसा

## बारातियों से भरी कार को टैंकर ने मारी टक्कर... पांच की मौत

तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वानी



दुर्घटना के बाद पहुंची पुलिस

जिले में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 5 लोगों की जान चली गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा जुलवानिया टोल प्लाजा के पास खंडवा-बड़ौदा हाईवे पर हुआ, जहां एक तेज रफ्तार टैंकर ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। कार में कुल 7 लोग सवार थे, जो एक बारात में शामिल होने जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि 3 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद स्थानीय ▶▶ शेष पेज 6 पर

फोन केस

पाठक हाईकोर्ट में हुए पेश

## पेशी से छूट की मांग खारिज 14 मई को कोर्ट में हाजिर रहें

***मुकुल रोहतगी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

हाईकोर्ट जस्टिस को फोन करने के मामले पर भाजपा विधायक संजय पाठक मंगलवार को हाईकोर्ट में पेश हुए। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने व्हिसलब्लोअर आशुतोष दीक्षित को इस मामले में कोर्ट की सहायता करने की अनुमति दी है। साथ ही अगली सुनवाई की तारीख 14 मई तय की गई है। सुनवाई के दौरान संजय पाठक ने अगली पेशी से छूट की मांग की, जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। अब उन्हें 14 मई को भी कोर्ट में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। हाईकोर्ट के नोटिस के जवाब में विधायक संजय पाठक ने हलफनामा दाखिल कर कहा कि उनसे गलती से जस्टिस विशाल मिश्रा का नंबर डायल हो गया था और एक घंटी बजते ही कॉल काट दिया गया। हालांकि, कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब तक विधायक व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं होते, तब तक इस हलफनामे पर विचार नहीं किया जाएगा। सुनवाई के दौरान संजय पाठक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से और वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल खरे के साथ वे डिवीजन बेंच के समक्ष उपस्थित हुए।



संजय पाठक

भाजपा विधायक प्रीतम लोधी द्वारा आईपीएस डॉ. जाखड़ को धमकाने का मामला

विधायक बेटे पर पुलिस कार्रवाई से जुड़ा है विवाद

# आईपीएस एसोसिएशन मिलेगी सीएम से, कहा-'अमर्यादित' भाषा पर ऐसी सख्त कार्रवाई हो, ताकि इसकी पुनरावृत्ति न हो

**भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने भी लोधी को किया तलब, पार्टी भी ले सकती है एक्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



चंचल शेखर

भाजपा विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा आईपीएस अफसर एसडीओपी डॉ. आयुष जाखड़ को धमकाने व उनके खिलाफ अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करने का मामला अब तूल पकड़ गया है। मप्र आईपीएस एसोसिएशन लोधी के आचरण के खिलाफ मैदान में आ गई है। आईपीएस एसोसिएशन के अध्यक्ष चंचल शेखर ने कहा है कि इस मामले में उचित और सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि ▶▶ शेष पेज 6 पर



प्रीतम सिंह लोधी



डॉ. आयुष जाखड़

### सिविल सर्विस डे के दिन लिखा पत्र

यह घटना अभी एक दिन पहले ही है। इत्तफाकन मंगलवार को सिविल सर्विस डे था। ऐसे मौके पर एसोसिएशन ने कड़ा विरोध जताया है। दरअसल, इस दिन प्रशासनिक सेवाओं के योगदान को सम्मानित किया जाता है, ऐसे में इस तरह की टिप्पणी को लेकर अफसरों में खासा आक्रोश है। पत्र में कहा गया कि अमर्यादित भाषा व धमकी ▶▶ शेष पेज 6 पर

### अधिकारी व परिवार पर टिप्पणी बेहद आपत्तिजनक

*मप्र आईपीएस एसोसिएशन ने इस मामले में कड़ा विरोध जताते हुए प्रेस नोट जारी किया है। एसोसिएशन ने अपने बयान में कहा कि विधायक लोधी की भाषा अत्यंत अमर्यादित और निंदनीय है। इस तरह की भाषा किसी भी जनप्रतिनिधि को शोभा नहीं देती। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकारियों के साथ-साथ उनके परिवार पर टिप्पणी करना बेहद* ▶▶ शेष पेज 6 पर


कचरा समेटते पार्षद।

## सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो, विवाह समारोह के बाद जमा हुआ था कचरा

# निजी कार्यक्रम का कचरा उठाने पार्षद बना रहे थे दबाव, कर्मचारी नहीं आए तो स्वयं उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के वार्ड 48 के पार्षद अरविंद वर्मा का एक वीडियो मंगलवार को जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक विवाह समारोह खत्म होने के बाद जमा कचरे को निगम के वाहन में खुद डालते नजर आ रहे हैं।

दरअसल उनका तर्क है कि निगम कर्मचारियों को कचरा उठाने के लिए बार-बार बुलाया गया, लेकिन जब नहीं आए तो खुद ही कचरा वाहन में डाल दिया। जबकि निगम के स्वास्थ्य अमले का कहना है कि निजी कार्यक्रम में सफाई के लिए पार्षद दवाब बना रहे थे। जो नियम में नहीं है। नियमानुसार निगम डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के दौरान सभी तरह का कचरा लिया जाता है, लेकिन निजी कार्यक्रम का नहीं।



### राजधानी के वार्ड 48 का मामला

बताया जाता है कि वार्ड 48 में सोमवार की रात एक विवाह कार्यक्रम था। कार्यक्रम खत्म होने के बाद बड़ी संख्या में कचरा जमा हुआ। इसे उठाने के लिए पार्षद अरविंद वर्मा ने जोन-6 की प्रभारी एएचओ भावना पटेरिया को फोन लगाया। उन्होंने जल्द टीम भेजने का आश्वासन दिया। जब वार्ड का सुपरवाईजर और दरोगा स्पॉट पर पहुंचे तो उन्होंने कहा कि वाहन पहुंचा देंगे, लेकिन कचरा बाहर लाकर देना होगा। इससे नाराज पार्षद ने मंडप के बाहर खड़े कचरा वाहन में खुद कचरा डालना शुरू कर दिया। इसकी वीडियो जमकर वायरल हो रही है। इस संबंध में जानकारी के लिए जोन-6 की प्रभारी एएचओ भावना पटेरिया को कॉल किया, लेकिन उन्होंने काल अटेंड नहीं किया।

### निजी कार्यक्रम का सॉलिड वेस्ट खुले में फेंका, 1000 का जुर्माना



इधर शंकराचार्य नगर धर्मशाला में एक निजी कार्यक्रम का सॉलिड वेस्ट खुले में फेंकने की शिकायत स्वास्थ्य अमले को मिली। इस पर जोन-9 के एएचओ बलवीर मलिक और दरोगा चंदन झा, सुपरवाइजर दिनेश नहरिया मौके पर पहुंचे और एक हजार रुपए का स्पॉट फाइन किया।

### फिलीपींस के प्रतिनिधिमंडल ने किया निटर का दौरा



**भोपाल।** राजधानी स्थित निटर में फिलीपींस के प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया। इस दौरान संस्थान ने टेक्निकल एज्यूकेशन एंड स्किल्स डवलपमेंट अथॉरिटी (टेस्डा) फिलीपेंस के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की। यह दौरा तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण (टीवीईटी) में वैश्विक साझेदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। शुरूआत में प्रो. आर.पी. खंबायत ने स्वागत उद्बोधन दिया। संस्थान एवं सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से संबंधित जानकारी प्रो. (डॉ.) मनीष भार्गव, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष (डीटीवीए) एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर द्वारा दी गई। डॉ. आर.एस. चौहान और प्रो. पल्लवी भटनागर ने टेस्डा की आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम और ओसेट लैब के बारे में प्रस्तुति दी। प्रतिनिधिमंडल में टेस्डा के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे, जिनका नेतृत्व डायरेक्टर गिल्बर्ट एम. कास्त्रो एवं डायरेक्टर स्टीफन आई. सेजार ने किया।

## अधिकारियों की लापरवाही आई सामने, 15 अप्रैल को आया था परिणाम

# माशिमं: हजारों विद्यार्थियों की मार्कशीट में रेगुलर से हुआ प्राइवेट, छात्र हो रहे परेशान

हाईकोर्ट के आदेश के बाद डीपीआई से मिली थी अस्थाई मान्यता, लेकिन माशिमं के रिकॉर्ड में नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हाल ही में कक्षा दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणाम जारी किए हैं। इन परिणामों में कुछ स्कूलों के विद्यार्थियों को असमंजस में डाल दिया है, क्योंकि इन बच्चों ने सालभर नियमित विद्यार्थियों के रूप में पढ़ाई की, लेकिन अब मार्कशीट में प्रायवेट लिखा आया है। ऐसे में विद्यार्थी और उनके अभिभावक परेशान हैं। हालांकि माशिमं अधिकारियों ने जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की बात कही है।

दरअसल, मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं परीक्षा का परिणाम 15 अप्रैल को घोषित किया गया है। बारहवीं का परीक्षा परिणाम 76.01 फीसदी, जबकि दसवीं में 73.42 फीसदी विद्यार्थी पास हुए हैं। इसमें कई विद्यार्थी ऐसे है, जिन्होंने सालभर स्कूल जाकर नियमित पढ़ाई की, लेकिन उनकी अंकसूची पर प्रायवेट लिखा हुआ है।कुछ स्कूल संचालकों ने इसकी शिकायत मंडल के अधिकारियों से की है। उनका कहना है कि उनके स्कूल की सेकंड अपील में मान्यता


फाइल फोटो।

निरस्त होने के बाद हाईकोर्ट के आदेश पर स्कूलों को अस्थायी मान्यता मिल गई थी। लोक शिक्षण संचालनालय ने स्कूलों को मान्यता भी जारी कर दी। बावजूद इसके मंडल ने स्कूलों के छात्रों का प्रायवेट श्रेणी में रिजल्ट घोषित किया है। बता दें कि पिछले साल यानी सत्र 2025-26 की कई स्कूलों की मान्यता को दूसरी अपील में निरस्त कर दिया था। इसके बाद इन स्कूल के संचालकों ने हाईकोर्ट की शरण ली।

### राजधानी के ही दस निजी स्कूल शामिल

विभागीय सूत्रों की माने तों की माने तो जिन स्कूलों के बच्चों की मार्कशीट में प्रायवेट लिखा आ रहा है उसमें राजधानी के ही करीब दस स्कूल शामिल है। प्रदेश में इनकी संख्या अधिक है। बताया जा रहा है कि करीब चार दर्जन स्कूलों के बारह से पंद्रह हजार बच्चों की मार्कशीट नियमित की जगह प्राइवेट लिखा आ रहा है। हालांकि माशिमं के अधिकारियों ने इस आंकड़े की पुष्टि नहीं की है। जानकारी के अनुसार राजधानी के स्कूलों में द सेवन हिल्स पब्लिक स्कूल, रेडियेंट स्कूल पिपलिया पेंदे खां, ज्ञान चेतना हाईस्कूल, केसीकान हाईस्कूल ब्यावरा, अंकुर हायर सेकेंडरी स्कूल समेत अन्य शामिल है।

### जांच की जा रही

जिन स्कूलों मान्यता आदेश हमारे पास आ गए थे, उन स्कूलों के विद्यार्थी नियमित हुए हैं। वहीं जिन स्कूलों के मान्यता आदेश हम तक नहीं आए हैं, उन्हे अगर स्वाध्यायी घोषित किया है, तो ऐसे मामलों में जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

भूपेश गुप्ता, जनसंपर्क अधिकारी, माशिमं

## हाउसिंग फॉर ऑल के 12 नंबर आवासीय योजना के आवंटियों का दर्द...

# पांच साल बाद मिला पजेशन, नई कलेक्टर गाइडलाइन में 42 लाख कीमत का जिक्र

**निगम मुख्यालय शिकायत दर्ज करवाने पहुंचे रहवासी, रजिस्ट्री में लग रहे ज्यादा रुपए**


12 नंबर स्थित आवासीय योजना के मकान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 12 नंबर बस स्टॉप पर आवासीय योजना के तहत आवंटित आवासों में रहने वाले परिवारों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल 2019 से 2021 के बीच हाउसिंग फॉर ऑल के तहत 12 नंबर स्टॉप पर लोगों ने नगर निगम से 22-22 लाख रुपए में एलआईजी फ्लैट खरीदे थे। दावा था कि उन्हें साल 2023 में पजेशन मिल जाएगा, लेकिन अब पांच साल पजेशन मिलना शुरू हुआ। जब रहवासी फ्लैटों की रजिस्ट्री करवाने पहुंचे तो उन्हें नई कलेक्टर गाइडलाइन के मुताबिक 5 लाख 30 रुपए खर्च बताया गया। इससे नाराज रहवासियों ने मंगलवार को निगम मुख्यालय पहुंचकर कमिश्नर संस्कृति जैन को ज्ञापन सौंपा। निगम प्रशासन ने रहवासियों को इस समस्या के लिए कलेक्टर कार्यालय जाने की सलाह दी है। हाउसिंग फॉर ऑल के तीन प्रोजेक्ट पूरे 5 साल पिछड़ गए। इनमें 12 नंबर प्रोजेक्ट सहित बाग मुगालिया और राहुल नगर प्रोजेक्ट है। निगम के एचएफए शाखा ने साल 2019 से साल 2021 तक सभी से बुकिंग राशि के साथ ही फ्लैटों की पूरी कीमत वसूल कर दी, लेकिन पजेशन में देरी की। ज्यादातर लोगों ने बैंक लोन लेकर आवास खरीदे थे। इसलिए बैंक की किश्त चुकाते रहे, लेकिन पजेशन नहीं मिला। अब प्रोजेक्ट पूरे हुए तो रहवासी रजिस्ट्री के लिए रजिस्ट्रार ऑफिस पहुंचे। जहां उन्हें बताया गया कि रजिस्ट्री खर्च दो गुना हो गया है। इससे नाराज रहवासियों ने मंगलवार को निगम मुख्यालय माता मंदिर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

### नई कलेक्टर गाइड लाइन हुई है लागू

बुकिंग के समय एलआईजी फ्लैट की कीमत 22 लाख थी। इसी हिसाब से सभी ने पूरा भुगतान कर दिया। अब अप्रैल 2026 में नई कलेक्टर गाइडलाइन लागू हो गई है। जिसमें फ्लैटों की कीमत 42 लाख रूपए आंकी गई है। जबकि री-सेल में एक फ्लेट की ज्यादा से ज्यादा कीमत 30 लाख रुपए आंकी जा रही है। भुगतान के समय निगम अधिकारियों ने भरोसा दिलाया था कि साल 2023 के हिसाब से ही रजिस्ट्री खर्च लगेगा, लेकिन अब 42 लाख रुपए गाइडलाइन होने से खर्च 5 लाख 30 हजार रुपए बताया जा रहा है।

## लोकभवन में सम्मान कार्यक्रम आयोजित

# करुणा-दया मानव का मूल स्वभावः राज्यपाल पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि करूणा और दया मानव का मूल स्वभाव है। दान अंतर्रात्मा की आवाज है। यह आत्मीय भाव से की गई सहयोग की पहल है। इस भावना को जरूरतमंदों की सेवा में लगाने में ही जीवन की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा कोष में उदार योगदान हमारे सैनिकों और उनके परिवारों का केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति की सशक्त अभिव्यक्ति है। झंडा निधि में सहयोग राष्ट्र सेवा में समर्पित वीरों के प्रति हमारे कर्तव्य पालन का अवसर है। राज्यपाल पटेल मंगलवार को समामेलित विशेष निधि प्रबंध समिति की बैठक उपरांत लोकभवन में आयोजित सशस्त्र सेना झंडा निधि में विशेष योगदान देने वालों का सम्मान किया।

## दान-पुण्य व धर्म कर्म से मिलता है जन्म-जन्मांतर का पुण्य

# गुरु पुष्य योग पुष्य नक्षत्र में कल मनाई जाएगी गंगा सप्तमी और चित्रगुप्त जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वैशाख शुक्ल पक्ष सप्तमी तिथि के दिन श्री गंगा सप्तमी एवं भगवान चित्रगुप्त जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस वर्ष श्री गंगा



सप्तमी एवं भगवान चित्रगुप्त जयंती 23 अप्रैल को गुरु पुष्य योग पुष्य नक्षत्र के संयोग में मनाई जाएगी। गंगा के स्मरण, दर्शन एवं स्नान करने मात्र से रिद्धि-सिद्धि की प्राप्ति, यश-सम्मान में वृद्धि व सभी पापों का क्षय, अशुभ ग्रहों के कुप्रभाव में कमी व सकारात्मकता का वास होता है। इस दिन दान-पुण्य व धर्म कृत्य करने से जन्म-जन्मांतर तक इसका पुण्य मिलता है। ज्योतिषियों के अनुसार के अनुसार गंगा सप्तमी के दिन गंगा की पूजा करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

### पानी से भरी मटकी के दान का महत्व

इस दिन पानी से भरी मटकी का दान करने से कभी न खत्म होने वाला पुण्य मिलता है। गंगा सप्तमी के दिन पुष्य नक्षत्र,गुरु पुष्य योग रहेगा। इन योग में स्नान-ध्यान करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है।

### भगवान चित्रगुप्त का प्राकट्य दिवस कल

भगवान चित्रगुप्त महाराज का प्राकट्य दिवस गुरुवार को चित्रगुप्त मंदिरो में उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस शुभ अवसर राजधानी के सभी चित्रगुप्त मंदिरों में चित्रगुप्त भगवान का अभिषेक कर नए वस्त्र धारण कराकर पूजन, आरती एवं प्रसाद होगा। म.प्र. युवा कायस्थ संगठन एवं अन्य संगठनों के सहयोग से भव्य शोभायात्रा, भजन एवं भंडारे का आयोजन भगवान चित्रगुप्त मंदिर, जवाहर चौक क्षेत्र में किया जाएगा। आयोजन समिति के प्रचार सचिव दीप श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई।

### यह रहेगा शुभ मुहूर्त

पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि इस वर्ष सप्तमी तिथि का आरंभ 22 अप्रैल रात 10:50 बजे होगा। इसकी समाप्ती 23 अप्रैल रात 8:50 बजे होगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, 23 अप्रैल को ही गंगा सप्तमी मनाना शुभ रहेगा।

### गंगा स्नान व पूजा और दान-पुण्य का महत्व

मां चामुंडा दरबार के पुजारी पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि वैशाख शुक्ल पक्ष की सप्तमी की उदया तिथि में आ रही है। इसलिए गंगा सप्तमी 23 अप्रैल को मनाई जाएगी। इस पर्व पर गंगा स्नान, व्रत-पूजा और दान का विशेष महत्व है, जो लोग किसी कारण से इस दिन गंगा नदी में स्नान नहीं कर सकते वो घर पर ही पानी में गंगाजल मिलाकर नहा सकते हैं। ऐसा करने से तीर्थ स्नान का ही पुण्य मिलता है।

## समर वेकेशन-शादी सीजन के बीच बदलाव से यात्रियों की बढ़ेगी परेशानी

# लोकमान्य तिलक-गोरखपुर एक्सप्रेस सहित 20 अन्य ट्रेनें बदले रूट से चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मंडल से गुजरने वाली 20 से अधिक ट्रेनें आने वाले दिनों में बदले रूट से चलेगी। दरअसल प्रयागराज स्टेशन पर यार्ड रिमोडलिंग काम के चलते रेलवे की ओर से ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया है। ये सभी ट्रेनें प्रयागराज छिवकी स्टेशन से होकर चलेंगी और यहां 2 मिनट का अस्थायी ठहराव दिया जाएगा। एक ट्रेन का रूट पूरी तरह बदला गया है।

### इन ट्रेनों पर रहेगा असर

| ट्रेन का नाम | तिथि |
|---|---|
| अहमदाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस | 24 अप्रैल |
| दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस | 29 अप्रैल |
| गोरखपुर-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस | 25-30 अप्रैल |
| लोकमान्य तिलक-गोरखपुर एक्सप्रेस | 24-29 अप्रैल |
| रक्सौल-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस | 25 अप्रैल |
| लोकमान्य तिलक-रक्सौल एक्सप्रेस | 27 अप्रैल |
| पुणे-दरभंगा एक्सप्रेस | 29 अप्रैल |
| दरभंगा-पुणे एक्सप्रेस | 24 अप्रैल |
| दादर-बलिया स्पेशल | 24-29 अप्रैल |
| दादर-गोरखपुर स्पेशल | 24-29 अप्रैल |
| बलिया-दादर स्पेशल | 25-30 अप्रैल |
| गोरखपुर-दादर स्पेशल | 25-30 अप्रैल |
| पुणे-बनारस एक्सप्रेस | 27 अप्रैल |
| बनारस-पुणे एक्सप्रेस | 29 अप्रैल |
| छपरा-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस | 30 अप्रैल |
| रांची-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस | 29 अप्रैल |
| लोकमान्य तिलक-रांची एक्सप्रेस | 24 अप्रैल |
| अहमदाबाद-पटना एक्सप्रेस | 26 अप्रैल |
| पटना-अहमदाबाद एक्सप्रेस | 28 अप्रैल |

### दानापुर मंडल में कार्य के चलते 25 अप्रैल को भोपाल से गुजरने वाली चार ट्रेनों के मार्ग परिवर्तित

रेलवे द्वारा पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल में नॉन इंटरलॉकिंग के चलते भोपाल मंडल होकर संचालित चार ट्रेने के मार्ग परिवर्तित किए है।

यह ट्रेनें बदले मार्ग से चलेगी

गाड़ी संख्या 19321 इंदौर-पटना एक्सप्रेस 25 अप्रैल को परिवर्तित मार्ग पं दीनदयाल उपाध्याय-गया-जहानाबाद-पटना होकर संचालित की जाएगी।

गाड़ी संख्या 13424 अजमेर-भागलपुर एक्सप्रेस 25 अप्रैल को परिवर्तित मार्ग पं दीन दयाल उपाध्याय-गया-जहानाबाद-पटना होकर संचालित की जाएगी।

गाड़ी संख्या 15945 लोकमान्य तिलक-दरभंगा एक्सप्रेस 25 अप्रैल को परिवर्तित मार्ग पं दीन दयाल उपाध्याय-गया-जहानाबाद-पटना होकर संचालित की जाएगी। - गाड़ी

## लेंसकार्ट शोरूम घेरा, तिलक-कलावा पर हंगामा

# भोपाल में हिंदू संगठनों ने कर्मचारियों को तिलक लगाया, बोले- सनातन का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के न्यू मार्केट रोशनपुरा में ड्रेस कोड के खिलाफ लेंसकार्ट शोरूम के बाहर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कर्मचारियों को तिलक लगाया, मंत्रोच्चार के साथ कलावा बांधा। कहा- सनातन का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान। संगठन लेंसकार्ट के बहिष्कार का आह्वान कर रहा है। यह हिंदुस्तान है, यहां तिलक, कलावा और बिंदी का सम्मान होना चाहिए। अगर कंपनी ने इन पर रोक लगाने की कोशिश की, तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### सिंदूर-कलावा पर रोक स्वीकार्य नहीं: संत समिति

मध्य प्रदेश संत समिति के अध्यक्ष महाराज अनिल आनंद ने कहा कि कथित गाइडलाइन में महिलाओं को सिंदूर और कलावा पहनकर आने से रोकने की बात कही गई है, जो स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा भारत में सनातन परंपराओं का सम्मान होना चाहिए। किसी भी कंपनी को धार्मिक प्रतीकों पर रोक लगाने का अधिकार नहीं है।

## वाहनों के अनुबंध में कमियां मिलने के बाद खाद्य विभाग की सख्त कार्रवाई

**बाजार में महंगे दामों में बेचे उपभोक्ताओं को सिलेंडर**

# रिटायर एएसओ ने टीम को गैस एजेंसी के वाहन जब्त करने से रोका वापस लौटी टीम, सिलेंडरों को बाजारों में अधिक दामों में बेचा गया

**अफसरों ने कलेक्टर को पेश की फिनिक्स एजेंसी की जांच रिपोर्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जेके रोड स्थित फिनिक्स एचपीसीएल गैस एजेंसी को लेकर पिछले चार दिनों से चल रही जांच खाद्य विभाग के अफसरों ने पूरी कर ली है। जिसमें दो ट्रक गैस सिलेंडरों का ऑनलाइन रिकार्ड नहीं देने पर एचपी कंपनी ने एजेंसी को दिया जाने वाला स्टॉक रोक दिया था। जांच में पता चला है कि एजेंसी



संचालक ने इन सिलेंडरों में गड़बड़ी करते हुए सिलेंडरों को बाजार में अधिक दामों में बेचा गया है। इधर टीम जब एजेंसी पर खड़े वाहनों की जांच करने पहुंची, तो वाहनों के अनुबंध में भी कमियां मिली, जिसको लेकर टीम ने वाहनों को जब्त करना चाहा, लेकिन एजेंसी संचालक रिटायर सहायक आपूर्ति अधिकारी बीपी शर्मा ने खाद्य विभाग के अफसरों को वाहन जब्त करने से रोक दिया। जिसके बाद टीम वापस लौट आई। टीम ने नीलबड़ स्थित बीएस एचपी गैस एजेंसी के संचालक सुशय शर्मा पिता गायत्री शरण शर्मा के खिलाफ भी सिलेंडरों में हेरफेर करने का केस दर्ज किया है, जिसे कलेक्टर कोर्ट में पेश किया जाएगा। इधर दोनों एजेंसियों की गड़बड़ी को लेकर खाद्य विभाग एचपीसीएल कंपनी को एजेंसी सस्पेंड करने का प्रतिवेदन पेश करेगा, जिसके आधार पर फिनिक्स एजेंसी को सस्पेंड किया जा सकता है। दरअसल एजेंसी में सिलेंडर डिलीवरी को लेकर सबसे बड़ी गड़बड़ी सामने आई है।

### होम डिलीवरी से प्रतिमाह दो लाख की ठगी

जांच में पता चला है कि प्रति माह करीब छह हजार सिलेंडर एजेंसी के पीछे स्थित वाहनों से दिए जाते हैं, जिससे इन उपभोक्ताओं को 34 रुपए प्रति सिलेंडर का रिफंड दिया जाना था, लेकिन उपभोक्ताओं को रिफंड नहीं दिया गया है। ऐसे में प्रत्येमह माह उपभोक्ताओं से दो लाख रुपए की ठगी की गई है।

### पांच हजार उपभोक्ताओं से दस लाख वसूले

सिलेंडरों की किल्लत का फायदा उठाते हुए एजेंसी संचालक ने बिना सुरक्षा जांच रसीद के किसी को भी सिलेंडर की डिलीवरी नहीं दी। जिसके तहत करीब पांच हजार उपभोक्ताओं की रसीद बिना सुरक्षा जांच के काट दी गई, जिससे उपभोक्ताओं से करीब 10 लाख रुपए की राशि वसूल की गई है।

### यह गड़बड़ियां भी आईं सामने

- 4 अप्रैल को निकला ट्रक 310 सिलेंडर लेकर गोदाम पर 6 अप्रैल को पहुंचा
- होम डिलीवरी के 9 वाहन अटैच, पांच के दस्तावेज मिले
- पांच किलो वाले दो हजार सिलेंडर गायब
- बीएस एजेंसी के गोदाम में 40 नग भरे सिलेंडर अधिक मिले

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 22 अप्रैल 2026

विश्व पृथ्वी दिवस आज



वीआईपी रोड से साफ नजर आता है कि बड़ी झील का जलस्तर गिर रहा है। फोटो जर्नलिस्ट : जसप्रीत सिंह

## सिमट रहा बड़ी झील का किनारा, जल स्तर गिरने से नजर आने लगी सूखी परत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भीषण गर्मी का असर अब राजधानी की झीलों पर साफ नजर आने लगा है। यह तस्वीर बड़ी झील की है, जहां उसके किनारे सिमटते नजर आ रहे हैं। जलस्तर गिरने से सूखती परतें साफ दिखने लगी हैं। बड़ी झील का फुल टैंक लेवल 1666.80 फीट है। फुल टैंक लेवल होने पर इसमें 3500 एमसीएफटी पानी रहता है। बीते साल मानसून आने से पहले तक जल स्तर 1658.55 फीट था। नगर निगम 120 एमएलडी पानी रोजाना सप्लाई के लिए बड़ी झील से ले रहा है। वीआईपी रोड से झील के सिकुड़ते किनारे की तस्वीर विश्व पृथ्वी दिवस पर सवाल जरूर खड़ी कर रही है कि क्या हम अपने जल स्रोत बचा पाएंगे?



एनजीटी ने कहा- पेड़ों के चारों ओर एक मीटर जगह खुली रखना अनिवार्य, लहारपुर डैम में सीवेज मिलने पर रोक लगाई

# हरे पेड़ों के चारों ओर एक मीटर दायरे से हटेगी सीसी रोड... एनजीटी ने जारी किए आदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में हरे पेड़ों के आसपास से सीमेंट कांक्रीट सड़कें हटाने के आदेश नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने दिए हैं। मंगलवार को जारी आदेश में कहा गया है कि पेड़ों के चारों ओर एक मीटर जगह खुली रखना जरूरी होगा। इसके साथ ही लहारपुर से गुजर रहे नाले के माध्यम से लहारपुर डैम में सीवेज मिलने पर भी रोक लगा दी गई है। सुनवाई के दौरान दोनों ही मामलों में एनजीटी बैंच ने यह आदेश जारी किया है। पेड़ों के मामले में जस्टिस शियो कुमार सिंह, एक्सपर्ट मेंबर सुधीर कुमार चतुर्वेदी की बैंच ने मामले की सुनवाई की। इस दौरान बैंच को बताया गया कि शहर में कई स्थानों पर सड़क निर्माण के दौरान पेड़ों के चारों ओर कांक्रीट कर दिया गया। जिससे जड़ों तक हवा और पानी का प्रवाह बाधित हो रहा है और पेड़ों की वृद्धि प्रभावित हो रही है। एनजीटी ने पर्यावरणीय नियमों और सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों के साथ ही शहरी हरियाली संबंधी दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि अत्यधिक कांक्रीटीकरण से भूजल पुनर्भरण कम होता है। तापमान बढ़ता है और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

### पेड़ों पर लगे विज्ञापन हटाएं

एनजीटी ने शहरी विकास विभाग मध्य प्रदेश को निर्देश दिए हैं कि ऐसे निर्माण कार्यों के दौरान पेड़ों के चारों ओर कम से कम एक मीटर खुली जगह रहें। भोपाल नगर निगम सड़क किनारे पेड़ों के चारों ओर एक मीटर खुली मिट्टी बनाए रखे। नगर निगम, पीडब्ल्यूडी एवं एनएचएआई पेड़ों पर लगे सभी बोर्ड, विज्ञापन एवं बिजली के तार तुरंत हटाए। वहीं, पेड़ों की सुरक्षा के लिए व्यवस्था करें। साथ ही नगर निगम को ट्री डिजीज सर्जरी यूनिट स्थापित करने पर भी विचार करने को कहा है।

### लहारपुर डैम मामले में एनजीटी ने स्वतः लिया संज्ञान

बेंच ने सुनवाई के दौरान एक अन्य मामले में शहर के लहारपुर डैम में प्रदूषण के गंभीर मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार बाग मुगालिया स्थित लहारपुर डैम में बिना उपचारित सीवेज का प्रवाह हो रहा है, जिससे डैम का पानी जहरीला और उपयोग के अयोग्य हो गया है। इस दूषित पानी का उपयोग करीब 2,500 एकड़ कृषि भूमि में सिंचाई के लिए किया जा रहा है, जो जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। एनजीटी की संयुक्त समिति ने निरीक्षण के दौरान पाया कि कई नालों से सीवेज सीधे डैम में जा रहा है, जो प्रदूषण का संकेत है।

# बायो सीएनजी प्लांट में गन्ने के छिलके, गोबर और निपेयर घास से बन रही रोज 4 टन सीएनजी

प्लांट में 10 टन गन्ने के छिलके से बनाई जा रही 500 किलो सीएनजी

निगम के 350 से ज्यादा वाहनों को मिलेगी सस्ती सीएनजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



गर्मी के दिनों में इन दिनों शहर से निकलने वाले गन्ने के छिलके बायो गैस बनाने वाली कंपनी के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। निगम के सॉलिड वेस्ट ट्रांसफर स्टेशन पहुंचने वाले गन्ने के छिलके फंदा स्थित खजूरी में पालीवाल बायो एनर्जी कंपनी में भेजे जा रहे हैं, जहां इससे सीएनजी बनाई जा रही हैं सीएनजी प्लांट में 10 टन गन्ने के छिलके से 500 किलो सीएनजी बन रही है। जुलाई-2025 में फंदा स्थित खजूरी में 4 एकड़ में स्टार्ट-अप के तहत सीएनजी प्लांट लगाया गया है। यहां रोजाना 5 टन बायोगैस बनाने की क्षमता वाले प्लांट में 4 टन सीएनजी बन रही है। इसके लिए रोजाना शहर से निकलने वाले गन्ने के छिलके प्लांट में भेजे जा रहे हैं।

### निगम को बाजार से सस्ते दाम में कराएंगे उपलब्ध

पालीवाल बायो गैस एनर्जी कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन पालीवाल ने बताया कि निगम को बाजार से कम दामों में सीएनजी उपलब्ध कराएंगे। इससे निगम को काफी राशि की बचत होगी। उन्होंने बताया कि सीएनजी बनाने के लिए गन्ने के छिलके के साथ गोबर और नेपियर घास का उपयोग किया जाता है। यह घास प्लांट के पास लगाई गई है। अब सबसे बड़ी जरूरत सरकार को इस उद्योग को बढ़ावा देने की है।

### कई गैस कंपनियों से है सप्लाई का अनुबंध

उक्त कंपनी का थिंक गैस और गेल से सीएनजी सप्लाई का अनुबंध है, लेकिन थिंक गैस उनसे गैस नहीं ले रहा है। ऐसे में स्टार्ट अप उद्योग के संचालन में दिक्कत आ सकती है।



### स्लॉट बुकिंग की क्षमता 1000 से बढ़ाकर 2250 क्विंटल प्रतिदिन की गई

**भोपाल।** मप्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक एक लाख 88 हज़ार 971 किसानों से 81 लाख 76 हजार 970 क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि उपार्जन केन्द्र की क्षमता अनुसार उपज की तौल की जा सके एवं अधिक से अधिक किसानों से उपार्जन किया जा सके, इसके लिए प्रतिदिन प्रति उपार्जन केंद्र पर स्लॉट बुकिंग की क्षमता 1000 क्विंटल से बढ़ाकर 1500 क्विंटल की गई थी। अब इसे बढ़ाकर 2250 क्विंटल प्रतिदिन प्रति उपार्जन केन्द्र कर दिया गया है।

जल सुनवाई के अब यह हाल...20 वार्डों में इक्का-दुक्का लोग करा रहे लो प्रेशर की शिकायत

# 85 वार्डों में 120 पेज के 85 रजिस्टर, 35 वार्डों में शिकायतें नहीं, रजिस्टर लिए दो घंटे बैठे रहे कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद शहर में जल सुनवाई शुरू हुई थी। इसके तहत हर मंगलवार को सुबह 11 से 1 बजे तक 85 वार्डों में पानी के सैंपल लेने, उन्हें जांच के लिए भेजने और रजिस्टर में शिकायत दर्ज करने की सुविधा थी, लेकिन बीती 14 जल सुनवाई के आंकड़ों पर नजर डालें तो 35 से ज्यादा वार्ड ऐसे हैं जहां शिकायती रजिस्टर में कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई। 20 वार्ड ऐसे हैं जिनमें इक्का-दुक्का लोग गंदे पानी, लीकेज, कम दबाव से पानी आने की शिकायतें दर्ज करवाने पहुंचे।

शहर में 13 जनवरी से जल सुनवाई का आयोजन वार्डों में शुरू किया गया था। इनमें दो कर्मचारियों का दल पानी का सैंपल लेने और शिकायतें दर्ज करवाने के लिए मौजूद रहता है। इन्हें शिकायतें दर्ज करने के लिए रजिस्टर दिए गए हैं, जिनमें संबंधित व्यक्ति का नाम, पता, मोबाइल नंबर और शिकायत दर्ज करना थी। चुनिंदा वार्डों में रजिस्टर में इक्का-दुक्का शिकायतें दर्ज हुई हैं। शुरुआती चार-पांच जल सुनवाई के बाद तो लोगों ने इसमें रूचि ही नहीं दिखाई। इस संबंध में निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर जल सुनवाई नियमित हो रही है। वार्ड स्तर पर भी कर्मचारी सैंपलिंग का काम कर रहे हैं। कोई भी व्यक्ति पानी के सैंपल की जांच करवा सकता है।

**मुख्यमंत्री के निर्देश पर शहर में हर मंगलवार को शुरू हुई थी जल सुनवाई**

**अब तक हो चुकी हैं 14 जल सुनवाई, अब वार्ड स्तर पर वॉल्व मेन कर रहे हैं सैंपलिंग**

### अब तक मिले 430 सैंपल, बीती तीन सुनवाई में तो एक भी सैंपल नहीं



वार्ड नंबर 77 में जल सुनवाई के लिए बैठे कर्मचारी।

निगम में 13 जनवरी से 14 अप्रैल 14 जल सुनवाई आयोजित हुईं जिसमें 430 पानी के सैंपल मिले व 70 से ज्यादा लीकेज या गंदे पानी की शिकायतों का निराकरण किया गया। बीती तीन सुनवाई में तो एक भी सैंपल और शिकायत लेकर कोई नहीं पहुंचा। जबकि निगम ने 170 कर्मचारी नियुक्त किए हैं और सैंपल के लिए 8 लैब में जांच करवाई जा रही है।

### वॉल्वमैन और सुपरवाइजर घर घर जाकर कर रहे सैंपलिंग

जल सुनवाई में अब लोगों की रुचि नहीं होने के कारण वार्ड स्तर पर पानी के सैंपल और जांच का काम शुरू किया गया है। सुबह 6 बजे पानी की सप्लाई के दौरान वॉल्वमैन व सुपरवाइजर क्षेत्र में लोगों के घर-घर जाकर पानी गुणवत्ता की जानकारी ले रहे हैं। और कोई व्यक्ति सैंपल जांच के लिए देना चाहता है कि तो सुपरवाइजर मौके पर जाकर पानी का सैंपल लेते हैं और जांच के लिए लैब भेजते हैं।

### निगम अमले ने 129 पानी के सैंपल लिए 56 लीकेज सुधारे

नगर निगम के अमले ने मंगलवार को रुटीन कार्रवाई के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 129 पानी के सैंपल लिए और जांच के लिए लैब भेजे। इसके अलावा 56 लीकेज सुधारे। निगम अमला अब तक झुग्गी बस्ती क्षेत्रों के 7997 स्थानों सहित शहर से 17344 पानी के सैंपल लेकर जांच करवा चुका है। इसी तरह 4331 लीकेज सुधारने के साथ 12471 सीवेज चेम्बरों की सफाई करवाई जा चुकी है।




दो माह बाद पुल पातरा से मशीनें रेलवे स्टेशन से नादरा मेट्रो स्टेशन तक करेंगी खुदाई

# भोपाल मेट्रो...50 मीटर तक टनल बनने के बाद अब एक ही दिशा में दूसरी टनल के लिए चलेगी टीबीएम


- 24 घंटे हो रही मॉनिटरिंग, वाइब्रेशन जांचने मेट्रो और निर्माणकर्ता एजेंसी के एक्सपर्ट भवनों की कर रहे हैं जांच
- कट एंड कवर टेक्निक से तैयार हो रहीं टनल, 4 मीटर से ज्यादा पक्की टनल बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मेट्रो के लिए प्रदेश की पहली अंडरग्राउंड टनल बनाने का काम भोपाल रेलवे स्टेशन से टीबीएम ने शुरू कर दिया है। कट एंड कवर टेक्निक से अब तक चार मीटर से ज्यादा लंबी पक्की टनल बन चुकी है और खुदाई का काम जारी है। इस दौरान वाइब्रेशन मापने और संरचनाओं की सुरक्षा के लिए आधुनिक संसाधनों से लैस एक्सपर्ट की टीम 24 घंटे निगरानी कर रही है।

भवनों की सुरक्षा, स्ट्रक्चर, भवनों में पुरानी दरारों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। मेट्रो रेल कारपोरेशन और निर्माण एजेंसी के एक्सपर्ट नजर रखे हुए हैं। जबकि भोपाल स्टेशन से ही पुल पातरा तक बनने वाली दूसरी टनल के लिए टीबीएम असेंबल हो रही है। 50 मीटर तक पहली टीबीएम से टनल बनने के बाद दूसरी टीबीएम से उसी दिशा में टनल बनाने का काम शुरू होगा। टीबीएम को कार्य 30 मार्च से रेलवे स्टेशन पर बन रहे अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन से भूमि के 24 मीटर नीचे उतारा गया था। इस गहराई पर सुरंग निर्माण किए जाने से सतह पर न्यूनतम कंपन (वाइब्रेशन) होता है। निर्माण कार्य के दौरान आधुनिक तकनीकों के माध्यम से मॉनिटरिंग की जा रही है।

प्रदेश में पहली बार दो टनल बोरिंग मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। यह टनल ऐशबाग से सिंधी कॉलोनी के बीच बनाई जा रही है, जो भोपाल रेलवे स्टेशन एवं नादरा बस स्टैंड जैसे प्रमुख क्षेत्रों को जोड़ेगी।




टीबीएम मशीन का भीतरी दृश्य।

### एक्सपर्ट की टीम ने लिया जायजा

मेट्रो कॉर्पोरेशन की एक्सपर्ट टीम ने अल्पना तिराहे के आसपास की इमारतों का जायजा लिया। टीम के लोगों ने एक-एक इमारत को देखा, लेकिन अब तक ऐसी कोई शिकायत सामने नहीं आई है। मेट्रो प्रशासन का तर्क है कि पूरे सुरक्षा प्रोटोकाल के साथ टनल बनाने का काम चल रहा है।

### पुल पातरा से आरा मशीनों की शिफ्टिंग भी

मेट्रो के लिए टनल बनाने का काम शुरू होने के साथ ही पुल पातरा से आरा मशीनों की शिफ्टिंग का काम भी शुरू हो गया है। यह मामला भी लंबे समय से प्रक्रिया में था।

### जमीन के नीचे मिट्टी और चट्टान से तय होगी गति

टीबीएम से अभी बेहद की धीमी गति से टनल का काम हो रहा है। जमीन के नीचे मिटटी और चट्टान की स्थिति को देखकर एक्सपर्ट इसकी गति बढाने और कम करने का काम करेंगे। वर्तमान में बेहद ही धीमी गति से टीबीएम को चलाया जा रहा है।

अंडरग्राउंड रूट के लिए रुकावट बन रही आरा मशीनें

### मेट्रो के लिए अब एक हफ्ते की डेडलाइन, आरा मशीनों की शिफ्टिंग पर मंथन

बोगदा पुल से भोपाल टॉकीज तक अंडरग्राउंड मेट्रो रूट को लेकर काम तेज कर दिया गया है। अंडरग्राउंड ड्रिलिंग के की जद में आने वाली भारत टॉकीज स्थित 42 आरामशीनों की शिफ्टिंग का काम भी तेज कर दिया गया है। आरामशीनों की शिफ्टिंग को लेकर मंगलवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने एसडीएम सहित मेट्रो अफसरों के साथ बैठक रखी। बैठक में बताया गया कि मेट्रो की जद में आने वाली 42 आरा मशीनों की शिफ्टिंग को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। इन्हें परवलिया स्थित छोटा रातीबड़ में जगह भी दे दी गई है। एसडीएम दीपक पांडे ने बताया कि अगले एक हफ्ते में मशीनों की शिफ्टिंग का काम शुरु कर दिया जाएगा।

### बड़े बाग कब्रिस्तान में फंसा पेंच

अंडरग्राउंड रूट बोगदा पुल से भोपाल टॉकीज तक जाएगा। जिसके तहत भोपाल टॉकीज से बैरसिया रोड की तरफ बड़ा बाग कब्रिस्तान की जमीन आ रही है। इस पर विधायक आतिफ अकील ने भी विरोध दर्ज कराया है। कलेक्टर ने एसडीएम रविशंकर राय को मामले को सुलझाने की बात कही है। कलेक्टर ने कहा कि जहां भी जमीन का अधिग्रहण किया जाना है, उसकी प्रक्रिया पूरी की जाए।

पुलिस ने साधु को हिरासत में लेकर प्रकरण दर्ज किया

# कार में बैठे अपर लोक अभियोजक पर साधु ने किया त्रिशूल से हमला

## विंड स्क्रीन व साइड ग्लास त्रिशूल से तोड़ा, निकलने के लिए रास्ता नहीं होने से भड़क गया साधु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित सुरेंद्र लैंडमार्क के सामने बापू की कुटिया के पास सोमवार दोपहर सिग्नल रेड होने पर कार लेकर रुके अपर लोक अभियोजक (एडिशनल पब्लिक प्रोसेक्यूटर) पर साधु ने त्रिशुल से हमला कर दिया। घटना के समय उनके साथ कार में परिवार भी था। दरअसल, वह सिगनल खुलने का इंतजार कर रहे थे, तभी वहां से गुजर रहे साधु को रास्ता नहीं मिला। उसने पहले गाली-गलौज की और फिर अपने पास रखे त्रिशूल से कार का साइड मिरर और विंडो ग्लास तोड़ दिया।

साधु यहीं नहीं रुका उसने त्रिशुल मारकर अपर लोक अभियोजक को घायल भी कर दिया। त्रिशुल दाहिने हाथ की हथेली में लगने से उन्हें गंभीर चोट आई है। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर साधु को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने साधु को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। उससे त्रिशुल बरामद किया गया है।


कार की विंडो का टूटा ग्लास।

पुलिस के अनुसार रजत विहार कॉलोनी बाग सेवनियां निवासी नारायण सिंह ठाकुर (52) भोपाल जिला न्यायालय में अपर लोक अभियोजक हैं। सोमवार दोपहर करीब 1 बजे वह पत्नी शिरोमणि और बेटे आदित्य प्रताप सिंह के साथ वैन्यू कार से नर्मदा जी की पूजा कर घर लौट रहे थे। बापू की कुटिया के सामने मिसरोद पहुंचते ही सिग्नल रेड हो गया। उन्होंने कार रोकी और सिग्नल खुलने का इंतजार करने लगे। इसी बीच एक साधु कार के पास पहुंचा। उसने गाली-गलौज शुरू कर दी। साधु बोला कि निकलने के लिए रोड नहीं छोड़ते हो। नारायण सिंह ठाकुर ने गालियां देने से मना किया। इस पर साधु ने कार के सामने वाले कांच पर त्रिशूल दे मारा। उसके बाद उसने ड्रायवर साइड आकर साइड वाले कांच में त्रिशूल मारा, जिससे कांच टूट गया। साधु के दोबारा वार करने पर नारायण ठाकुर ने अपने हाथ से वार रोका। उनके उनके दाहिने हाथ की हथेली में त्रिशूल गड़ गया और खून बहने लगा।

त्रिशूल से हमला करने वाला साधु कह रहा था कि कुछ कहा तो जान से खत्म कर देंगे। घटना को देखते ही कुछ लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और बीच-बचाव किया। लोगों को आता देख साधु वहां से भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन लोगों ने उसे दबोच लिया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और साधु को हिरासत में ले लिया। आरोपी साधु का नाम अरविंद चौधरी बताया जा रहा है। वह मूलरूप से रायसेन जिले का रहने वाला है और काफी समय पहले घर का त्याग कर दिया था।

## बाइक सवार भाइयों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित बालमपुर घाटी पर मंगलवार सुबह करीब चार बजे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार ममेरे भाइयों की बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों को गंभीर चोट आई थी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वहां एक युवक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके भाई को गंभीर चोट होने के कारण इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार राज वंशकार (21) मंगलवारा में रहता था और डिलीवरी ब्वॉय का काम करता था। विदिशा में उसके रिश्तेदार रहते हैं। रिश्तेदारी में शादी होने के कारण राज वंशकार अपने ममेरे भाई गौरव को लेकर बाइक से विदिशा गया था। विदिशा में शादी का कार्यक्रम निपटाने के बाद दोनों बाइक से भोपाल लौट रहे थे। बाइक राज वंशकार चला रहा था। मंगलवार सुबह करीब चार बजे के आसपास दोनों बालमपुर घाटी पर पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में राज को गंभीर चोट थी और उसकी मौत हो गई, जबकि गौरव का इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी रामबाबू चौधरी ने बताया कि टक्कर मारने वाला वाहन संभवतः कोई ट्रक या लोडिंग वाहन है।

## खबर संक्षेप

### कुष्ठ रोग से परेशान बुजुर्ग ने खाया जहर, मौत

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित जाटखेड़ी में एक बुजुर्ग ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। दरअसल, वह कुष्ठ रोग की बीमारी से परेशान था। वे कहते थे कि कुष्ठ रोग होने से परिजन और अन्य लोग उनसे घृणा करने लगे हैं। परिजन ने उन्हें कई बार समझाइश देने का प्रयास भी किया, लेकिन वह कुष्ठ रोग होने से परेशान हो गए थे। साथ ही बीपी और शुगर की भी समस्या हो गई थी। पुलिस के अनुसार राकेश विश्वास (59) जाटखेड़ी में रहते थे और पहले प्राइवेट जॉब करते थे। परिजन ने बताया कि मंगलवार सुबह उन्होंने जहर खा लिया। उल्टियां करने के बाद तबीयत बिगड़ने लगी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, वहां दोपहर करीब पौने 1 बजे उनकी मौत हो गई।

### आदि शंकराचार्य की जयंती पर पटवा ने किया नमन

**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को नव प्रकाश देने वाले



अद्वैत वेदांत के प्रणेता, चार मठों के स्थापक, जगद्गुरु आदि शंकराचार्यजी की जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने सनातन संस्कृति को नव चेतना दी, राष्ट्र को आध्यात्मिक एकसूत्रता का संदेश दिया और भारत की आत्मा को पुनः जागृत किया। उनका तेजस्वी जीवन, गहन चिंतन और धर्मस्थापना का संकल्प अनंत काल तक समाज को सत्य, ज्ञान और कर्तव्यपथ पर प्रेरित करता रहेगा।

### निगम ने शहर के कई क्षेत्रों से हटाए अतिक्रमण

**भोपाल।** नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने मंगलवार को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने की कार्वाई की। इस दौरान कस्तूरबा नगर में ग्रीन बेल्ट की भूमि पर बने छप्पर और पक्के निर्माण तोड़े। इसी तरह इंडस मुस्कान कॉलोनी में अवैध रूप से बने दो पिलन तोड़े। इसके अलावा कोलार निर्मलादेवी गेट, आलोक धाम, ललिता नगर, डीमार्ट, मंदाकिनी चौराहा, बंजारी, भरत नगर, शाहपुरा, माता मंदिर, नीलबड़, राहुल नगर, जवाहर चौक, सरस्तवती नगर, न्यू मार्केट, मिसरोद, चेतक ब्रिज कस्तूरबा नगर, अवधपुरी, रत्नागिरी आदि क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाए।

### मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र नागर ने दी श्रद्धांजलि



**औबेदुल्लागंज।** भाजयुमो जिला अध्यक्ष एवं भाजपा औबेदुल्लागंज मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र नागर ने मंडीदीप भाजपा के वरिष्ठ नेता विपिन भार्गव, दुर्गेश भार्गव, सुधीर भार्गव, अशोक भार्गव की माताजी एवं युवा मोर्चा मंडीदीप ग्रामीण के मंडल अध्यक्ष अतुल भार्गव की दादी स्व. छोटी बाईजी की तेहरवीं कार्यक्रम में सम्मिलित होकर दिवंगत पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1638 | | |
| दिन: | 690 | 52 | 480 |
| रात: | 670 | 34 | 239 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 378 | 84 | 347 |
| रात: | 367 | 64 | 220 |

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित राजीव नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का मामला

# बुजुर्ग महिला से पहले रुपए उधार मांगे, मना करने पर मजदूर ने कमरे में बंधक बनाकर की लूटपाट

## सिर पर पत्थर से किया हमला, कान की बाली खींचकर ले गया बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित राजीव नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में मंगलवार सुबह एक बदमाश ने घर में घुसकर बुजुर्ग महिला को बंधक बना लिया। उसने पहले उधार रुपए की मांग की। बुजुर्ग ने रुपए नहीं होने की बात कही तो आरोपी ने उनके सिर पर पत्थर से हमला कर दिया और कान की बाली खींचकर ले गया। घर में घुसकर लूटपाट की इस घटना में बुजुर्ग महिला के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि कान बुरी तरह से कटा है।

उनका हबीबगंज स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। सुबह तक पुलिस घटना से इंकार कर रही थी। शाम को आलाधिकारियों तक मामला पहुंचा और प्रकरण दर्ज कर लिया गया। लूटपाट करने वाला पड़ोस में बन रहे स्कूल की बिल्डिंग में मजदूरी करता है। अक्सर वह उनके घर पानी मांगने आता था। पुलिस के अनुसार शैल कुमारी मिश्रा पति स्वर्गीय देवेंद्र मिश्रा (65) राजीव नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी करोंद में रहती हैं। वह गृहणी है, जबकि पति एसएएफ में पदस्थ थे। उनका निधन हो चुका है। उनकी जगह बेटे को अनुकंपा नियुक्ति मिली है। बेटा पश्चिम बंगाल चुनाव ड्यूटी में गया है। घर में वह अकेली थीं। उन्होंने पुलिस को बताया कि पड़ोस में स्कूल की बिल्डिंग बन रही है। बिल्डिंग में मजदूर काम करते हैं। इसी बिल्डिंग में मंगल नामक मजदूर भी काम करता है। वह अक्सर पीने का पानी मांगने आता था। लिहाजा उससे थोड़ी बहुत बातचीत होने लगी। मंगल को पैसों की जरूरत थी। वह पैसे मांग रहा था। मंगलवार सुबह शैल कुमारी घर पर अकेली थी और चाय पी रही थी। इसी बीच मंगल उनके घर पहुंच गया और पैसे मांगने लगा। शैल कुमारी ने कहा कि उनके पास पैसे नहीं है। इस पर वह भड़क गया और मुंह दबाकर उन्हें अंदर अलमारी वाले कमरे में लेकर पहुंचा। उसने दौबारा शैल कुमारी से पैसों की मांग की। शैल कुमारी ने उसे कहा कि उसके पास पैसे नहीं है। इस पर मंगल भड़क गया और पत्थर से सिर पर हमला कर दिया। पत्थर सिर में लगने के बाद शैल कुमारी बेसुध हो गई। इस पर आरोपी ने उनके कान के टॉप्स खींच लिए और फरार हो गया।



### दूध देने आए युवक ने की मदद

*सिर में पत्थर लगने और कान के टॉप्स खींचने से बुजुर्ग शैलजा कुमारी बेसुध हो गई थी। करीब 9 बजे दूध वाला घर पहुंचा। उन्होंने दूध वाले को घटना की जानकारी दी। दूध वाले ने निशातपुरा इलाके में रहने वाली उनकी बेटी को बुलाया। बेटी मां को लेकर पास ही स्थित निजी अस्पताल ले गई। वहां प्राथमिक इलाज कराने के बाद हबीबगंज स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।*

### दोपहर तक पुलिस करती रही लूटपाट से इंकार

*घटना के संबंध में निशातपुरा पुलिस और थाना प्रभारी मनोज पटवा दोपहर तक इस तरह की कोई भी घटना होने से इंकार करते रहें। शाम को एसीपी ने लूटपाट की घटना स्वीकारी और एफआईआर होने की पुष्टि की। एसीपी अक्षय चौधरी ने बताया आरोपी मंगल के साथ काम करने वाले मजदूरों और ठेकेदारों से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद आरोपी के ठिकाने पर दबिश दी जाएगी।*

### स्कूटर सवार बदमाशों ने युवक का आईफोन झपटा

*हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित 6 नंबर मार्केट के पास स्कूटर सवार बदमाशों ने युवक का आईफोन झपट लिया। घटना गत 8 अप्रैल की रात पौने 9 बजे के आसपास की है। घटना की शिकायत युवक ने हबीबगंज पुलिस से की थी। पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात झपटमारों के खिलाफ झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल और मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक कर रही है। पुलिस के अनुसार यश वर्मा पिता महेन्द्र वर्मा (21) सर्वेंट क्वार्टर शिवाजी नगर में रहता है और प्राइवेट काम करता है। यश ने बताया कि गत 8 अप्रैल की रात करीब पौने 9 बजे वह घर से दूध का पैकेट लेने अंकुर खेल मैदान के सामने 6 नंबर मार्केट जा रहा था। इस दौरान आईफोन-16 पर किसी से बात कर रहा था। इसी दौरान नूतन कॉलेज की तरफ से एक स्कूटर पर आए अज्ञात बदमाशों में पीछे बैठे बदमाश ने उसके हाथ से आईफोन-16 झपट लिया। सबकुछ इतनी जल्दी में हुआ कि वह आईफोन झपटने वाले स्कूटर सवारों की स्कूटर का नंबर नहीं देख सका। थाने पहुंचने पर पुलिस ने बिल मांगा। बिल कालापीपल, शाजापुर स्थित घर में था। वह कालापीपल से बिल लेकर थाने पहुंचा। इसके बाद पुलिस ने सोमवार को अज्ञात झपटमारों के खिलाफ शिकायत दर्ज की।*

पुलिस ने घायल महिलाओं को भेजा अस्पताल

## अनियंत्रित होकर पलटी एंबुलेंस दो गर्भवती महिलाएं घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

गौहरगंज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार एंबुलेंस मुख्य चौराहे पर अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें दो गर्भवती महिलाएं थी। एंबुलेंस के पलटते ही चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची 112 के पुलिस कर्मियों ने घायल गर्भवती महिलाओं को शासकीय अस्पताल पहुंचाया। टीआई भरत सिंह प्रताप ने बताया कि पुलिस जांच में जुटी हुई है। यह दुर्घटना मुख्य चौराहे स्थित शुभम ज्वेलर्स विजय जैन की दुकान के सामने मंगलवार रात करीब 8 बजे अनियंत्रित होकर पलट गई। मंगलवार को दुकाने बंद थी, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित गांव कोटरा में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। सतलापुर थाने से आई मर्ग डायरी के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार राहुल लोवंशी (30) ग्राम कोटरा कोलार रोड कजलीखेड़ा का रहने वाला था और प्राइवेट काम करता था। तीन दिन पहले उसने घर में फांसी लगा ली थी। परिजन उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां उसकी मौत हो गई थी। अस्पताल ने इस मामले की सूचना सतलापुर थाने को दी थी।

समारोह में आए अतिथियों का किया स्वागत

## नवीन सत्संग हॉल का शुभारंभ, लच्छू माता के भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर में संत आसाराम बापू सत्संग कीर्तन मण्डली द्वारा गोलचक्का शिव मंदिर स्थित सत्संग हाल की नवीनकरण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह आसारामायण पाठ से हुई। उसके बाद लच्छू माता ने धार्मिक भजनों की प्रस्तुति पेश कर श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। इस धार्मिक माहौल में सभी भक्तगण भाव विभर हो गए।

इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चंदवानी ने सत्संग हाल के नवीनकरण की सभी भक्तों को बधाई देते हुए कहा यह सत्संग हाल बहुत पुराना हो गया था, यहां रोज धार्मिक आयोजन होते हैं। आश्रम के मीडिया प्रभारी हरीश मेहरचंदानी ने बताया कि सत्संग हाल में प्रतिदिन सुबह धुनी का आयोजन एवं शाम को महिलाओं का सत्संग होता है। योग वेदान्त सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष जयकिशन लालचंदानी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर पूज्य सिंधी पंचायत के महासचिव नन्द दादलानी, गुलाब जेठानी, माधव पारदासानी, ओम मंगतानी, किशोर लालवानी, प्रताप तेजवानी, हरीश वाधवानी, महेश प्रेमचंदानी, रवि संतानी, ईश्वर सभनानी ओम गिदवानी आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विवाह योजना के तहत 65 जोड़ों का होगा विवाह

## गोंड समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन कल, तैयारियों जोरों पर

*शासन द्वारा आर्थिक सहायता और उपहार भी प्रदान किए जाएंगे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

सरदार सिंह बरकरे, विनोद इरपाचे, भल्लवी सरपंच इकलबाड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह योजना के अंतर्गत गोंड समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 23 अप्रैल, गुरुवार को गोंड गुरुआ बाबा तारानगर में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में कुल 65 वर-वधू विवाह बंधन में बंधेंगे।

कार्यक्रम को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है और तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। आयोजन स्थल को सजाया जा रहा है तथा वर-वधुओं और उनके परिजनों की सुविधा के लिए आवश्यक तैयारी की जा रही है। सामूहिक विवाह के माध्यम से समाज में एकता, भाईचारा और सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देने का संदेश दिया जाएगा। आयोजकों के अनुसार मुख्यमंत्री विवाह योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को विवाह में सहयोग प्रदान करना है, ताकि वे बिना किसी आर्थिक बोझ के अपने बच्चों का विवाह कर सकें। इस योजना के तहत नवविवाहित जोड़ों को शासन द्वारा आर्थिक सहायता और उपहार भी प्रदान किए जाते हैं। समारोह में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग शामिल होंगे। आयोजन समिति ने सममेलन में अधिक से अधिक लोगों को पहुंच कर नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देने की अपील की है। इस सामूहिक विवाह के जरिए सामाजिक समरसता, पारंपरिक रीति-रिवाजों और सादगीपूर्ण जीवनशैली को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है।

अतिथियों ने वर-वधू को उपहार के साथ दिया आशीर्वाद

## नंदवंशी गवली यादव समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन, 28 जोड़ों ने लिए फेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नंदवंशी गवली यादव समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ, जिसमें 28 जोड़ों का विवाह विधि-विधान से संपन्न कराया गया। विधायक सुरेंद्र पटवा, जीतू नंदवंशी द्वारा वर-वधू को उपहार देकर शुभकामनाएं एवं बधाई दी। खंडवा, देवास, इंदौर जिले से आए हुए अतिथियों ने भी आशीर्वाद दिया।

जगन्नाथ यादव, सरवन गुरुजी, रामाधार यादव, जगदीश चंद्र गवली इंदौर, हरीश यादव, मनोज यादव, सामूहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष रामकिशोर नंदवंशी, कन्हैया लाल नंदवंशी, अवतार नंदवंशी, प्रेम नारायण नन्दवशी, देवी प्रसाद नंदवंशी, गुड्डू महोली, हरिनारायण डोब, बाबूलाल पटेल बिनेका, पदम, विमल, अनिल, सरपंच बिनेका, उवेस शिवराज सहित अन्य नन्दवशी गवली यादव समाज लोग उपस्थित रहे। सामूहिक विवाह सम्मेलन में बड़ी संख्या में परिवार के लोग भी मौजूद थे।


विनेता में आयोजित नंदवंशी गवली यादव समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर-वधू को उपहार देते जीतू नंदवंशी, इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### पटवा ने वर-वधुओं को दिया आशीर्वाद

भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के सुल्तानपुर में नंदवंशी समाज द्वारा आयोजित आदर्श विवाह सम्मेलन में विधायक सुरेंद्र पटवा ने दाम्पत्य जीवन की नवीन यात्रा प्रारंभ करने वाले सभी नव दंपति को आशीर्वाद और बधाई दी। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना कि है कि आपका वैवाहिक जीवन स्नेह, विश्वास, सामंजस्य और समृद्धि के उज्ज्वल रंगों से सदा आलोकित रहे। इस पुण्य एवं प्रेरणादायी आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने वाले समाज के सभी समर्पित आयोजकों के प्रति हृदय से कृतज्ञता, साधुवाद एवं अभिनंदन।

आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में सिविल सेवा समारोह- 2026 आयोजित

# देवास पुलिस की नवाचार पहल... पुलिस चौपाल को वर्ष 2025 के लिए सीएम एक्सीलेंस अवॉर्ड से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/देवास

मध्यप्रदेश की देवास पुलिस द्वारा संचालित सामुदायिक पुलिसिंग आधारित नवाचार पहल पुलिस चौपाल को वर्ष 2025 के लिए सीएम एक्सीलेंस (इनोवेशन) अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान आज 21 अप्रैल को आयोजित सिविल सेवा दिवस के अवसर पर आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही मुख्य सचिव अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा, अपर मुख्य सचिव (सामान्य प्रशासन विभाग), प्रशासन अकादमी के वरिष्ठ अधिकारी तथा विभिन्न सेवाओं के वरिष्ठ आईएएस, आईपीएस एवं आईएफएस अधिकारी उपस्थित रहे।

सीएम एक्सीलेंस अवार्ड के अंतर्गत विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट नवाचारों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में देवास पुलिस की पहल सामुदायिक पुलिसिंग को सशक्त बनाने के लिए पुलिस चौपाल अभियान को नागरिक सेवा प्रदाय, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सुशासन श्रेणी में चयनित किया गया। इस उपलब्धि के लिए पुलिस अधीक्षक देवास श्री पुनीत गेहलोत एवं प्रधान आरक्षक श्री शिवप्रताप सिंह सेंगर (क्रमांक 770) को संयुक्त रूप से 1 एक लाख रूपए की राशि, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। देवास पुलिस की ह्लपुलिस चौपालह्व पहल जन सहभागिता आधारित स्मार्ट पुलिसिंग का एक प्रभावी मॉडल है, जिसने न केवल अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं, बल्कि पुलिस एवं जनता के बीच विश्वास, समन्वय एवं सहभागिता को भी सुदृढ़ किया है।

### कर्मचारी संगठनों ने कहा: विधायक पर कार्रवाई नहीं हुई तो होगा आंदोलन

*भोपाल। शिवपुरी में एसडीओपी को कथित तौर पर दी गई धमकी को लेकर प्रदेशभर के अधिकारी-कर्मचारी संगठनों में आक्रोश बढ़ गया है। भाजपा विधायक प्रीतम लोधी के विवादित बयान के बाद तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने कड़ा विरोध जताते हुए इसे कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बताया है। संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने कहा कि मीडिया और सोशल मीडिया में सामने आए बयान कि '10 हजार लोगों को लेकर गोबर भर दूंगा, डैडी में दम है तो रोक लेना' से प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों में दहशत का माहौल बन गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की भाषा और व्यवहार से यह संदेश जा रहा है कि प्रदेश में कानून का डर कमजोर पड़ रहा है। तिवारी ने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि ही इस तरह के बयान देंगे, तो प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित होगी और कर्मचारियों का मनोबल टूटेगा। कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से मामले में हस्तक्षेप कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।*

सिंगरौली डकैती के बाद अलर्ट

## प्रदेशभर बैंकों का सिक्योरिटी ऑडिट कारने का एसपी को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिंगरौली में हुई बड़ी बैंक डकैती के बाद पूरे मध्यप्रदेश में पुलिस महकमा अलर्ट मोड़ में आ गया है। पुलिस मुख्यालय मध्य प्रदेश ने प्रदेशभर के सभी बैंकों का सिक्योरिटी ऑडिट कराने के निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत जांच करने को कहा गया है।

जानकारी के अनुसार, सिंगरौली जिले के बैढ़न स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में हुई डकैती में बदमाश करीब 5.5 करोड़ रुपए से अधिक का सोना और करीब 20 लाख रुपए नगद लूटकर फरार हो गए थे। इस घटना के बाद सामने आया कि बैंक की सुरक्षा व्यवस्था में कई गंभीर खामियां थीं।


पुलिस को सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचने में भी करीब 20 मिनट का समय लग गया, वहीं रास्ते में चैकिंग व्यवस्था भी कमजोर पाई गई, जिससे आरोपी आसानी से भागने में सफल रहे। घटना की गंभीरता को देखते हुए अब पूरे प्रदेश में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की जा रही है। पुलिस मुख्यालय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सिक्योरिटी ऑडिट के दौरान बैंक में तैनात सुरक्षा गार्डों की संख्या, उनकी ट्रेनिंग और हथियारों की उपलब्धता की जांच की जाए।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तमिलनाडु में किया रोड शो, अविनाशी विधानसभा में की जनसभा

# जनता का उत्साह बता रहा तमिलनाडु में विकास एवं सुशासन का कमल खिलेगाः सीएम डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को तमिलनाडु में एनडीए प्रत्याशी डॉ. प्रेम कुमार एवं केंद्रीय मंत्री व एनडीए प्रत्याशी डॉ. एल मुरूगन के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तमिलनाडु की बहनें नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाली कांग्रेस व डीएमके को सबक सिखाएं। तमिलनाडु की जनता का उत्साह बता रहा है कि यहां विकास व सुशासन का कमल खिलेगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर कांग्रेस और डीएमके पार्टी ने देशभर के साथ तमिलनाडु की बहनों का भी अधिकार छीना है।



तमिलनाडु में रोड शो करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व भाजपा प्रत्याशी।

### जनता पर डंडे बरसाने वाली सरकार को सबक सिखाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तमिलनाडु देश में मंदिरों की राजधानी है। जब भी कोई सनातन पर्व होता है, तमिलनाडु की डीएमके की भ्रष्टाचार में डूबी सरकार कर्फ्यू लगाकर हमारी धार्मिक यात्राओं में शामिल श्रद्धालुओं व आमजन पर डंडे बरसाती है। कांग्रेस और डीएमके इसलिए महिलाओं का विरोध कर रही हैं कि कहीं 'अम्मा' जे. जयललिता जैसा महिला नेतृत्व समाज की सेवा के लिए आगे न आने पाए। 'अम्मा' जे जयललिता महिलाओं के साथ हर समाज वर्ग के कल्णाण के लिए हमेशा संकल्पित थीं। कांग्रेस और डीएमके ऐसे राजनीतिक दल हैं जो गरीब परिवार की बेटियों को राजनीति में सक्रिय नहीं होने देना चाहते हैं।

### एनडीए में सामान्य कार्यकर्ता मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री बनते हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस और डीएमके परिवारवादी पार्टियां हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए में सामान्य कार्यकर्ता मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचते हैं। एनडीए सरकारों द्वारा गरीब, निर्धन, सामान्य और हर समाज वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा है। आप सभी देवतुल्य जनता एनडीए प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाकर तमिलनाडु में एनडीए की सरकार बनाएं।

### उमड़ा जनसमूह, सीएम का पुष्पवर्षा से स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नमक्कल जिले के राशिपुरम एवं तिरूपुर जिले के अविनाशी विधानसभा में रोड शो कर एनडीए प्रत्याशियों के लिए जनता का आशीर्वाद मांगा। मुख्यमंत्री के रोड शो में हजारों की संख्या में जनसमूह उमड़ा पड़ा। सड़क के दोनों ओर हजारों की संख्या में लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

### नारी सम्मान का समर्थन

तमिलनाडु विधानसभा का यह चुनाव परिवारवाद से खिलाफ और नारी सम्मान के समर्थन का है। जनता का उत्साह बता रहा है कि तमिलनाडु परिवर्तन के लिए तैयार है। भाजपा तमिलनाडु में ऐतिहासिक बहुमत से सरकार बनाएगी। कांग्रेस और डीएमके ने तमिलनाडु की बहनों के विकास का रास्ता भी रोका है। अब तमिलनाडु की बहनें उन्हें सबक खिाएगी।

## खबर संक्षेप



### तिवारी बने मानवाधिकार संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष

**भोपाल।** मानवाधिकार सुरक्षा संरक्षण ऑर्गेनाइजेशन के भोपाल स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में मंगलवार को महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई। संगठन द्वारा राहुल तिवारी को मध्य प्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नियुक्ति पत्र डॉ. श्रीकांत अवस्थी (राष्ट्रीय सचिव), राकेश चतुर्वेदी (प्रदेश संरक्षक), अरुण द्विवेदी (प्रदेश अध्यक्ष), विकास लोधी (जिला उपाध्यक्ष) एवं राजू बगद्रे द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया। तिवारी की इस उपलब्धि पर ब्राह्मण समाज ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### नेशनल एग्जिट टेस्ट 2030 से कराने की मांग

**भोपाल।** भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) ने आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी समेत सत्र 2021-22 में प्रवेशित आयुष छात्रों के लिए नेशनल एग्जिट टेस्ट (नेक्स्ट) मार्च 2027 माह में कराने का पत्र जारी किया है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन ने यह राष्ट्रीय परीक्षा वर्ष 2030 से कराने की मांग की है। संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि आयुष छात्रों को यूजी डिग्री के पश्चात नेशनल एग्जिट टेस्ट पास करने के पश्चात ही प्रैक्टिस अथवा पीजी में प्रवेश के लिए योग्य माने जाएं। बिना एग्जिट टेस्ट पास किए बगैर इनका भविष्य बाधित होगा। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि ये छात्र पहले ही नीट परीक्षा, यूजी डिग्री के दौरान तीन प्रॉफ में तीन परीक्षाएं पास करेंगे। फिर नेक्स्ट परीक्षा का तुरंत दबाव उचित नहीं कहा जा सकता है। बहुत बड़ी विडंबना है कि एमबीबीएस मेडिकल छात्रों के लिए इसी तरह का नेक्स्ट एग्जाम फिलहॉल स्थगित है। देशभर के 2021-22 बैच के 50 हजार से ज्यादा आयुष छात्र प्रभावित हो रहे हैं।

### भारतीय विदेश सेवा के अफसरों की जैन से भेंट

**भोपाल।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मुख्य सचिव ने ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के दौरान 18 नीतियों में हुए सकारात्मक बदलाव और उससे बदले औद्योगिक परिवेश की जानकारी मंत्रालय में भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों के साथ चर्चा में दी। अधिकारियों का यह दल अध्ययन के लिए मध्यप्रदेश आया हैं।

## सिविल सर्विस डे पर प्रशासन अकादमी में मुख्य सचिव ने अफसरों को दी सलाह

# नियम अपनी जगह हैं, उन नियमों के पीछे छिपी आम जनता की जरूरतों को समझना सबसे ज्यादा जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि नियम अपनी जगह हैं, लेकिन उन नियमों के पीछे छिपे आम जनता के चेहरे और उनकी जरूरतों को समझना सबसे ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि अक्सर प्रशासन में यह विरोधाभास होता है कि हम 'रूल बेस्ड' होकर काम करते हैं। फाइल के पीछे के व्यक्ति को नजरअंदाज कर देते हैं।

उन्होंने कहा कि जब नागरिक अपनी महत्वपूर्ण आवश्यकता लेकर आता है, तब हमारे 'इनोवेटिव हेड' की भूमिका शुरू होती है। अफसर ब्लाइंडली रूल फॉलो न करें। मुख्यमंत्री जैन मंगलवार को सिविल सर्विस डे के मौके पर प्रशासन अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद थे। मुख्य सचिव जैन ने कहा कि यदि कोई नियम समय के साथ अपनी उपयोगिता खो चुका है, या जनता के लिए परेशानी का सबब बन रहा है, तो हमें उसे बदलने के लिए पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा रोल एक 'फैसिलिटेटर' का होना चाहिए। प्रशासन को 360 डिग्री के नजरिए से चीजों को समझना होगा। विशेषकर जो युवा अधिकारी फील्ड में हैं, उन्हें रोजाना ऐसी विसंगतियां दिखती हैं।





कार्यक्रम में अधिकारियों को सम्मानित करते मंत्री काश्यप और मुख्य सचिव अनुराग जैन।

### मप्र पोर्टल पर सबसे ज्यादा अपलोड करने वाला राज्य बना

मुख्य सचिव ने कहा कि मप्र आज देश में सबसे ज्यादा पोर्टल पर डालने वाला राज्य बन गया है, जहां सभी 55 विभागों के हर अफसर की जिम्मेदारी और उसके लिए जरूरी ट्रेनिंग को मैप किया है। प्रशासनिक मूल्यों पर बात करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि पॉलिसी एडमिनिस्ट्रेशन में 'फेयरनेस' हमारी कोर वैल्यू होनी चाहिए। बिना एथिक्स और डेमोक्रेटिक गवर्नेंस के पब्लिक सर्विस की कल्पना नहीं की जा सकती। हर अधिकारी के हर एक्शन में निष्पक्षता अनिवार्य रूप से झलकनी चाहिए।

### मंत्री ने सुनाया पूर्व मुख्य सचिव के चुनावी चंदे का हिसाब देने का किस्सा

प्रभारी मंत्री काश्यप ने पूर्व मुख्य सचिव सुशील चंद्र वर्मा से जुड़ा एक संस्मरण सुनाया। उन्होंने बताया कि जब वे स्वयं एक उद्योगपति थे, दो करोड़ की इंडस्ट्री लगा रहे थे, तब तत्कालीन मुख्य सचिव वर्मा ने व्यक्तिगत रुचि लेकर जमीनी स्तर पर छोटी-छोटी बाधाओं को दूर किया था। किस्सा और भी रोचक तब हुआ जब रिटायरमेंट के बाद वर्मा ने चुनाव लड़ा। काश्यप ने बताया कि वे उनके पास गए और शगुन के तौर पर 11 हजार रुपए दिए। चुनाव जीतने के बाद जब वे बधाई देने पहुंचे, तो पूर्व मुख्य सचिव ने अपने सहयोगी से लिफाफा मंगवाया। उसमें से बचे हुए करीब 2700 रुपए काश्यप को वापस कर दिए। सिर्फ पैसे ही नहीं, बल्कि वर्मा जी ने एक कागज का पुर्जा भी दिया जिसमें पाई-पाई का हिसाब था कि कितनी बार रिक्शे के पैसे दिए और कितने खर्च हुए।

### आज के बदलते परिवेश में बदलाव की आवश्यकता

मुख्य सचिव ने कहा कि ऐसे में सिस्टम को यह समझने की जरूरत है कि जब वह नियम बना था, तब शायद वह सही था, लेकिन आज के बदलते परिवेश में उसमें बदलाव की आवश्यकता है। मुख्य सचिव ने आगाह किया कि पॉलिसी लेवल पर काम करते समय हमें शॉर्टकट से बचना चाहिए, क्योंकि आज का छोटा रास्ता भविष्य में बड़ी मुश्किलें पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि हर कर्मचारी पोर्टल पर दर्ज करें। उन्होंने उस प्रचलित अवधारणा को तोड़ने का संदेश दिया, जिसमें सिविल सर्विस डे को केवल उच्च नौकरशाही से जोड़कर देखा जाता है। यह दिन केवल आईएएस अफसरों का नहीं है, बल्कि मप्र सरकार के पेरोल पर मौजूद उन सवा सात लाख सरकारी कर्मचारियों और आईगॉट (आईगॉट) पोर्टल पर दर्ज लाखों अन्य कर्मियों का है, जो अंतिम छोर पर खड़े नागरिक की सेवा कर रहे हैं।

### नवाचार हर बार उपयोगी नहीं होता

भोपाल के प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप ने नवाचार (इनोवेशन) की होड़ के बीच एक नया नजरिया पेश किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में नवाचार से भी ज्यादा महत्वपूर्ण हमारे वर्तमान कार्यों की गुणवत्ता और उनकी निरंतरता है। 'नवाचार हर बार उपयोगी नहीं होते, बल्कि वे नियम और व्यवस्थाएं ही सबसे ज्यादा हितकारी हैं जो जनता के लिए नियमितता बनाए रखें।' उन्होंने एक उदाहरण देते हुए समझाया कि किसी भी अच्छी सेवा या अभियान को सात दिन के लिए जोश के साथ चलाना आसान है, लेकिन उस गुणवत्ता को साल भर और निरंतर बनाए रखना ही असली चुनौती और लोक सेवा की सफलता है।



## प्रेम, शांति और विश्व बंधुत्व का देगा संदेश

# पारिवारिक संस्कृति, सद्भावना रथ को मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

**एक वर्ष तक चलेगा जन जागरण अभियान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा में ब्रह्माकुमारी संस्थान की ओर से संचालित किए जा रहे पारिवारिक संस्कृति व प्रेम, शांति एवं सद्भावना रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान समाज में प्रेम, शांति और भाईचारे की भावना को सशक्त करेगा तथा प्रदेश में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। प्रेम, शांति और विश्व बंधुत्व का संदेश लेकर गांव-गांव तक भ्रमण करने वाले रथ से एकता, प्रेम, सद्भावना व नशामुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजागृति रथ में स्थापित 12 ज्योतिर्लिंगों के दिव्य स्वरूपों की पूजा-अर्चना की। रीवा के राजनिवास सर्किट हाउस में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने जन जागरण अभियान की प्रशंसा की।

### विवाह समारोह में शामिल हुए सीएम



सीएम डॉ.मोहन यादव ने लखनऊ में पूर्व मंत्री उप्र और प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह के परिवार में हुए विवाह समारोह में पहुंचकर नवदंपति को बधाई दी।

## वैश्विक पहचान बना रहा संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क

# फिलीपींस के प्रतिनिधिमंडल ने ग्लोबल स्किल पार्क के कौशल मॉडल को समझा

**युवाओं को रोजगार से जोड़ने में मप्र का स्किलिंग इको सिस्टम बना मिसाल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में मप्र के कौशल विकास मॉडल की व्यापक और प्रभावी प्रस्तुति उस समय देखने को मिली, जब फिलीपींस की तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास प्राधिकरण के 24 सदस्यीय उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने संस्थान का विस्तृत भ्रमण कर इसकी कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण व्यवस्था और उद्योग-आधारित दृष्टिकोण को गहराई से समझा।

यह दौरा प्रदेश में विकसित हो रहे कौशल तंत्र की वैश्विक स्वीकार्यता और बढ़ती विश्वसनीयता का संकेत बना। कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिनिधिमंडल और अधिकारियों के बीच सार्थक संवाद हुआ। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर सत्र किया गया।



फिलीपींस के 24 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने संस्थान का भ्रमण किया।

### लीडरशिप मास्टर क्लास में उत्कृष्ट प्रदर्शन

लीडरशिप मास्टर क्लास में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र एवं प्रोत्साहन वाउचर प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में अंकित प्रजापति को इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने सिटी परिसर में प्रिसिजन इंजीनियरिंग से संबंधित सीएनसी एवं पारंपरिक प्रयोगशालाओं का गहन अवलोकन किया।

### वैकल्पिक पाठ्यक्रमों की जानकारी साझा की

संवाद सत्र में प्रशिक्षण प्रक्रियाओं, पाठ्यक्रम संरचना, उद्योग सहभागिता और प्लेसमेंट व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई।

## कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री रागिनी ने केंद्र सरकार, भाजपा पर साधा निशाना

# महिला आरक्षण का बिल नहीं गिरा है, देश को खंडित करने जो विधेयक लाया गया, वो गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री रागिनी नायक ने कहा कि 'आधी आबादी' आरक्षण का अपना पूरा हक़ केंद्र सरकार से ले कर रहेगी। कांग्रेस पार्टी महिलाओं को 33% आरक्षण दिलवा कर रहेंगी।

यही नहीं दलित समाज से, आदिवासी समाज से, पिछड़े वर्ग से आई अपनी बहनों को भी आरक्षण के अधिकार से वंचित नहीं होने देंगे। पीसीसी में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेस में रागिनी ने कहा कि देश को विभाजित करने के केंद्र सरकार के खतरनाक मनसूबों पर विपक्ष की एकता ने पानी फेर दिया।



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करती रागिनी और कांग्रेस पदाधिकारी।

### 543 सीटों में महिलाओं को आरक्षण दिया जाएः रागिनी

*नायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक मौका और है आपके पास। कांग्रेस की ये मांग स्वीकार कीजिए कि 543 सीटों में ही महिलाओं को आरक्षण दिया जाए। आने वाले मानसून सत्र में ये कानून लागू हो। पिछड़े वर्ग की महिलाओं को भी 1/3 हिस्सेदारी मिले। कांग्रेस आपको पूर्ण समर्थन देगी। लेकिन यदि समझते हैं कि जनता की आंखों में महिला आरक्षण को नाम की धूल झोंक कर, विभाजनकारी परिसीमन करवा लेंगे, तो गलतफ़हमी दूर कर लीजिए।*

## पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा के पत्र और भाजपा की नीतियों, मंशा और कार्यप्रणाली पर खड़े किए सवाल

# सच्चाई दबाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दर्ज किया प्रकरणः पटवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के कथित पत्र और उससे जुड़े घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा की नीतियों, मंशा और कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। पटवारी ने कहा कि वसुंधरा राजे द्वारा लिखा गया पत्र केवल एक राजनीतिक बयान नहीं, बल्कि एक ऐसा दस्तावेज़ है, जो महिला आरक्षण की आड़ में संभावित अवैध परिसीमन जैसे गंभीर मुद्दे की ओर संकेत करता है। ऐसे में इस पूरे मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच अत्यंत आवश्यक है।



### राजे ने किसी दबाव में तो नहीं किया खंडनः जीतू

जीतू ने कहा कि 15 तारीख को लिखा गया यह पत्र जब सार्वजनिक हुआ, तो मात्र वसुंधरा राजे ने उसका खंडन कर दिया। क्या यह खंडन स्वेच्छा से किया गया या फिर किसी दबाव में आकर अपने ही शब्दों से पीछे हटने का निर्णय लिया गया? पटवारी ने कहा कि यदि पत्र में लिखी गई बातें निराधार हैं, तो भाजपा को सामने आकर स्पष्ट तथ्यों के साथ उसका खंडन करना चाहिए। लेकिन यदि उसमें सच्चाई का अंश भी है, तो उसे दबाने या उससे ध्यान भटकाने के बजाय उस पर गंभीरता से विचार और कार्रवाई की जानी चाहिए।

### अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला

पटवारी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर की गई एफआईआर को लोकतंत्र के लिए चिंताजनक बताते हुए कहा कि केवल पत्र को सोशल मीडिया पर साझा करने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को निशाना बनाना भाजपा सरकार की असहिष्णुता और डर को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई न केवल पक्षपातपूर्ण है, बल्कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी सीधा हमला है। क्या कानून का उपयोग अब राजनीतिक प्रतिशोध के औज़ार के रूप में किया जा रहा है?

### कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता एकजुट

पटवारी ने कहा कि अगर उस पत्र में लिखी गई बातें गलत हैं, तो सरकार को चाहिए कि वह बिना भेदभाव के हर उस व्यक्ति पर केस दर्ज करे, जिसने उसे साझा किया है। लेकिन यदि उसमें सच्चाई है, तो उसे दबाने का प्रयास बंद किया जाए और देश की जनता के सामने पूरी पारदर्शिता के साथ तथ्य रखे जाएं। पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता इस मुद्दे पर एकजुट है और सच्चाई के साथ खड़ा है। कांग्रेस पार्टी न तो डरने वाली है और न ही झुकने वाली है। सत्य और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा। न डरेंगे, न झुकेंगे।

### कांग्रेस आईटी सेल कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी का मामला पहुंचा हाईकोर्ट

*जबलपुर। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के कथित पत्र को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले में मप्र कांग्रेस आईटी सेल के 3 कार्यकर्ताओं को भोपाल की साइबर पुलिस ने हिरासत में लिया है। इनमें निखिल, बिलाल और इनाम शामिल हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विवेक तन्खा ने इसे गैरकानूनी बताया है। अब यह मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गई है। मामले पर बुधवार को सुनवाई होगी। दरअसल, बीते दिनों भाजपा की एक नेता का पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसे कांग्रेस की आईटी सेल के कार्यकर्ताओं ने साझा किया था। इसे फेक पत्र बताया जा रहा है। इस मामले में तीन कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विवेक तन्खा ने कहा कि पिछले 30 घंटों से अधिक समय से भोपाल की साइबर पुलिस ने प्रदेश कांग्रेस की आईटी सेल के तीन कार्यकर्ताओं को बिना किसी वाजिब कारण के हिरासत में रखा है। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्य और निराशा का विषय है। उन्होंने कहा है कि वसुंधरा राजे की तथाकथित ट्वीट लाखों लोगों ने देखी है और शेयर की है।*

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की बैठक, निर्माणाधीन जिला कार्यालयों पर हुई चर्चा

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक की।

इस बैठक में 19 निर्माणाधीन जिला कार्यालयों को लेकर जिला अध्यक्षों एवं जिला कार्यालय निर्माण समिति के सदस्यों के सदस्यों से साथ बैठक हुई।

बैठक में निर्माण कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बरुआ, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, टोली सदस्य गौरव गर्ग एवं अनंत मुकाती उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष....

### नर्मदापुरम, खजुराहो, नौगांव...

कमी आई। भोपाल में 4.4 डिग्री गिरकर 23.2 डिग्री रहा। यह नॉर्मल पारा है। प्रदेश में मौसम साफ होने के साथ ही हवाएं बदलने से अब गर्मी में तेजी से बढ़त होगी। पूर्वी और उत्तर पूर्वी हिस्से ज्यादा तपेंगे। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार को तापमान में बढ़त के साथ कुछ जगह बादल-बौछारें पड़ेंगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश से ट्रफ गुजर रही है, जिससे कुछ जिलों में मौसम मामूली बदला रहेगा। शेष प्रदेश में गर्मी तेजी से बढ़ेगी। अब लू का असर फिर से जोर पकड़ेगा।

### शांति वार्ता पर दोनों ...

पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि डिप्लोमेसी और बातचीत को एक और मौका दिया जाना चाहिए।

### ईरान की घरेलू ...

भी संचालित की जाएगी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब हालात धीरे-धीरे सामान्य करने की कोशिश की जा रही है और देश में हवाई सेवाओं को चरणबद्ध तरीके से बहाल किया जा रहा है।

### 10 क्विंटल फूलों ...

की डोली सुबह 10 बजे चोपता से तुंगनाथ धाम पहुंचेगी। उधर, बदरीनाथ धाम के कपाट खोलने की प्रक्रिया के तहत तेल कलश यात्रा के साथ आदि शंकराचार्य की गद्दी मंगलवार को योग-ध्यान बदरी मंदिर पांडुकेश्वर पहुंच गई।

### फोटो-वीडियो और ....

खींचना, वीडियो बनाना और सोशल मीडिया के लिए रील बनाने पर सख्त मनाही है। ऐसा करनेवालों को दंडित किया जाएगा।

### मप्र विधानसभा का ....

वक्ताओं की सूची तैयार की जा रही है। इसमें ज्यादातर वक्ता महिला विधायक होंगी। विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने 'हरिभूमि' को बताया कि राज्यपाल के अनुमोदन के बाद विशेष सत्र को लेकर मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस विशेष सत्र में नारी शक्ति-वंदन, महिलाओं के सर्वांगीण विकास एवं सशक्तिकरण विषय पर गहन चर्चा होगी। उधर, इस सत्र को लेकर जिस तरह से तैयारियां चल रही हैं, दोनों प्रमुख पार्टियों के बीच टकराव के आसार बन गए हैं। भाजपा पहली बार सीधे तौर पर प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित कराएगी। जबकि सत्र में कांग्रेस भी पूरी ताकत के साथ चर्चा में इसका विरोध करेगी। एक दिनी सत्र में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के भी आसार बन रहे हैं।

### पत्नी-बच्चों का ....

बाध्यता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के बीच दिए गए मेंटेंनेंस को लेकर यह आदेश आया है। हाईकोर्ट में जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस विवेक सरन की डिविजन बेंच ने कहा कि एक बार जब कोई पुरुष किसी महिला से शादी कर लेता है तो कानून के तहत उसका भरण-पोषण करना उसकी बाध्यता हो जाती है। अदालत ने अपीलकर्ता तेज बहादुर मौर्य की अपील खारिज कर दी। मौर्य ने फैमिली कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें वैवाहिक विवाद लंबित रहने के दौरान पत्नी को भरण-पोषण का भत्ता देने का निर्देश दिया गया था।

### सूदखोरों से परेशान ...

झांसा दिया गया लेकिन बाद में 10 से 20 प्रतिशत तक सूद वसूला जाने लगा। पीड़िता के अनुसार परिवार ने करीब 10 लाख रुपए उधार लिए थे लेकिन अब तक 60 लाख रुपए तक वसूले जा चुके हैं फिर भी कर्ज खत्म नहीं हुआ। लगातार मानसिक दबाव और धमकियों से परेशान होकर रुद्रप्रताप ने आत्महत्या का प्रयास किया। सुसाइड नोट लिखने के बाद उन्होंने कीटनाशक पी लिया। फिलहाल वे भोपाल के एक अस्पताल में भर्ती हैं और वहां उनका इलाज चल रहा है। ज्योति बेस ने कलेक्टर, एसपी, एसडीएम, तहसीलदार और कोतवाली थाने सहित कई स्तरों पर शिकायत की। उन्होंने पुलिस को सबूत भी सौंपे लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान महिला ने कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार के सामने आम के पेड़ पर रस्सी डालकर फांसी लगाने की कोशिश की। थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने बताया कि महिला का आवेदन मिला है और जांच जारी है।

**महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास**

सागर के कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में पहुंची एक महिला ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। महिला का आरोप है कि सागर में रहने वाला एक व्यक्ति उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ लाया। बिहार के मंदिर में ले जाकर शादी की। वर्ष 2017 से 2024 तक एक साथ पति-पत्नी की तरह रहे। इस दौरान उक्त व्यक्ति ने मेरी नौकरी छुड़वा दी। आर्थिक शोषण किया। लेकिन बाद में उक्त व्यक्ति ने शादी से इनकार कर दिया।

### रिश्वत लेते 3...

ने आरोपी जयदेव गौतम को उनके शासकीय निवास से 1.50 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। जबकि टीके जैन को कार्यालय परिसर के पोर्च के नीचे से 1 लाख रुपए लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी अंशु दुबे ने भी 1 लाख रुपए की मांग की थी, लेकिन कम राशि उपलब्ध होने के कारण उसने रकम नहीं ली। इस प्रकार कुल 2.50 लाख रुपए की राशि जब्त की गई है। पटेल इंटरप्राइजेस संचालक राजपाल सिंह पंवार एक शासकीय ठेकेदार हैं। वे धार के निवासी हैं और वर्ष 2023 में उनकी फर्म ने मैथवाड़ा फोरलेन पहुंच मार्ग का कार्य 4.73 करोड़ रुपए में लिया था, जिसे 4.51 करोड़ रुपए में पूरा किया गया। अंतिम बिल भुगतान के बदले अधिकारियों ने 3.50 लाख रुपए की रिश्वत मांगने की शिकायत लोकायुक्त कार्यालय इंदौर में की थी। आरोपियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2018 की धारा 7 एवं भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 61(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई जारी है।

### बारातियों से भरी ....

लोगों की मदद से घायलों को तुरंत जुलवानिया के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान दो और लोगों की मौत हो गई। दो घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल बड़वानी रेफर किया गया है। सभी यात्री राजपुर क्षेत्र के पास से बारात में शामिल होने आए थे। डीजल खत्म होने के कारण वे जुलवानिया की ओर गए थे और लौटते समय खरगोन की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

### आईपीएस एसोसिएशन मिलेगी ...

भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। एसोसिएशन के पदाधिकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलकर विधायक के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के लिए अनुरोध करेंगे। माना जा रहा है कि इस मामले में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने भी लोधी को तलब कर लिया है। पार्टी भी उनके खिलाफ कोई एक्शन ले सकती है। बुधवार को संभवतः सीएम से आईपीएस एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल मिल सकता है।

### सिविल सर्विस डे ...

लोकतांत्रिक व्यवस्था में स्वीकार्य नहीं है। यह प्रशासनिक तंत्र की निष्पक्षता को आहत करती है। मंगलवार को सिविल सर्विस डे है, ऐसे में दुर्भाग्य से सिविल सेवा के अधिकारी के साथ ऐसा किया गया, इस व्यवहार के संबंध में नोट लिखना पड़ रहा है।

### अधिकारी व परिवार ...

आपत्तिजनक है। इससे पूरे पुलिस व प्रशासनिक तंत्र की गरिमा प्रभावित होती है। एसोसिएशन ने इस पर चिंता जताते हुए कहा कि इस तरह की घटना अधिकारियों के मनोबल को कमजोर करती है। जब जनप्रतिनिधि सार्वजनिक मंच से इस तरह की टिप्पणियां करते हैं, तो इससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर नकारात्मक असर पड़ता है।

## स्व.अरविंद चतुर्वेदी स्मृति क्रिकेट 1 मई से

**भोपाल।** राजधानी के ओल्ड कैंपियन मैदान पर एक मई से स्वर्गीय अरविंद चतुर्वेदी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता खेली जाएगी। मंगलवार को 2 अलग अलग स्थानों में चाय पर चर्चा हुई जिसमें रिलायंस ग्रुप के एमडी मप्र फरहान अंसारी, बदर आलम, माजिद डीआरएम, जफर शेर खान और ओल्ड फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब के याकूब हसन, रियाज, राजेश और मोनू बच्चानी उपस्थित थे। टूर्नामेंट के लिए स्पोर्ट्स लवर्स को 1 मई को आमंत्रित किया गया।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं MURTAZA SAIFY S/o Hakimuddin निवासी- 60, जुमराती रोड हैदरी मस्जिद के सामने अलीगंज भोपाल (म.प्र.) 462001. पूर्व में मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम MURTUZA SAIFY दर्ज है। जिसे बदलकर MURTAZA SAIFY कर दिया गया है। भविष्य में मुझे मेरे सभी सरकारी व गैर सरकारी दस्तावेजों में MURTAZA SAIFY जाना व पहचान जाए।

### कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर

AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE

इंदिरा गांधी मार्ग, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर, (म.प्र.) पिन-482001

Phone No. 0761-2621541
E-mail:- cepwdcentral@nic.in

निविदा सूचना क्रमांक-01/सा/2026-27 जबलपुर, दिनांक 16.04.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला/ लो.नि.वि. संभाग | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि रू. (लाख में) | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र राशि रू. | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_ PWDRB _500866_1 | नरसिंहपुर | गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत सिहोरा से मेहगवां मार्ग लं. 7.00 कि.मी. का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित। | चतुर्थ | 726.52 लाख | 7,27,000/- | 20,000/- | 07 माह वर्षाऋतु सहित |

टीप:- निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 04.05.2026 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

जी - 11864/26 स्वच्छता ही सेवा है

मुख्य अभियंता, लो.नि.वि.
जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर

### सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक जिला अशोकनगर (म.प्र.)

Email ID-csurgeonashmp @nic.in

क्र./ई-निविदा/2026/4545 अशोकनगर, दिनांक 17/4/26

**ई-निविदा आमंत्रण**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 से तीन वर्ष हेतु जिला चिकित्सालय अशोकनगर में जलपान गृह की व्यवस्था किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र में संबंधित मम्पूर्ण जानकारी विभागीय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर मे निर्धारित राशि रुपये 1000/- ऑनलाईन जमा कर डाउनलोड की जा सकती है। निविदा संबंधी तिथियों का विवरण निम्नानुसार हैः-

| No. | Particular | Dated |
|---|---|---|
| 01 | Date of Publication | 23-4-2026 TO 05.30 PM |
| 02 | EMD Online | 50,000/- |
| 02 | Online Purchase of Tender Start Date | 24-4-2026 TO 10.30 AM |
| 03 | Online Purchase of Tender End Date | 20-5-2026 TO 05.30 PM |
| 04 | Online Bid Submission Start Date | 24-4-2026 TO 10.30 AM |
| 05 | Online Bid Submission End Date | 20-5-2026 TO 05.30 PM |
| 06 | Tender Document Fee (Non refundable) | 1000/- |
| 07 | Mandatory Submission Open Date | 25-5-2026 TO 03.00 PM |
| 09 | Financial Bid Open Date | Financial bid opening date decided by tender committee after Evaluation of technical bid. Its notice not published In any news paper or other then, only upload in E-Tendering website https://mptenders.gov.in |

नोट :-
01. निविदा से संबंधित समस्त नियम एवं शर्ते https://mptenders.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।
02. निविदा में कोई भी संशोधन होता है तो अलग से समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित नहीं किया जावेगा विभाग की टेण्डर वेबसाईड पर अपलोड कर दिया जावेगा

जी- 11884/26 स्वच्छता ही सेवा

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला - अशोकनगर (म.प्र.)

### कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, पिपरिया जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)

ईमेल आईडी - awmpiphos@nic.in

क्रमांक/मंडी/निर्माण/2026-27/40 पिपरिया, दिनांक : 18.04.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा कृषि उपज मण्डी समिति पिपरिया में क्लीनिंग, ग्रेडिंग प्लांट जो जीर्ण शीर्ण हालत में है के विनिष्टीकरण (डिस्मेंटलिंग) हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म/संस्था/ठेकेदारों से लम सम आधार पर निविदाएं जो कि अपसेट वैल्यू से अधिक हों पर सिस्टम निविदा क्रमांक 2026_MPSAM_501638_1 के अंतर्गत ऑनलाइन निविदाएं **दिनांक 16.05.2026 को सायं 5:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https//www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.gov.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

**नोट :-** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/125419/2026 सचिव








हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/-
साइज (चौडाई) 12X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644








### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए ऊर्जा और प्रगति से भरा रहेगा। करियर में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जहां आपका नेतृत्व कौशल चमकेगा।

**वृष** — आज स्थिरता और संतुलन का दिन रहेगा। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें, अनावश्यक खर्च से बचें। बातचीत से समस्याएं हल होंगी।

**मिथुन** — आज अवसरों और रचनात्मकता से भरा दिन है। संचार कौशल बढ़ेगा, नए विचारों से करियर में तरक्की संभव। उत्साह बनाए रखें।

**कर्क** — आज भावनात्मक संतुलन और आत्म-निरीक्षण का दिन रहेगा। परिवार में खुशियां रहेंगी, लेकिन कार्यस्थल पर दबाव हो सकता है।

**सिंह** — आज ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरा दिन है। करियर में सफलता के नए अवसर मिल सकते हैं, नेतृत्व क्षमता चमकेगी। परिवार में सुख-शांति रहेगी।

**कन्या** — आज व्यावहारिकता और मेहनत का दिन रहेगा। कार्यस्थल पर पुराने काम पूरे होंगे, लेकिन नई योजनाओं में सावधानी बरतें।

**तुला** — आज संतुलन और रिश्तों पर फोकस रहेगा। प्रेम और वैवाहिक जीवन में गहराई आएगी, लेकिन छोटी बातों पर ध्यान दें। करियर में टीम वर्क फायदेमंद होगा।

**वृश्चिक** — आज गहनता और परिवर्तन का दिन है। करियर में चुनौतियां आएंगी, लेकिन मेहनत से सफलता मिलेगी। परिवार में भावनात्मक मुद्दे हल होंगे।

**धनु** — आज साहस और नई शुरुआत का दिन रहेगा। यात्रा या शिक्षा से जुड़े काम फायदेमंद होंगे। करियर में प्रगति संभव। परिवार में खुशियां रहेंगी।

**मकर** — आज अनुशासन और मेहनत का दिन है। करियर में स्थिरता रहेगी, लेकिन नई योजनाओं में देरी हो सकती है। परिवार में शांति बनी रहेगी।

**कुंभ** — आज नवीन विचारों और सामाजिक गतिविधियों का दिन रहेगा। दोस्तों और नेटवर्क से फायदा हो सकता है। करियर में रचनात्मकता दिखाएं।

**मीन** — आज आध्यात्मिकता और आत्म-चिंतन का दिन है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें, योग-ध्यान लाभकारी रहेगा। करियर में छोटे बदलाव फायदेमंद।

## शब्द पहेली - 6203



**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा -2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

**शब्द पहेली -6202 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6213

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

**सूडोकु नवताल - 6212 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

# योग और आयुर्वेद से मधुमेह नियंत्रण पर लगी विज्ञान की भी मुहर, समग्र उपचार की ओर बढ़ते वैश्विक कदम

- योग, आयुर्वेद नेचुरोपैथी के साथ इलाज करने पर समग्र स्वास्थ्य पर दिखा सकारात्मक असर
- आचार्य बालकृष्ण ने इस शोध को किया लीड, बोले इंटीग्रेटेड थेरेपी वरदान, हम आगे बढ़ रहे हर रोज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरिद्वार

डायबिटीज के इलाज को लेकर पतंजलि के वैज्ञानिकों की ओर से किए गए शोध ने एक क्रांति को जन्म दिया है। जो वैश्विक स्तर पर लंबे समय से टाइप-1 डायबिटीज के मुख्य उपचार इंसुलिन थेरेपी को लेकर नजरिया बदलने को मजबूर कर देगा। अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान फ्रंटियर्स इन क्लिनिकल डायबिटीज एंड हेल्थकेयर शोध ने यह प्रमाणित किया है कि केवल इंसुलिन से नहीं बल्कि समग्र इलाज से ही मधुमेह को मात दी जा सकती है। जिसके लिए योग, प्राणायाम, ध्यान, संतुलित आहार, जीवनशैली में सुधार तथा पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को अपनाना होगा। इसी अप्रैल माह में शोध को प्रकाशित किया गया है। शोध में यह भी साबित किया है कि योग-प्राणायाम आदि को अपनाने से मरीजों के शुगर नियंत्रण, तनाव स्तर और जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार देखा गया। शोध अध्ययन में लगभग 612 शोध पत्रों का विश्लेषण किया गया।


आचार्य बालकृष्ण

इस शोध को पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने लीड किया है। इस शोध ने यह भी प्रमाणित किया है कि पतंजलि वेलनेस का वह मॉडल है, जिससे करोड़ों मरीज पहले से लाभ उठा रहे हैं और अब विज्ञान भी इसे सार्थक बता रहा है। इस संबंध में पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने कहाकि टाइप वन मधुमेह पर आई नई रिसर्च ने यह साबित कर दिया है कि योग, आयुर्वेद और नेचरोपैथी जैसी इंट्रीग्रेटेड थेरेपी मरीजों के लिए बेहद मददगार है। पतंजलि के वैज्ञानिकों ने इस ओर बड़ा पुरुषार्थ किया है। इतना ही नहीं एकीकृत इलाज से स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर दिखा है। अब दुनिया भर में इस विषय पर शोध तेजी से बढ़ रही है और भारत ने इसमें अहम भूमिका निभाई है। पतंजलि योग, आयुर्वेद और नेचरोपैथी के जरिये मधुमेह सहित कई जटिल और असाध्य रोगों को लगातार अपने वैज्ञानिक और साक्ष्य आधारित प्रमाणों के साथ शोध कर रहा है। यहां यह गौर करने वाली बात है कि पतंजलि वेलनेस का वह मॉडल है जिससे करोड़ों मरीज पहले से लाभ उठा रहे हैं और अब विज्ञान भी इसे सही साबित कर रहा है। यह कोई वैकल्पिक इलाज नहीं है। यह आधुनिक और समग्र स्वास्थ्य सेवा की नई दिशा है। डायबिटीज़ का असली इलाज एकीकृत है और अब इस शोध के साथ इसके सबूत भी मौजूद हैं।

## टीवनडीएम शोध में चौंकाने वाले ये तथ्य

टाइप 1 डायबिटीज मेलिटस (टीवनडीएम) जिसे पहले जुवेनाइल डायबिटीज कहा जाता था, एक दीर्घकालिक जीवनशैली संबंधी रोग है। इसमें अग्न्याशय (पैंक्रियाज) की इंसुलिन बनाने वाली बी-कोशिकाओं का नाश हो जाता है, जिससे शरीर में इंसुलिन की पूर्ण कमी हो जाती है और रक्त शर्करा (ब्लड ग्लूकोज) का स्तर अनियंत्रित हो जाता है। कुछ मामलों में अग्न्याशय से संबंधित ऑटोएंटीबॉडी कम मात्रा में पाए जाते हैं, इसलिए इसे इडियोपैथिक (T1b) डायबिटीज भी कहा जाता है। विश्व में हर पाँच में से एक बच्चा, जिसे टीवनडीएम होता है, भारतीय मूल का होता है। यह रोग आमतौर पर बचपन या किशोरावस्था में शुरू होता है, लेकिन वयस्कों में भी हो सकता है, जहां इसके लक्षण धीरे-धीरे और हल्के होते हैं। हर साल लगभग 65,000 बच्चों में इसका निदान होता है और इसकी दर हर साल लगभग 3 फीसदी बढ़ रही है।

### शोध को चार मुख्य विषयों में बांटकर किया गया

शोध को मजबूत मानकों पर जांचा गया। शोध का निष्कर्ष निकालने से पहले उसे चार मानकों पर कसा गया। इसमें क्लिनिकल उपचार, योग और वैकल्पिक चिकित्सा, आयुर्वेद और भारत केन्द्रित दृष्टिकोण और व्यायाम और ग्लूकोज नियंत्रण।

### रिसर्च में इनका विशेष योगदान

इस शोध में पतंजलि हर्बल रिसर्च डिवीजन, पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन, हरिद्वार, उत्तराखंड, डिपार्टमेंट ऑफ एलाइड एंड एप्लाइड साइंसेज, यूनिवर्सिटी ऑफ पतंजलि, पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार के वैज्ञानिक जया उप्रेती, मुस्कान चौहान, मयूर चौहान, प्रशांत कटियार, अनुराग डाबस और वेद प्रिया आर्य का विशेष योगदान रहा। इस शोध को पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण के नेतृत्व में किया गया। उनकी भूमिका इसमें सबसे अहम रही।

# एलपीजी सिलेंडर के बाद अब डाइट कोक की किल्लत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट तनाव का असर सिर्फ तेल या एलपीजी गैस पर ही नहीं पड़ा है बल्कि कई इंडस्ट्री भी बुरे दौर से गुजर रही हैं। सॉफ्ट ड्रिंक इंडस्ट्री भी इन्हीं में एक है। कोका कोला कंपनी का सॉफ्ट ड्रिंक प्रोडक्ट डाइट कोक की देश के कई शहरों में दिक्कत शुरू हो गई है। काफी दुकानों पर इसका स्टॉक खत्म हो गया है। यूजर इसे नया एलपीजी संकट बता रहे हैं। काफी यूजर्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया है कि उनके शहर में डाइट कोक नहीं मिल रही है। पिछले कुछ दिनों से बेंगलुरु, मुंबई, पुणे और अहमदाबाद जैसे महानगरों में सुपरमार्केट की शेल्फ खाली पड़ी हैं।

डाइट कोक की अचानक आई इस कमी के पीछे दो मुख्य कारण बताए जा रहे हैं पहला मिडिल ईस्ट तनाव के कारण वैश्विक और घरेलू स्तर पर एल्युमीनियम केन की भारी किल्लत चल रही है। इससे पैकेजिंग प्रभावित हुई है। दूसरा भारतीय मानक ब्यूरो के नए नियमों के कारण पैकेजिंग में बदलाव करने की जरूरत पड़ी है।

## जेईई-मेन 2026 का परिणाम जारी

# एलन भोपाल की श्रेयांश जेना सिटी टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन 2026 के परिणाम नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जारी कर दिए गए हैं। परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट, भोपाल के स्टूडेंट्स ने पुनः श्रेष्ठता साबित की है।

एलन भोपाल के एकेडमिक हेड ऋषिकेश शर्मा ने बताया कि एलन के सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के स्टूडेंट रिद्धेश बेंडाले ने ऑल इंडिया रैंक 35 अर्जित की एवं 99.999 पर्सेंटाइल के साथ स्टेट टॉपर रहे, वहीं श्रेयांश जेना ऑल इंडिया रैंक 466 एवं 99.975 पर्सेंटाइल के



साथ भोपाल सिटी टॉपर रहे। जहां रितेश बेंडाले ने फिजिक्स और मैथ्स में 100 में से 100 अंक अर्जित किए वहीं श्रेयांश जेना ने भी फिजिक्स में 100 में से 100 अंक अर्जित किए।

भविष्य आचार्य, सारांश, ईशान मित्तल, ख़ुशी महावर, वेदांत श्रीवास्तव, नक्षत्र बोराडकर, आर्यन पॉल, अर्णव राय, अथर्व देशमुख, मुकुल किरार, सौम्य फडणवीस, यथार्थ शर्मा, आयुष राज, निखिल मौर्य, वरेणयम पटले, प्रज्ञा सिंह, ऋषि वरदहे, रूही जैन आदि ने 98 या अधिक पर्सेन्टाइल अर्जित किये हैं। परिणामों का संकलन निरंतर जारी है, और ऐसा अनुमान है कि एलन भोपाल से सबसे अधिक विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई किया है।परिणाम जारी होने के साथ ही एलन के आईएसबीटी भोपाल स्थित ₹संस्कार₹ कैम्पस में खुशियों के ढोल बज गए। स्टूडेंट्स और पेरेन्ट्स ने फैकल्टीज़ के साथ मिलकर रिज़ल्ट सेलीब्रेट किया और एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया।

## गेहूं किसानों के लिए सरकार का बड़ा फैसला

# 25 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त गेहूं निर्यात को मिल गई मंजूरी



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत सरकार ने गेहूं किसानों को राहत भरी खबर दी है। दरअसल केंद्र सरकार ने 25 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त गेहूं के निर्यात को मंजूरी देने का फैसला लिया है। इससे किसानों को लाभकारी मूल्य दिलाने में मदद होगी साथ ही घरेलू बाजारों में भी स्थिरता बनी रहेगी। । यह निर्णय मौजूदा उत्पादन, भंडार में उपलब्ध और कीमतों में स्थिरता सभी पहलूओं के बारे में विस्तार से चर्चा करने के बाद लिया गया है।

रबी सीजन 2026 में गेहूं की बुवाई का रकबा बढ़कर करीब 334.17 लाख हेक्टेयर पहुंच गया है, जो पिछले साल 328.04 लाख हेक्टेयर था। सरकार की ओर से जारी प्रेस रिलीज के अनुसार खेती के क्षेत्रफल में यह बढ़ोतरी बताती है कि किसानों का गेहूं की खेती पर भरोसा लगातार मजबूत हुआ है। किसानों के इस भरोसे की बड़ी वजह सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी और मजबूत खरीद व्यवस्था मानी जा रही है।

### 1,202 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का अनुमान

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से 10 मार्च 2026 को जारी दूसरे अग्रिम आकलन के अनुसार, साल 2025–26 के लिए गेहूं के कुल उत्पादन का अनुमान 1,202 लाख मीट्रिक टन लगाया गया है। उत्पादन की अच्छी संभावनाओं और स्टॉक की अधिक उपलब्धता को देखते हुए, 25 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त एक्सपोर्ट का फैसला लिया गया। इससे पहले, जनवरी 2026 में डीएफपीडी ने 5 लाख मीट्रिक टन गेहूं उत्पादों के निर्यात को मंजूरी दी गई थी।

### किसानों की आय बढ़ाने वाला फैसला

कृषि मंत्रालय के मुताबिक 25 लाख मीट्रिक टन गेहूं के अतिरिक्त निर्यात की अनुमति देने का यह नया फैसला बाजार में नकदी बढ़ने, और गेहूं के स्टॉक का बेहतर प्रबंधन करने का अनुमान है। इसके साथ ही मौसम के उतार-चढ़ाव के समय औने-पौने दाम में बिक्री को रोकने की भी कोशिश है। सबसे जरूरी बात ये है कि यह फैसला घरेलू मूल्यों को स्थिर रखने और किसानों की आय बढ़ाने में मददगार साबित होगा। साथ ही देश की खाद्य सुरक्षा पूर्णतः सुरक्षित बनी रहेगी। सरकार के इस फैसले से जहां किसानों को आर्थिक मजबूती मिलेगी तो वहीं देश में स्टॉक और बेहतर प्रबंधन से कीमत और फूड सिक्योरिटी भी बेहतर बनी रहेगी।

### ट्रांसयूनियन ने एनबीएसएल के साथ की साझेदारी

**मुंबई।** ट्रांसयूनियन सिबिल नभीम भुगतान ऐप में उपभोक्ता सिबिल स्कोर और क्रेडिट सूचना रिपोर्ट (सीआईआर) जोड़ने की घोषणा की। भीम भुगतान ऐप, एमपीसीआई भीम सर्विसेज़ लिमिटेड (एनबीएसएल) द्वारा विकसित भारत का स्वदेशी भुगतान एप है। इसके जुड़ने से भीम एप के उपयोगकर्ता अपने सिबिल स्कोर और क्रेडिट संबंधी प्रमुख जानकारी सीधे एप के भीतर ही सुरक्षित रूप से देख सकेंगे और इस पर नजर रख सकेंगे, जिससे उन्हें अपनी क्रेडिट स्थिति के बारे में बेहतर जानकारी मिल सकेगी। ट्रांसयूनियन सिबिल और एनबीएसएल दो ऐसे प्रमुख संस्थान हैं, जो भारत के वित्तीय तथा डिजिटल भुगतान परितंत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

# सेंट पॉल स्कूल में नेतृत्व का उत्सव 'प्राचार्य दिवस' का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

सेंट पॉल को-एड स्कूल, भोपाल ने अपने प्राचार्य का जन्मदिन उनकी मेहनत, समर्पण और अमूल्य योगदान के सम्मान में मनाया। यह कार्यक्रम विद्यालय परिसर में आयोजित हुआ, जिसे इस अवसर के लिए सुंदर ढंग से सजाया गया था। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस दिन को सचमुच यादगार बना दिया। इसके बाद छात्र प्रतिनिधि प्रत्यूष मालवीय ने अपने विचार साझा किए और फादर प्राचार्य के नेतृत्व तथा सशक्त शैक्षिक वातावरण बनाने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में आत्मीय स्वागत, शानदार नृत्य प्रस्तुति और मधुर जन्मदिन गीत शामिल थे। समारोह में फादर प्राचार्य ने सभी के सम्मान और स्नेह के लिए धन्यवाद दिया। यह उत्सव उपप्राचार्य फादर थॉमस पी. के मार्गदर्शन में आयोजित एक हृदयस्पर्शी आयोजन रहा। इस अवसर पर सेंट पॉल सोशल एक्शन कमेटी ने प्रिय प्राचार्य के जन्मदिन पर विभिन्न वस्तुएं एकत्र कर वंचित वर्ग की सहायता करने की पहल की।

# अब भोपाल सांची दुग्ध संघ की देखरेख में शुरू हुआ एमपीसीडीएफ गेट का सांची पार्लर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

कुशाभाउ ठाकरे अंतरराज्जीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) भोपाल के ठीक सामने स्थित एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन (एमपीसीडीएफ ) गेट के पास स्थित सांची पार्लर जो चार महीने से बंद पड़ा हुआ था उसका संचालन शुरू मंगलवार को उद्घाटन के बाद शुरू हो गया है। इस सांची पार्लर का संचालन अब भोपाल सांची दुग्ध संघ की देख-रेख में होगा। एमपीसीडीएफ गेट स्थित सांची भोपाल दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी,



प्रीतेश जोशी और सांची परिवार मौजूद रहा है।

गौरतलब है कि पार्लर का संचालन एमपीसीडीएफ भोपाल ने भोपाल सहकारी दुग्ध संघ को इसलिए सौंपा कि भोपाल सांची ब्रांड की गुणवत्ता और प्रबंधन में सुधार हो। अतः अब एमपीसीडीएफ सांची पार्लर के प्रारंभ होने से आईएसबीटी से गुजरने वाले हर एक यात्रियों को सांची उत्पाद सुलभता के साथ सुबह से रात तक मिल सकेंगे। सांची के विभिन्न प्रकार के दूध के अलावा सांची उत्पादों में देसी घी, मिल्क केक, मेप पेडा, ब्रज पेडा, दही, छाछ, लस्सी, रबडी, श्रीखण्ड, विभिन्न प्रकार की आईसक्रीम, कुकीज सहित अन्य कई प्रकार के उत्पाद विभिन्न प्रकार की पैकिंग में विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## बिजनेस न्यूज

### सागर स्कूल के 31 सागराइट्स आईआईटी जेईई एडवांस्ड परीक्षा में शामिल होंगे



**भोपाल।** सागर पब्लिक स्कूल, साकेत नगर, गांधी नगर एवं रोहित नगर ने एक बार फिर आईआईटी जेईई (आईआईटी -जेईई ) के परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। हाल ही में घोषित आईआईटी जेईई के नतीजों और दोनों चरणों के परिणामों से 31 सागराईट्स ने आईआईटी जेईई एडवांस्ड परीक्षा क्वालिफाई किया है। सागर पब्लिक स्कूल, गांधी नगर के तनिष्क सिंघल ने 99.925 परसेंटाइल के साथ एआईआर 1284 प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। युवल आकाश वर्मा ने 99.89 परसेंटाइल के साथ एआईआर 1727 हासिल की व एस. शारधी ने 99.802 परसेंटाइल, आर्यमन सिंह सिसोदिया ने 99.79 परसेंटाइल और विनायक गुप्ता ने 99.78 परसेंटाइल प्राप्त कर स्कूल के शीर्ष पॉच स्थानों में अपनी जगह बनाई। एस.शारधी ने गर्ल्स वर्ग में शहर में सर्वोच्च स्थान भी प्राप्त किया। यह उल्लेखनीय सफलता मुख्यतः स्कूल के इंटीग्रेटेड प्रोग्राम का परिणाम है। स्कूल के इंटीग्रेटेड प्रोग्राम के अंतर्गत कक्षा 12वीं की पढ़ाई के साथ-साथ रोज़ाना प्रतियोगी परीक्षाओं की संपूर्ण तैयारी कराई जाती है। इन कक्षाओं का संचालन प्रतिदिन अनुभवी शिक्षकों द्वारा परीक्षा-उन्मुख पद्धति से किया जाता है, जिसमें शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात को संतुलित रखा जाता है। सागराईट्स की इस उपलब्धि पर सागर पब्लिक स्कूल, साकेत नगर की प्रिंसिपल पंकज शर्मा ने कहाकि सागराइट्स को उनकी कड़ी मेहनत, लगन और सफलता के लिए हार्दिक बधाई। चयन में निरंतर वृद्धि हमारे इंटीग्रेटेड शिक्षा प्रणाली का परिणाम है, जो विद्यार्थियों को केंद्रित एवं प्रभावी अध्ययन का वातावरण प्रदान करता है। सागराइट्स को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के हमारे प्रयास जारी रहेगें। सुधीर कुमार अग्रवाल, संस्थापक व चेयरमैंन, सागर ग्रुप ने प्रत्येक सागराइट्स को उनकी सफलता और चयन के लिए बधाई दी और उनके मार्गदर्शन के लिए प्रिंसिपल और मेंटर्स की सराहना की।

### भाभा विवि में 'हैकनोवा 1.0 इनोवेटिव प्रोडक्ट-बेस्ड हैकाथॉन' का आयोजन



**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय द्वारा लर्निंग एजुकेशन हब के सहयोग से अपने परिसर में "हैकनोवा 1.0 – इनोवेटिव प्रोडक्ट-बेस्ड हैकाथॉन" का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के लगभग 116 छात्रों की 33 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने नवाचारी विचारों एवं तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करते हुए उत्पाद-आधारित समाधान प्रस्तुत किए, जो उनकी रचनात्मकता एवं वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करने की क्षमता को दर्शाते हैं। इस हैकाथॉन में वीआईटी सीहोर, एलएनसीटी विश्वविद्यालय, सेज विश्वविद्यालय, मध्यांचल प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, आईईएस विश्वविद्यालय, स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय, जगरण लेकसिटी विश्वविद्यालय, आईईएचई, टेक्नोक्रेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कॉर्पोरेट इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मित्तल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, ओरिएंटल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, सागर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग, सागर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च, आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, एसआईआरटी, सिस्टेक-आर तथा इंदौर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की।

### ईकोसिस्टम को मजबूती देने महाराष्ट्र सरकार और संस्थाओं के बीच करार

**पुणे।** देश के अश्व क्षेत्र (इक्वाइन सेक्टर) के इकोसिस्टम को मजबूती देने के लिए महाराष्ट्र सरकार विभिन्न संस्थाओं और विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग करने के लिए पूरी तरह तत्पर है।



इस दिशा में एक ठोस कदम उठाते हुए राज्य की पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री पंकजा मुंडे ने संबंधित संस्थाओं के साथ 'सहमति पत्र' पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है। वे एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में 'द इक्वाइन कलेक्टिव' द्वारा आयोजित 'द इक्वेस्ट्रियन फोरम 2026' के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थीं। विरासत और आधुनिकता का संगम इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य के विपणन एवं शिष्टाचार मंत्री जयकुमार रावल उपस्थित थे। साथ ही, 'द इक्वाइन कलेक्टिव' की संस्थापिका गायत्री कराड, एमआईटी-डब्ल्यूपीयू के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. राहुल विश्वनाथ कराड, कार्यकारी निदेशक डॉ. अदिति राहुल कराड, नेशनल हॉर्स ब्रीडिंग सोसाइटी ऑफ इंडिया के डॉ. एफ.एफ. वाडिया और जयपाल सिंह रावल भी मंच पर आसीन रहे। मंत्री पंकजा मुंडे ने जोर देकर कहा कि अश्व क्षेत्र केवल खेल तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें ग्रामीण विकास, पर्यावरण संरक्षण और रोजगार सृजन की अपार संभावनाएं छिपी हैं। उन्होंने कहाकि नए विचार हमेशा चुनौतीपूर्ण होते हैं, लेकिन उनमें बदलाव लाने की असीम शक्ति होती है। अश्व क्षेत्र के विकास के लिए सामूहिक दृष्टिकोण अपनाना समय की मांग है।

# रुपए पर सट्टेबाजी से हटा प्रतिबंध मार्केट में डीलर्स फिर कर सकेंगे ट्रेड

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने रुपए में अत्यधिक अस्थिरता को रोकने के लिए विदेशी मुद्रा डीलरों पर लगाए गए कड़े प्रतिबंधों को वापस लेने का ऐलान किया है।

गवर्नर संजय मल्होत्रा के पिछले संकेतों के अनुरूप, केंद्रीय बैंक ने अब डीलर्स को ऑफशोर नॉन-डेलिवरेबल फॉरवर्ड मार्केट में फिर से पोजीशन लेने की अनुमति दे दी है। गवर्नर मल्होत्रा के अनुसार ये उपाय केवल अस्थायी थे ताकि बाजार को अनावश्यक झटकों से बचाया जा सके। इन कदमों की मदद से रुपया डॉलर के मुकाबले 95.21 के रिकॉर्ड निचले स्तर से संभलने में कामयाब रहा है।

इन पाबंदियों को हटाना भारतीय करेंसी के अंतरराष्ट्रीयकरणऔर भारतीय बाजारों को वैश्विक स्तर पर और अधिक गहरा बनाने की दिशा में आरबीआई की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### निप्पॉन ने प्रीमियम ऑटो-कार रेंज एफएक्स10 लांच की

**नई दिल्ली।** निप्पॉन पेंट इंडिया ने अपने वाहनों के रखरखाव में गर्व करने वाले विवेकी वाहन मालिकों के लिए डिजाइन की गई एक उच्च निष्पादन ऑटोमोटिव केयर रेंज एफएक्स 10 लांच करने की घोषणा की। यह लांचिंग ऑटोमोटिव आफ्टरकेयर वर्ग में निप्पॉन पेंट इंडिया की उपस्थिति बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी की योजना एफएक्स 10 रेंज को चरणबद्ध तरीके से चुनिंदा वैश्विक बाजारों में भी ले जाने की है जिसमें ऑटो-केयर सेगमेंट में इसके विस्तार के लिए भारत के प्रमुख लांचपैड के तौर पर काम करेगा।

## सेफ्टी सॉन्ग 'ओले तुर्वासा' को प्रस्तुत किया

# भोपाल में अपने विस्तारित कार्यालय का कोने इंडिया ने उद्घाटन किया

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

कोने इंडिया ने भोपाल में अपने विस्तारित कार्यालय का उद्घाटन किया है। इससे मध्य भारत में कंपनी की उपस्थिति मजबूत हुई है और इस क्षेत्र के ग्राहकों तक सेवाएं पहुंचाना आसान हो गया है। कार्यालय का उद्घाटन कोने इंडिया और दक्षिण एशिया के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अमित गोसाईं ने किया। यह विस्तारित कार्यालय बिक्री, स्थापना, सेवा और आधुनिकीकरण टीमों को सहारा देगा, जिससे ग्राहकों को तेज प्रतिक्रिया, बेहतर सेवा और सहज अनुभव मिलेगा। यह कार्यालय ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, छिंदवाड़ा, बैतूल, सागर, बीना, होशंगाबाद और पिपरिया सहित प्रमुख क्षेत्रों को सेवाएं देगा और



मध्य भारत में कंपनी की पहुंच को और मजबूत करेगा।

कोने इस क्षेत्र में आतिथ्य, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बुनियादी ढांचे और आवासीय परियोजनाओं सहित तरह-तरह के प्रोजेक्ट में समाधान दे चुका है। इनमें आईटीसी होटल्स, नोवोटेल, गोल्डन ट्यूलिप, पारस एंपरर, रीजेंटा, राजहंस, बंसल हॉस्पिटल, अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, सागर यूनिवर्सिटी, आमला रेलवे स्टेशन, 18वां एवेन्यू और सनस्काई फार्म्स शामिल हैं। इस उद्घाटन के अवसर पर कोने इंडिया ने अपना सेफ्टी सॉन्ग 'ओले तुर्वासा' भी प्रस्तुत किया। यह गीत लिफ्ट और एस्केलेटर के रोजमर्रा के इस्तेमाल में सुरक्षित रहने के लिए एक साधारण पल रुककर सोचने के महत्व को उजागर करता है। कोने की फिनिश विरासत से जुड़ी यह पहल कंपनी के सुरक्षा, विश्वसनीयता और उपयोगकर्ता की भलाई पर मजबूत ध्यान को दर्शाती है। इस मौके पर अमित गोसैन ने कहा कि हम भोपाल में अपनी उपस्थिति बढ़ाकर बहुत खुश हैं। यह हमारे ग्राहकों के करीब आने और उनकी जरूरतों को बेहतर तरीके से समझने की दिशा में एक अहम कदम है। हमारा ध्यान सुरक्षित, भरोसेमंद और उच्च गुणवत्ता वाले समाधान देने के साथ-साथ इस क्षेत्र में मजबूत और दीर्घकालिक संबंध बनाने पर बना रहेगा।

## सीबीआईसी और सीआईआई का कार्यक्रम आयोजित

# भारत की व्यापारिक प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने के लिए ईएमआई और एईओ देंगे योगदान : योगेंद्र गर्ग

एजेंसी ▸▸ मुंबई

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी), वित्त मंत्रालय के सदस्य (सीमा शुल्क) और विशेष सचिव योगेंद्र गर्ग ने आयोजित सीबीआईसी-सीआईआई के ईएमआई योजना और एईओ के साथ इसके संबंध पर आधारित जनसंपर्क कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। गर्ग ने व्यापार सुगमता में परिवर्तन लाने के लिए डिजाइन किए गए 'विश्वास-आधारित सीमा शुल्क सुधार' के महत्व पर बल दिया।

इस दौरान गर्ग ने बताया कि पात्र निर्माता आयातक (ईएमआई)



योजना के तहत अनुमोदित निर्माता आयातकों को सीमा शुल्क का भुगतान स्थगित करने की सुविधा मिलती है, जिससे वे लेनदेन-वार भुगतान के बजाय मासिक चक्र के अंत में समेकित और निपटान कर सकते हैं। इससे नकदी प्रवाह में उल्लेखनीय सुधार होता है, कार्यशील पूंजी पर दबाव कम होता है और शुल्क भुगतान से संबंधित देरी को दूर करके माल की निकासी में तेजी आती है। सीमा शुल्क मंत्री और सीबीआईसी के विशेष सचिव ने कहा कि ईएमआई योजना एईओ कार्यक्रम में प्रवेश का एक सुगम मार्ग प्रदान करती है, जो अनुपालन करने वाले व्यवसायों को वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त विश्वसनीय व्यापार भागीदार बनने के लिए प्रोत्साहित करती है।

### पहले मंजूरी, बाद में भुगतान करें जैसी योजनाओं पर

सीआईआई राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष पीरूज खंबाटा ने इस बात पर जोर दिया कि हालिया सीमा शुल्क सुधार, विशेष रूप से शुल्क स्थगन ढांचा और ईएमआई योजना, एक सुगम, प्रौद्योगिकी-संचालित और विश्वास-आधारित व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र की ओर एक बदलाव का संकेत देते हैं। खंबाटा ने ₹पहले मंजूरी, बाद में भुगतान करें जैसी योजनाओं को आगे बढ़ाने, तरलता में सुधार करने, अनुपालन को आसान बनाने और विनिर्माण को समर्थन देने में सीबीआईसी, सीमा शुल्क और वित्त मंत्रालय की भूमिका पर प्रकाश डाला।

### टाटा प्ले बिंज के 'शॉट्स' में पॉकेट फिल्म्स शामिल हुआ

**मुंबई।** टाटा प्ले बिंज ने अति लघु कहानियों के लिए समर्पित शॉट्स में पॉकेट फिल्म्स को शामिल करके अपनी पेशकशों का विस्तार किया है। पॉकेट फिल्म्स छोटी कहानियों के लिए मशहूर है। इस पर कई भावनात्मक रूप से दिलचस्प और सांस्कृतिक मूल की कहानियाँ मौजूद हैं, जो शॉट्स के संग्रह का विस्तार करेंगी। टाटा प्ले बिंज शॉट्स की पेशकशों को लगातार मजबूत बनाते हुएडिजिटल ग्राहकों को तुरंत देखने योग्य और बेहतरीन क्वालिटी का मनोरंजन प्रदान कर रहा है। शॉट्स में पॉकेट फिल्म्स का प्रवेश सालों से दिलचस्प कहानियाँ पेश हुआ है। अब उनकी मनोरंजन सूची में अतिलघु कहानियाँ, जैसे चतुरंगा, विदुशी, मासा के साथ कई लघु फिल्में, जैसे लॉकअप, डुबकी, पाठ, द डिसगॉयज, एक्सचेंज ऑफर, बेना और स्पेशल डे शामिल हैं।

चिंतन

# सुरक्षा के लिए संतुलित रणनीति बेहद जरूरी

पहलगाम हमले की पहली बरसी केवल एक दर्दनाक स्मृति नहीं, बल्कि सुरक्षा नीति की गंभीर परीक्षा भी है। 22 अप्रैल 2025 को बैसरन घाटी में हुई आतंकी वारदात ने देश को झकझोर दिया था। एक साल बाद हालात अपेक्षाकृत शांत हैं, लेकिन असली चुनौती इस शांति को स्थायी सुरक्षा और सामान्य जीवन में बदलने की है। इस हमले को एक साल बीत चुका है। इस अवधि में एक-दो वारदात को छोड़ दें तो घाटी शांत ही रही है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि उन इलाकों को भी खोल दिया जाए जो पहलगाम हमले के बाद बंद किए गए थे। चूंकि ये लोगों की आजीविका का जरिया हैं। बदलते कश्मीर में अब लोगों में मुख्यधारा से जुड़ने की ललक है। ऐसे में सरकार और खुफिया एजेंसियों को भी चाहिए कि वे लोगों को सुरक्षित महसूस करवाएं। बलों की तैनाती इस तरह से हो कि गलत मंसूबे लेकर आने वाले हमले जैसी वारदातों की हिमाकत न करें। अब जरूरी है कि सरकार सुरक्षा और शांति के लिए एक संतुलित रणनीति बनाए। केवल जम्मू-कश्मीर ही नहीं, देश के अन्य भागों में भी व्यापक सतर्कता जरूरी है। सुरक्षा किसी भी संवेदनशील क्षेत्र की पहली जरूरत होती है, खासकर जम्मू-कश्मीर जैसे इलाके में। बीते एक साल में सुरक्षा एजेंसियों और सेना ने सतर्कता बनाए रखते हुए बड़े हमलों को रोकने में सफलता पाई है। यह दिखाता है कि मजबूत सुरक्षा तंत्र ही शांति की बुनियाद बन सकता है। यह भी उतना ही जरूरी है कि सुरक्षा के नाम पर आम नागरिकों के जीवन और रोजगार पर अनावश्यक प्रतिबंध न लगे। बैसरन घाटी जैसे इलाकों का लंबे समय तक बंद रहना स्थानीय अर्थव्यवस्था पर सीधा असर डाल रहा है। पर्यटकों की संख्या पहले ही 30-40% तक घट चुकी है, जिससे लोगों में नाराजगी स्वाभाविक है। ऐसे में जरूरी है कि सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए चरणबद्ध तरीके से इन क्षेत्रों को फिर से खोला जाए। संतुलित रणनीति का मतलब यही है कि सुरक्षा "दिखे भी" और "भरोसा भी दे"। इसके लिए आधुनिक तकनीक, खुफिया तंत्र की मजबूती, स्थानीय लोगों की भागीदारी और सीमित, लेकिन प्रभावी बल तैनाती जरूरी है। ऐसा माहौल बनाना होगा, जिसमें पर्यटक बिना डर के आएं और स्थानीय लोग खुद को सुरक्षित महसूस करें। देश के अन्य हिस्सों में भी सुरक्षा को लेकर लापरवाही की गुंजाइश नहीं है। हाल ही में राजस्थान की एक रिफाइनरी में लगी आग की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है। यदि इसमें किसी साजिश के संकेत मिलते हैं, तो यह साफ है कि खतरे का दायरा व्यापक है। और यदि यह हादसा है, तब भी सुरक्षा मानकों की समीक्षा जरूरी हो जाती है। किसी भी रूप में देश को नुकसान पहुंचाने वाली घटनाएं सुरक्षा तंत्र के लिए चेतावनी हैं। आतंकवाद के खिलाफ सख्ती जरूरी है, लेकिन इसका उद्देश्य केवल खतरे को खत्म करना नहीं, बल्कि सामान्य जीवन को बहाल करना भी होना चाहिए। जिस तरह नक्सलवाद के खिलाफ रणनीतिक और बहुआयामी प्रयास किए गए, उसी तरह आतंक के खिलाफ भी सुरक्षा, विकास और विश्वास तीनों को साथ लेकर चलना होगा। भारतीय सेना का संदेश "भारत कुछ नहीं भूला" यह स्पष्ट करता है कि सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं होगा। पहलगाम की यह बरसी याद दिलाती है कि मजबूत सुरक्षा और सामान्य जीवन एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। सही रणनीति वही होगी, जो दोनों को साथ लेकर चले, तभी देश सुरक्षित भी होगा और सच में सामान्य भी।



मुद्दा
मनीष कुमार चौधरी

भले ही संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित नहीं हो पाया, परंतु परिसीमन से जुड़े मुद्दों की प्रासंगिकता अब भी बरकरार है। भारत का लोकतंत्र विशाल आकार और विविधता के लिए जाना जाता रहा है। फिर भी प्रतिनिधित्व की मूल संरचना दशकों से काफी हद तक स्थिर बनी हुई है। लोकसभा का आगामी परिसीमन, उस संतुलन को गहरे स्तर पर बदलने की क्षमता रखता है। परिसीमन तकनीकी या प्रशासनिक प्रक्रिया ही है और अपने मूल रूप में परिसीमन का उद्देश्य राजनीतिक प्रतिनिधित्व को जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं के अनुरूप बनाना है। दशकों से भारत सीटों की एक निर्धारित संख्या के साथ ही काम करता रहा है, जबकि इस दौरान उसकी जनसंख्या में भारी वृद्धि हुई है।

# भारत में क्यों जरूरी है परिसीमन

महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण व लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 करने और 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन के लिए केंद्र सरकार की ओर से लाया गया संविधान (131वां) संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित नहीं हो पाया। भले ही विधेयक पारित न हो पाया हो, परंतु परिसीमन से जुड़े मुद्दों की प्रासंगिकता अब भी बरकरार है। भारत का लोकतंत्र विशाल आकार और विविधता के लिए जाना जाता रहा है। फिर भी प्रतिनिधित्व की मूल संरचना दशकों से काफी हद तक स्थिर बनी हुई है। लोकसभा का आगामी परिसीमन, जिसके 2029 के आम चुनावों को आकार देने की उम्मीद है, उस संतुलन को गहरे स्तर पर बदलने की क्षमता रखता है। यूं देखा जाए तो परिसीमन एक तकनीकी या प्रशासनिक प्रक्रिया ही है और अपने मूल रूप में परिसीमन का उद्देश्य राजनीतिक प्रतिनिधित्व को जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं के अनुरूप बनाना है। दशकों से भारत सीटों की एक निर्धारित संख्या के साथ ही काम करता रहा है, जबकि इस दौरान उसकी जनसंख्या में भारी वृद्धि हुई है।

संवैधानिक रूप से प्रत्येक दशक के बाद जनसंख्या जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्वितरण अनिवार्य था। पुनर्वितरण अंतिम बार 1971 की जनगणना के बाद ही किया गया था। देश में जनसंख्या नियंत्रण उपायों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार सरकारों ने सीटों के पुनर्वितरण को रोक दिया। वर्ष 2000 के दशक की शुरुआत में प्रत्येक राज्य के भीतर जनसंख्या को सामान्य करने के लिए निर्वाचन क्षेत्रों को फिर से तैयार किया गया था, लेकिन इस अभ्यास ने प्रत्येक राज्य को आवंटित निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या में कोई बदलाव नहीं किया। 1971 के बाद से भारत की जनसंख्या में 150 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। लेकिन यह वृद्धि पूरे देश में समान रूप से नहीं हुई है। असमान वृद्धि इसलिए हुई, क्योंकि दक्षिणी राज्य अपनी प्रजनन दर को तेजी से नीचे लाने में सक्षम रहे। उत्तरी राज्यों का जनसंख्या हिस्सा 43 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि दक्षिणी राज्यों का हिस्सा 1971 और 2026 के बीच 25 प्रतिशत से घटकर 20 प्रतिशत हो गया है। इससे यह आशंका उठ खड़ी हुई है कि पूरी तरह से जनसंख्या के आधार पर संसद की सीटों का पुनर्वितरण करने से दक्षिणी राज्य संसद में अपनी सीटों का हिस्सा खो देंगे, जबकि यह तकनीकी रूप से देशभर में प्रतिनिधित्व को निष्पक्ष बना देगा, खासकर कम प्रतिनिधित्व वाले उत्तरी राज्यों के लिए। उदाहरण के लिए, केरल का एक सांसद लगभग 18 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करता है, वहीं राजस्थान का सांसद करीब 33 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। दक्षिणी राजनीतिक दलों की चिंता इसी को लेकर है। उन्हें डर है कि इससे उत्तरी राज्यों को अधिक शक्ति मिलेगी, जो न केवल भारतीय जनता पार्टी के गढ़ हैं, बल्कि हिंदी-बेल्ट या हिंदी भाषी क्षेत्र के रूप में भी लोकप्रिय हैं। उनका मानना है कि पुनः आवंटन योजना से उन्हें अच्छी नीतियों और शासन के लिए दंडित किया जाएगा, जबकि उत्तरी राज्यों को पुरस्कृत किया जाएगा, जहां जनसंख्या वृद्धि काफी हद तक अनियंत्रित रही है। वर्ष 1952 में जब देश में पहली बार लोकसभा चुनाव हुए, तब संसद में 489



सीटें थीं और आबादी थी करीब 36 करोड़। आज आबादी 140 करोड़ पार कर चुकी है, लेकिन पिछले 50 साल से सीटें 543 पर जमी हैं। इसका एक स्वाभाविक परिणाम सामने आया है- सीमित सीटों के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा। इसका लाभ उन लोगों को मिलता है जिनके पास पहले से ही राजनीतिक पूंजी मौजूद है, जैसे नाम की पहचान, सांगठनिक समर्थन या वंशानुगत पृष्ठभूमि। सीटों की संख्या में विस्तार केवल सीटों की संख्या नहीं बढ़ाता, बल्कि यह चुनावी क्षेत्र में प्रवेश की बाधाओं को भी कम करता है। एक विशाल संसद उन नए चेहरों के लिए जगह बनाती है, जो अन्यथा हाशिए पर ही रह जाते। भारतीय राजनीति में समय के साथ स्थिरता के कुछ क्षेत्र बन गए हैं, ऐसे निर्वाचन क्षेत्र कुछ खास व्यक्तियों, परिवारों या पार्टियों के लिए 'सुरक्षित सीटों' के तौर पर काम करते हैं। परिसीमन इस जड़ व्यवस्था पर चोट करता है। जब सीमाएं बदलती हैं, तो मतदाताओं की बनावट भी बदल जाती है।

कोई ऐसा निर्वाचन क्षेत्र, जो कभी किसी खास जातिगत समीकरण, सामुदायिक जुड़ाव या राजनीतिक नैरेटिव के पक्ष में रहा हो, हो सकता है कि अब वैसा न रहे। देश तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहा है। वर्ष 2029 तक भारत के मतदाताओं की बनावट आज या कुछ बरस पहले से काफी अलग होगी। जैसे-जैसे शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में नए निर्वाचन क्षेत्र उभरेंगे, उनके भीतर चुनावी प्रतिस्पर्धा का स्वरूप भी बदलेगा। जब मुकाबले का ढांचा बदलता है, तो पार्टियों को भी उसके हिसाब से ढलना पड़ता है, वरना उनके अप्रासंगिक हो जाने का खतरा रहता है।

इस तरह का बदलाव सिर्फ ऊपरी तौर पर नहीं होता। प्रतिनिधित्व में आया पीढ़ीगत बदलाव स्वाभाविक रूप से राजनीतिक विमर्श में भी बदलाव लाता है। जैसे-जैसे संसद में उनकी मौजूदगी बढ़ती जाएगी, राजनीतिक बहसों का समग्र स्वरूप भी बदल सकता है। इस तरह परिसीमन के आधार पर गठित 2029 की संसद भारत के भविष्य को लेकर एक ज्यादा जटिल और प्रगतिशील संवाद को दर्शा सकती है। हमें यह समझना भी बेहद जरूरी है कि परिसीमन कोई आसान सुधार नहीं है। इसके साथ कई किंतु-परंतु और राजनीतिक डर व आशंकाएं जुड़ी हैं। जो राज्य जनसंख्या वृद्धि को स्थिर करने में सफल रहे हैं, उन्हें अब राजनीतिक रूप से हाशिए पर जाने का डर है, जबकि तेजी से जनसंख्या बढ़ने वाले राज्य यह तर्क देते हैं कि प्रतिनिधित्व को वर्तमान वास्तविकताओं को दर्शाना चाहिए। राज्यों के बीच एक नैतिक मुकाबला मानने से एक संरचनात्मक संवैधानिक मुद्दे को राजनीतिक शिकायत में बदलने का जोखिम है। संसदीय सीटों का पूरी तरह से जनसंख्या-आधारित पुनर्वितरण संख्यात्मक समानता को संतुष्ट कर सकता है, लेकिन यह संघीय संतुलन को भी बिगाड़ सकता है। चुनौती यह नहीं है कि परिसीमन होना चाहिए या नहीं, बल्कि इसके गुणावगुण प्रभावों का संतुलन कैसे साधा जाए, इस बात का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। भारत के इतिहास में परिसीमन को इसकी राजनीतिक संवेदनशीलता के कारण बार-बार टाला गया है। इस तरह के सुधार को आगे बढ़ाने के लिए ऐसी राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत होती है जो तात्कालिक चुनावी हितों से कहीं आगे की सोच रखती हो। परिसीमन को केवल नक्शों को फिर से बनाने की प्रक्रिया के रूप में देखना इसके व्यापक महत्व को नजरअंदाज करना होगा। असल में यह लोकतांत्रिक चुनावी मैदान का एक पुनर्समायोजन है। लोकतंत्र सिर्फ गणित नहीं होता। जब मतदाता वर्ग स्वयं बदल रहा हो, तो उसके साथ कदम मिलाकर चलने के लिए प्रतिनिधित्व को भी विकसित होना पड़ता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विश्व पृथ्वी दिवस
रोहित कौशिक



# हमारी समझदारी से ही बच सकेगी पृथ्वी


एक नए अध्ययन में बताया गया है कि महासागरों के तेजी से गर्म होने के कारण मौसम के चक्र में बदलाव का अनुमान है। वर्तमान में हिंद महासागर और इसके आसपास के देश वैश्विक स्तर पर प्राकृतिक आपदाओं के सबसे अधिक खतरे वाले क्षेत्र के रूप में उभरे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि आज पृथ्वी को बचाने के लिए भाषणबाजी तो बहुत होती है, लेकिन धरातल पर काम नहीं हो पाता है। यही कारण है कि पर्यावरण की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। इस दौर में जिस तरह से मौसम का चक्र बिगड़ रहा है, वह हम सबके साथ-साथ समाज के उस वर्ग के लिए भी चिन्ता का विषय है जो ग्लोबल वार्मिंग पर चर्चा करने को एक फैशन मानने लगा था। दरअसल इन दिनों सम्पूर्ण विश्व में पृथ्वी और पर्यावरण बचाने के नारे जोर-शोर से सुने जा सकते हैं, लेकिन जब नारे लगाने वाले ही इस अभियान की हवा निकालने में लगे हुए हों तो पृथ्वी और पर्यावरण पर संकट के बादल मंडराने तय हैं। आज विभिन्न देशों में अनेक मंचों से जो पर्यावरण बचाओ आन्दोलन चलाया जा रहा है, उसमें एक अजीब विरोधाभास दिखाई दे रहा है। पर्यावरण सभी बचाना चाहते हैं, लेकिन अपने त्याग की कीमत पर नहीं बल्कि दूसरों के त्याग की कीमत पर। स्थायी विकास एग्रीन इकोनॉमी और पर्यावरण सम्बन्धी विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा जरूरी है, लेकिन इसका फायदा तभी होगा, जब हम व्यापक दृष्टि से सभी देशों के हितों पर ध्यान देंगे। गौरतलब है कि ग्रीन इकोनॉमी के तहत पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना सभी वर्गों की तरक्की वाली अर्थव्यवस्था का निर्माण करना शामिल है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हरित अर्थव्यवस्था के उद्देश्यों के क्रियान्वयन के लिए विकसित देश विकासशील देशों की अपेक्षित सहायता नहीं करते हैं।

स्पष्ट है कि विकसित देशों की हठधर्मिता की वजह से पर्यावरण के विभिन्न मुद्दों पर कोई स्पष्ट नीति नहीं बन पाती है। दरअसल इस दौर में पर्यावरण की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। हालात यह है कि मौसम का समस्त चक्र भी अनियमित हो गया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि मौसम की यह अनिश्चितता और तापमान का उतार-चढ़ाव जलवायु परिवर्तन के कारण है। जलवायु परिवर्तन के कारण एक ही ऋतु में किसी एक जगह पर ही मौसम में उतार-चढ़ाव या परिवर्तन हो सकता है। वास्तव में हम पिछले अनेक दशकों से भ्रम में ही जी रहे हैं। यही कारण है कि पर्यावरण के अनुकूल तकनीक के बारे में सोचने की फुर्सत किसी को नहीं है। पुराने जमाने में पर्यावरण के हर अवयव को भगवान का दर्जा दिया जाता था। इसीलिए हम पर्यावरण के हर अवयव की इज्जत करना जानते थे। नए जमाने में पर्यावरण के अवयव वस्तु के तौर पर देखे जाने लगे और हम इन्हें मात्र भोग की वस्तु मानने लगे। उदारीकरण की आंधी ने तो हमारे समस्त ताने-बाने को ही नष्ट कर दिया। इस प्रक्रिया ने पर्यावरण के अनुकूल समझ विकसित करने में बाधा पहुंचाई। यह समझ विकसित करने के लिए एक बार फिर हमें नए सिरे से सोचना होगा। हमें यह मानना होगा कि जलवायु परिवर्तन की यह समस्या किसी एक शहर, राज्य या देश के सुधरने से हल होने वाली नहीं है। पर्यावरण की कोई ऐसी परिधि नहीं होती है कि एक जगह प्राकृतिक संसाधनों का दोहन या प्रदूषण होने से उसका प्रभाव दूसरी जगह न पड़े। इसीलिए इस समय सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरण के प्रति चिन्ता देखी जा रही है। हालांकि इस चिन्ता में खोखले आदर्शवाद से लिपटे हुए नारे भी शामिल हैं। जलवायु परिवर्तन पर होने वाले सम्मेलनों में हम इस तरह के नारे अक्सर सुनते रहते हैं। सवाल यह है कि क्या खोखले आदर्शवाद से जलवायु परिवर्तन का मुद्दा हल हो सकता है। यह सही है कि ऐसे सम्मेलनों के माध्यम से विभिन्न बिन्दुओं पर सार्थक चर्चा होती है और कई बार कुछ नई बातें भी निकलकर सामने आती हैं। यदि विकसित देश एक ही लीक पर चलते हुए केवल अपने स्वार्थों को तरजीह देने लगें तो जलवायु परिवर्तन पर उनकी बड़ी-बड़ी बातें बेमानी लगने लगती हैं। दरअसल जब हम प्रकृति का सम्मान नहीं करते हैं तो वह प्रत्यक्ष रूप से तो हमें हानि पहुंचाती ही है, परोक्ष रूप से भी हमारे सामने कई समस्याएं खड़ी करती है।

ज्यादातर विकासशील देशों में जलवायु परिवर्तन के प्रति सफलतापूर्वक अनुकूलन के लिए आर्थिक एवं प्रोद्यौगिकीय स्त्रोतों का अभाव है। दरअसल हरेक परिस्थितिक तंत्र के लिए अनुकूलन विशिष्ट होता है। गौरतलब है कि विभिन्न तौर-तरीकों से जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित किया जा सकता है। इन तौर-तरीकों में ऊर्जा प्रयोग की उन्नत क्षमता एवनों के काटने पर नियंत्रण और जीवाष्म इंधन का कम से कम इस्तेमाल जैसे कारक प्रमुख हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित
दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नहीं है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

## मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
प्रेरणा

एक राजा था। उसने एक सपना देखा। सपने में उससे एक परोपकारी साधु कह रहा था कि, बेटा! कल रात को तुम्हें एक विषैला सांप काटेगा और उसके काटने से तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। वह सर्प अमुक पेड़ की जड़ में रहता है। वह तुमसे पूर्व जन्म की शत्रुता का बदला लेना चाहता है। सुबह हुई। राजा सोकर उठा। और सपने की बात को लेकर विचार करने लगा। सोचते- सोचते राजा इस निर्णय पर पहुंचा कि मधुर व्यवहार से बढ़कर शत्रु को जीतने वाला और कोई हथियार इस पृथ्वी पर नहीं है। उसने सर्प के साथ मधुर व्यवहार करके उसका मन बदल देने का निश्चय किया। शाम होते ही राजा ने उस पेड़ की जड़ से लेकर अपनी शय्या तक फूलों का बिछौना बिछवा दिया, सुगन्धित जलों का छिड़काव करवाया, मीठे दूध के कटोरे जगह जगह रखवा दिये और सेवकों से कह दिया कि रात को जब सर्प निकले तो कोई उसे किसी प्रकार कष्ट पहुंचाने की कोशिश न करें। राजा के पलंग तक जाने तक सांप का निश्चय पूरी तरह से बदल दिया। उधर समय से कुछ देर बाद सांप राजा के शयन कक्ष में पहुंचा। सांप ने राजा से कहा, राजन! मैं तुम्हें काटकर अपने पूर्व जन्म का बदला चुकाने आया था, परन्तु तुम्हारे सौजन्य और सद्व्यवहार ने मुझे परास्त कर दिया। अब मैं तुम्हारा शत्रु नहीं मित्र हूं। मित्रता के उपहार स्वरूप अपनी बहुमूल्य मणि मैं तुम्हें दे रहा हूं।

सटाका




आज की पाती


### भीषण गर्मी का प्रकोप, तपते शहर

उत्तर भारत से लेकर पश्चिम और मध्य भारत तक इन दिनों गर्मी ने अपना विकराल रूप दिखाना शुरू कर दिया है। तापमान लगातार नए रिकॉर्ड की ओर बढ़ रहा है और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है, हवा में तपिश घुली हुई है और दोपहर का समय तो जैसे आग उगलता प्रतीत होता है। हालात ऐसे हैं कि लोग जरूरी कामों के अलावा घर से बाहर निकलने से बच रहे हैं। जो निकल भी रहे हैं, वे छाता, गमछा या कपड़े से खुद को ढककर ही बाहर कदम रख रहे हैं। बच्चे, बुजुर्ग और मजदूर वर्ग इस भीषण गर्मी की सबसे ज्यादा मार झेल रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार यह तापमान सामान्य से कई डिग्री अधिक है, जिससे गर्मी की तीव्रता और भी अधिक महसूस हो रही है। *- संजय खोखर, रोहतक*

करंट अफेयर

## घर के आंगन में उतरा हॉट बैलून, 13 लोग थे सवार

दक्षिणी कैलिफोर्निया में एक हॉट एयर बलून को आपात स्थिति में एक घर के परिसर में उतारना पड़ा, जिसमें 13 लोग सवार थे। यह घटना शनिवार को हुई जब एक विशाल हॉट एयर बलून, जिसमें पायलट और यात्री सवार थे, टेमेकुला के एक घर की संकरी घास वाली पट्टी पर बिल्कुल सही तरीके से उतारा गया। घर के मालिक हंटर पेरिन के मुताबिक उन्हें इन मेहमानों के आने की सूचना तब मिली जब एक पड़ोसी ने इसकी जानकारी दी। पेरिन ने 'केएबीसी-टीवी' को बताया, मैंने स्लाइडिंग कांच का दरवाजा खोला और पाया कि मेरे घर के आंगन में 13 लोगों से भरी एक टोकरी है! उसने कहा, पायलट बहुत माहिर था। बलून न तो किसी चीज से टकराया, न ही कोई घायल हुआ। ब्रियाना अवालोस, जो अपने पति के साथ शादी की दसवीं सालगिरह मनाने के लिए बलून पर सवार हुई थीं, ने बताया कि पायलट ने यात्रियों को सूचित किया कि कम ईंधन और कमजोर हवाओं के कारण उसे आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ेगी।



ऑफ बीट

## रात में पसीना आने के कई कारण हो सकते हैं



पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है। लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। मस्तिष्क में स्थित हाइपोथैलेमस, अंत:स्रावी तंत्र का हिस्सा है और शरीर के लिए तापमान नियंत्रण केंद्र है। इसमें तापमान सेंसर होते हैं जो केंद्रीय रूप से (अंगों में) और परिधीय रूप से त्वचा में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं (थर्मोरिसेप्टर्स) से जानकारी प्राप्त करते हैं। थर्मोरिसेप्टर्स शरीर के तापमान में बदलाव का पता लगाते हैं, हाइपोथैलेमस को वापस संकेत भेजते हैं। ये संकेत या तो शरीर को ठंडा करने के लिए पसीने को सक्रिय करेंगे या शरीर को गर्म करने के लिए कंपकंपी को सक्रिय करेंगे। उम्र या लिंग कोई भी हो, किसी को भी रात में पसीना आने का अनुभव हो सकता है। लेकिन पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रात में पसीना अधिक आता है, इसका मुख्य कारण रजोनिवृत्ति और संबंधित बदलते हार्मोन स्तर हैं। ऐसा माना जाता है कि एस्ट्रोजन के स्तर में बदलाव से नॉरपेनेफ्रिन और सेरोटोनिन के स्तर पर प्रभाव पड़ता है।

ट्रेंड

### कांग्रेस का असली चेहरा



जब कांग्रेस पार्टी मुद्दों पर घिर जाती है, तो उसके नेताओं की भाषा उनका असली चेहरा उजागर कर देती है। प्रधानमंत्री के विरुद्ध अपशब्दों का प्रयोग यह दर्शाता है कि विपक्ष के पास न कोई नीति है, न संकल्प।
- **शिवराज सिंह चौहान**, कृषिमंत्री

### मासूम की जागरूकता



एक आठ वर्षीय मासूम बच्ची की जागरूकता ने 1098 पर एक कॉल करके बाल विवाह को रोक दिया और एक बच्ची का बचपन बचा लिया। एक सही कदम बड़ा बदलाव ला सकता है। बाल विवाह एक अपराध है: सतर्क रहें, 1098 का उपयोग करें।
-**अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय** महिला विकास मंत्री

### 'मुन्ना' का निधन दुःखद



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह 'मुन्ना' के निधन की खबर अत्यंत दुःखद है। उन्होंने अपना पूरा जीवन जनसेवा और कांग्रेस पार्टी के मूल्यों के लिए समर्पित कर दिया। दुख की इस घड़ी में, मेरी गहरी संवेदनाएं उनके परिवार और समर्थकों के साथ हैं।
**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### ममता को भय का सहारा



एनडीए 20 राज्यों में सत्ता में है, लेकिन कहीं भी किसी के बोलने, खाने या पूजा करने पर प्रतिबंध नहीं है। ममता बनर्जी पिछले 15 वर्षों में कोई उपलब्धि हासिल नहीं कर पाई हैं, इसलिए वे भय, भ्रम और अफवाहें फैलाने का सहारा ले रही हैं।
**-अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा**


अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।






# बोनसाई प्लांट्स से 'सेव अर्थ, सेव प्लेनेट' का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तेजी से शहरी होते जीवन और सिकुड़ती जगहों के बीच हरियाली को बचाए रखना एक चुनौती बनता जा रहा है। ऐसे में बोनसाई की कला एक नई उम्मीद बनकर उभर रही है, जो यह संदेश देती है कि सीमित स्थान में भी हरियाली संभव है। आजकल शहर के घरों, फ्लैट्स और ऑफिस स्पेस में लोग छोटे-छोटे बोनसाई पौधों के जरिए प्रकृति को अपने करीब ला रहे हैं। जहां बड़े पेड़ लगाना संभव नहीं होता, वहां बोनसाई न केवल जगह बचाते हैं बल्कि हरियाली का एहसास भी बनाए रखते हैं।




सीमित जगह, असीम हरियाली

बोनसाई से ग्रीन लिविंग का संदेश देते शहर के नेचर प्रेमी

## प्रकृति के प्रति जुड़ाव सिखाती है

विशेषज्ञों की मानें तो बोनसाई केवल एक सजावटी पौधा नहीं, बल्कि यह एक जीवनशैली है, जो धैर्य, देखभाल और प्रकृति के प्रति जुड़ाव सिखाती है। छोटे आकार में पनपते ये पेड़ इस बात का प्रतीक हैं कि इच्छाशक्ति हो तो सीमित संसाधनों में भी बड़ा बदलाव संभव है। वर्ल्ड अर्थ डे पर हरिभूमि ने राजधानी के कुछ ऐसे ही बोनसाई प्रेमियों से बातचीत की जिन्होंने सालों से नहीं, बल्कि दशकों से बोनसाई प्लांट्स को अपने जीवन का आधार बनाया और बच्चे की भांति उन्होंने अपने इस बोनसाई का ध्यान रखा।

## 50 साल पुराना मधु कामिनी और फाइकस का है कलेक्शन

लेक सिटी बोनसाई संगठन के प्रेसिडेंट जगजीत सिंह बिंद्रा ने कहा कि मेरे पास बोनसाई प्लांट्स की ढेरों वैरायटी है, जिनकी संख्या 250 के करीब होगी। करीब 45 साल से बोनसाई प्लांट्स का कलेक्शन करने वाले जगजीत कहते हैं कि मेरी मां को गार्डनिंग का काफी शौक था और यही चीज मेरे भीतर भी आ गई और मैं भी गार्डनिंग करने लगा। शुरू में तो मुझे बोनसाई की केयर करने में काफी समय लगता था, लेकिन अब तो आदी हो चुका हूं। उन्होंने कहा कि मेरे पास सबसे पुराने बोनसाई में 50 साल पुराना मधु कामिनी है तो वहीं 55 साल पुराना फाइकस भी लोगों द्वारा काफी पसंद किया जाता है।

## 400 से भी ज्यादा बोनसाई प्लांट्स का कलेक्शन



ग्रीन लीफ फाउंडेशन की हेड और करीब 30 सालों से बोनसाई प्लांट्स का कलेक्शन करने वाले शहर की ममता मिश्रा ने कहा कि आज से 30-31 साल पहले मैंने बोनसाई प्लांट्स के लिए आयोजित एक वर्कशॉप को अटेंड किया था, उसके बाद से मुझे बोनसाई प्लांट से इतना लगाव हुआ कि मैं अभी तक करीब 400 से भी ज्यादा प्लांट्स लगा चुकी हूं। उन्होंने कहा कि बोनसाई प्लांट्स बनाना आसान नहीं है, उनकी केयर एक बच्चे की तरह ही होती है, समय-समय पर उनकी वायरिंग करना, गुड़ाई करना, री पॉटिंग करना जरूरी होता है, तभी वह बोनसाई प्लांट बन पाता है।

### रंगायन आर्ट गैलरी में अंतरराष्ट्रीय मिनी आर्टवर्क प्रदर्शनी में शामिल 117 पेंटिंग्स में चार आर्ट वर्क पुरस्कृत

# 'ईको ऑफ 2020' बनी खामोश चीखों का सशक्त प्रतिबिंब तो 'जॉय ऑफ लाइफ' में दिखी मासूमियत की अनकही धुन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महामारी के उस कठिन दौर को भुला पाना शायद ही किसी के लिए आसान हो, जब पूरी दुनिया भय, अनिश्चितता और अकेलेपन के साये में जी रही थी। इसी गहरे मानवीय अनुभव को सजीव रूप में सामने लाता है 'इको ऑफ 2020' एक प्रभावशाली पोर्ट्रेट, जिसे प्रिंट मेकिंग की पारंपरिक वुड कट तकनीक से साकार किया राहुल धीमान ने। इस कलाकृति में एक कोविड के दौरान एक महिला के चेहरे के भाव, आंखों में झलकता दर्द, चिंता और थकान उस समय की अनगिनत अनकही कहानियों को बयां कर रही है तो वहीं मुकुंद केतकर के द्वारा ब्रॉस से बना 'जॉय ऑफ लाइफ' स्कल्प्चर में मासूम बचपन के उस दौर को दिखाया है, जब जहां खुशियां स्क्रीन में नहीं, बल्कि साथी और सृजन में बसती थीं।

खेलते हुए बच्चों की इस टोली में इनका प्रिय मित्र एक डॉग और इनके हाथों में वेस्ट मटेरियल के वाद्य यंत्रों उस समय की याद दिलाते हैं जब कल्पना ही सबसे बड़ा खिलौना हुआ करती थी... बचपन की मासूमियत और कोविड के दर्द के साथ अलग-अलग परिस्थितियों को दर्शाती 117 मिनिएचर आर्ट वर्क को डिस्प्ले किया गया रंगायन आर्ट गैलरी में आयोजित मिनी आर्टवर्क प्रदर्शनी में। 23 अप्रैल तक जारी इस प्रदर्शनी में 30 राज्यों के 117 कलाकारों की कृतियां प्रदर्शित की जा रही हैं, जो इसे एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय कला मंच बनाती है, जिसमें 4 कलाकारों को नगद पुरस्कार तथा 10 कलाकारों को कंसोलेशन प्राइज दिया जाएगा।




राहुल ने महिला के चेहरे के भाव को उकेरा।




मुकुंद केतकर की बनाई गई स्कल्प्चर।

## परंपरा और प्रतीक का सृजनात्मक संगम 'एप्पल'




विनिंग केटेगरी में शामिल सीनियर आर्टिस्ट साजिद प्रेमी द्वारा निर्मित 12 बॉय 12 इंच का आकर्षक 'एप्पल' आर्टवर्क अपनी सादगी में गहराई और प्रतीकों में अर्थ समेटे हुए है। कोलाज फॉर्म में तैयार इस कृति में एक साधारण से दिखने वाले सेब को बहुस्तरीय अभिव्यक्ति के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है, जो दर्शक को सतह से परे जाकर सोचने के लिए प्रेरित करता है। कागज के विविध टेक्सचर, पुराने दस्तावेजों की झलक और मिट्टी के रंगों का संयोजन इस रचना को एक विंटेज और भावनात्मक स्पर्श देता है। सेब का आकार यहां सिर्फ एक फल नहीं, बल्कि ज्ञान, जीवन और समय के रूप को दर्शाता है।


## यह चार बने विजेता

पुणे की विद्या नारलकर (पेंटिंग), ग्वालियर के मुकुंद केतकर (स्कल्प्चर), भोपाल के साजिद प्रेमी (कोलाज) और अंबाला के राहुल धीमान (ग्राफिक्स) शामिल हैं। इसके साथ ही 10 अन्य आर्टिस्ट को उनके आर्टवर्क के लिए सांत्वना पुरस्कार दिए गए।

## मोड़ी लिपि की महीन रेखाओं में दिखा अक्षरों का उचित संयोजन

पुणे की विद्या नारलकर ने मोड़ी लिपि की महीन रेखाओं और बिंदुओं से एक मनभावन पेंटिंग उकेरी है, यह आकृति केवल अक्षरों का संयोजन नहीं, बल्कि स्मृतियों और संस्कृति का जीवंत विस्तार है। कलाकार का लिपियों के प्रति गहरा लगाव यहां स्पष्ट झलकता है, चाहे वह देवनागरी लिपि हो, रोमन लिपि हो या मोड़ी... हर लिपि विद्या के लिए अभिव्यक्ति का एक स्वतंत्र माध्यम है। विद्या ने कहा कि एयरप्लेन मोड की अवधारणा के आधार पर मैंने इस पेंटिंग को एक अलग रूप में बनाया है। उन्होंने कहा कि मिनिएचर फार्म में बनी मेरी यह पेंटिंग सूक्ष्मता और धैर्य का सुंदर उदाहरण है। हर बिंदु, हर रेखा एक कहानी कहती है, लिपियों के विकास, उनके सौंदर्य और उनके भीतर छिपे इतिहास को मैंने उकेरने की कोशिश की है।




## सूक्ष्म और भावनात्मक प्रतीक्षा को दर्शाती इन वेटिंग



रसाना भारद्वाज की वॉटरकलर कृति 'इन वेटिंग' एक सूक्ष्म और भावनात्मक प्रतीक्षा को दर्शाती है, जिसमें रंगों का बहाव मन की गहराइयों को छूता है। वहीं प्रणय विलास कडुस्कर की पेंटिंग में 'फ्रेजमेंट्स ऑफ डिके' प्रकाश और छाया के प्रभाव से मानव मन की जटिलताओं और समय के क्षरण को उजागर किया।

## स्थापत्य और इतिहास का सुंदर संगम दिखाती मॉन्यूमेंट्स



अरुण मौर्य की 'मॉन्यूमेंट्स' में स्थापत्य और इतिहास का सुंदर संगम दिखाया, जहां वॉटरकलर के माध्यम से पुरातन स्मारकों की गरिमा और समय की परतें जीवंत होती दिखी। तो वहीं लक्ष्मण चव्हाण की 'संवेदन-3' आधुनिकता और आत्म-अनुभूति के बीच एक गहन संवाद स्थापित करती नजर आई।

### गीतों और रोचक गतिविधियों से बच्चों को सिखाया पर्यावरण संरक्षण

## सारिका घारू के साथ बच्चों ने लिया पृथ्वी बचाने का संकल्प




**भोपाल।** विश्व पृथ्वी दिवस पर भारत सरकार के नेशनल अवॉर्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बच्चों के साथ मिलकर विशेष पर्यावरण जागरुकता गतिविधियां आयोजित की। हमारी शक्ति, हमारा ग्रह थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में बच्चों को पृथ्वी के संरक्षण और प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान सारिका घारू ने पर्यावरण आधारित गीतों के माध्यम से हरियाली की शक्ति और पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया।

## द राइजिंग सोसाइटी की अभिनय कार्यशाला में प्रतिभागियों ने सीखे अभिनय के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक ऐसी स्थिति जहां कोई तुम्हें सपोर्ट नहीं करता, जो एकल प्रदर्शन के लिए आवश्यक भी है। एकल अभिनय में अभिनेता के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए बहुत ही आवश्यक है, जहां वो मंच पर अकेला होता है यहां नाटक, कहानी की गति, पात्र, स्थिति सब कुछ केवल वही है, यही क्रिया और समझ उसे अभिनय को करने और समझने और में मदद करती है।

थिएटर की कुछ ऐसी ही बारीकियां सिखाई गईं द राइजिंग सोसाइटी ऑफ आर्ट एंड कल्चर की थिएटर वर्कशाप में। इस वर्कशाप में बताय गया कि इसकी शुरूआत छोटे-छोटे डायलॉग्स, मोनोलॉग्स, सोलोलॉकी से की जा सकती है, जिसके लिए आपको बहुत से साथी कलाकारों की आवश्यकता नहीं है, आप नाटकों या कहानी के संवाद को याद कर प्रस्तुत कर सकते हैं, आपको संवाद नहीं मिल रहे हैं तो आप इंप्रोवाइज कर सकते है, किसी एक स्थिति घटना परिस्थिति को लेकर उसे प्रस्तुत किया जा सकता है, और यदि शुरुआत में आपसे कुछ भी नहीं बनता तो आप अपनी ही कहानी को रोचक तरीके से प्रस्तुत करने उसे सुनाने की कोशिश करते हुए शुरू कर सकते हैं।




## हिंदी सेवी कैलाश पंत का अभिनंदन 26 को

**भोपाल।** सुप्रसिद्ध हिंदी सेवी तथा मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के पूर्व मंत्री संचालक कैलाशचंद्र पंत 26 अप्रैल को जीवन के 90 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं। इसी वर्ष उन्हें भारत सरकार द्वारा शीर्ष सम्मान 'पद्मश्री' से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। इस सुखद संयोग को भोपाल की साहित्यक बिरादरी मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के तत्वावधान में ऐतिहासिक रूप देने जा रही है।



समिति के मंत्री संचालक डॉ. विकास दवे के अनुसार शाम 5 बजे से हिंदी भवन परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में दादा पंत का सार्वजनिक अभिनंदन किया जाएगा।

## यूनान की सरहद से हजारों विद्यार्थी चाणक्य से शिक्षा लेने आते थे...

### एमसीयू में मना पीआर डे, जनसंपर्क अधिकारियों ने बताए पीआर के गुण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय जनसम्पर्क दिवस के अवसर पर एमसीयू के जनसम्पर्क विभाग में एक खूबसूरत आयोजन हुआ। इस आयोजन में कई प्रतिष्ठित जनसम्पर्क अधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों को इस विधा की बारीकियों से अवगत कराया गया। विकसित भारत 2047 के निर्माण में सीएसआर और पीआर की भूमिका और समन्वय पर प्रकाश डालते हुए सर्वप्रथम कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि वर्क से ज्यादा नेटवर्क का महत्त्व है, यूनान की सरहद से हजारों विद्यार्थी चाणक्य से शिक्षा लेने आते थे, बाद में जब वे अपने अपने देश लौटते थे और मगध के खिलाफ कोई भी साजिश अगर पनप रही होती थी तो कोई न कोई उनका शिष्य इस जानकारी को चाणक्य तक पहुंचा ही देता था। समाज और शासन के कल्याण के लिए होने वाले जनसम्पर्क का इससे बेहतर उदाहरण कहां मिलेगा?




### स्पीड के पीछे न भागें, सत्य को साथी बनाएं...

अमृतेश श्रीवास्तव (एनपीसीआईएल -मुंबई) ने खुशियों की स्क्रिप्ट फिल्म के माध्यम से बताया कि कैसे सीएसआर और पी आर मिलकर जनकल्याण के काम सुगमता से कर सकते हैं, बिना सीएसआर के पीआर संभव नहीं और बिना पीआर के सीएसआर को आगे बढ़ाना मुश्किल है। अगर देश को मजबूत बनाना है तो राज्यों को सशक्त करना होगा और राज्यों को ताकत देनी है तो शहर और गांव को समृद्ध बनाना होगा। मनीष गौतम (पीआईबी-भोपाल) ने कहा कि सरकारी नीतियों को सही माध्यम से सही व्यक्ति तक पहुंचाना ही बड़ा दायित्व है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि स्पीड के पीछे न भागें, सत्य को साथी बनाएं।

## केंद्रीय संस्कृत विवि में दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का शुभारंभ

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार से हुआ, जिसका विषय था शिक्षण कौशल एवं डिजिटल दक्षता का संवर्धन पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र में प्रो. मुनिशचंद्र त्रिवेदी ने मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुए।

उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि एआई आधुनिक शिक्षा प्रणाली को तेजी से परिवर्तित कर रहा है, जिससे शिक्षण अधिक प्रभावी, व्यक्तिगत और तकनीक-आधारित बन रहा है। दूसरे सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. साक्षी त्रिपाठी ने संस्कृत ब्लॉगिंग के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि यह भारतीय ज्ञान, संस्कृति और परंपरा के प्रचार-प्रसार का एक सशक्त माध्यम है।

एआई जैसे प्लेटफॉर्म पर देवनागरी लिपि में संस्कृत ब्लॉग शुरू करना सरल है, जहां व्याकरण, सुभाषित, दार्शनिक कथाएं और भारतीय संस्कृति जैसे विषयों पर लेखन किया जा सकता है। इससे न केवल भाषा संरक्षण होता है, बल्कि डिजिटल युग में संस्कृत को वैश्विक पहचान भी मिलती है।

### मानव संग्रहालय में 'स्वच्छता पखवाड़ा 2026' के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

# कागज पर सजीव रूप में प्रस्तुत हुए 'स्वच्छ भारत' के विविध आयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किसी बच्चे ने धरती को मां के रूप में दर्शाते हुए स्वच्छता का संदेश दिया, तो किसी ने काशी और मथुरा जैसे पवित्र स्थलों के चित्र बनाकर गंदगी न फैलाने की अपील की। वहीं कई प्रतिभागियों ने डस्टबिन के उपयोग और स्वच्छ वातारण से होने वाले लाभ दिखाकर भी सेव अर्थ सेव एनवायरनमेंट का संदेश दिया।

रंगों की कूची से कैनवास पर सजे कुछ ऐसे ही आकर्षक चित्र देखने को मिले मंगलवार को मानव संग्रहालय में आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में, 'स्वच्छता पखवाड़ा 2026' (16 से 30 अप्रैल) के अंतर्गत मंगलवार को पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वच्छ भारत अभियान से नई पीढ़ी को जोड़ने और उनकी रचनात्मक सोच को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों से आए 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लेते हुए अपने रंगों और कल्पनाशक्ति के जरिए स्वच्छ भारत के विविध आयामों को कागज पर सजीव रूप में प्रस्तुत किया।




मानव संग्रहालय में आयोजित पेंटिंग कॉम्पटीशन में कैनवास पर अपनी रचनात्मक सोच उकेरते हुए स्कूली बच्चे।

## कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त भारत के साथ स्वच्छ परिवेश की दिखी झलक



बच्चों के पोस्टरों में कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त भारत, स्वच्छ परिवेश और व्यक्तिगत स्वच्छता जैसे विषय प्रमुख रूप से उभरकर सामने आए। बच्चों द्वारा बनाए गए हर चित्र में एक संदेश, एक सोच और एक जिम्मेदार नागरिक बनने की झलक दिखाई दी। बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से यह साबित किया कि वे न केवल जागरूक हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता भी रखते हैं।

# कभी लौह अयस्क का केंद्र रहा कुल्टी आज बदहाली से जूझ रहा, घुसपैठ के चक्कर में विकास ठप, ममता और स्टालिन सरकार ने अर्थव्यवस्था को 'गर्त' में डाल दिया



एजेंसी ▶▶ कुल्टी

पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल तेज हो चुका है और दार्जिलिंग के बाद अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल की कुल्टी विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा के दौरान राज्य की ममता बेनर्जी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कभी कुल्टी देश में लौह अयस्क उत्पादन का बड़ा केंद्र हुआ करता था, लेकिन मौजूदा सरकार की नीतियों के कारण यह क्षेत्र अब बंद होने की कगार पर पहुंच गया है।राज्य में औद्योगिक विकास की अनदेखी की गई है, जिससे कई पारंपरिक उद्योगों पर संकट गहराता जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि सही नीतियां अपनाई जातीं, तो कुल्टी जैसे क्षेत्र आज भी देश की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभा सकते थे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव पूरे बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त कराना है। शाह ने जनता से अपील करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार बनाएं। भाजपा सरकार में हर घुसपैठिए की पहचान कर उसे हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा सत्ता में आई तो घुसपैठियों को बाहर करेंगे

शाह ने टीएमसी सरकार पर जुबानी हमला बोला। हम 'आयरन सिटी' का दर्जा एक बार फिर बहाल करने के लिए काम करेंगे। अवैध खनन को रोका जाएगा। उन्होंने कहा कि बंगाल का चुनाव बंगाल को घुसपैठिया मुक्त बनाने का चुनाव है। बंगाल से एक-एक घुसपैठियों को निकालने का काम करेंगे।

## पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में चुनाव प्रचार चरम पर पहुंचा, कुल्टी में गृहमंत्री शाह ने ललकारा



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रैली के दौरान लोगों का अभिवादन करते हुए

## दार्जिलिंग की रैली में बोले — दीदी को हटाने का समय आ गया

दार्जिलिंग में जनसभा के दौरान शाह ने राज्य की राजनीतिक स्थिति पर तीखा बयान दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में बदलाव की मांग अब तेज हो रही है और जनता परिवर्तन की दिशा में सोच रही है। शाह ने गोरखा समुदाय से जुड़े मुद्दों पर बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अगर राज्य में भाजपा की सरकार बनती है, तो गोरखा बहनों और भाइयों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

### ममता ने गोरखाओं के नाम काट दिए

शाह ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में ममता दीदी और उनके प्रशासन ने कुछ गोरखाओं के नाम भी काट दिए हैं। कोई बात नहीं। सीटें तो वैसे भी हमारे पास ही आ रही हैं। जैसे ही चुनाव खत्म होंगे, भाजपा धीरे-धीरे हर एक गोरखा को वापस मतदाता सूची में शामिल कर लेगी।

### सभी वर्गों के लिए सुविधाएं देंगे

उन्होंने कहा कि चाय बागानों में स्कूल खोलना, चाय बागान श्रमिकों को उनकी जमीन का मालिकाना हक देना, आवास पट्टे उपलब्ध कराना, 2 वर्ष के भीतर चाय बागान श्रमिकों की मजदूरी में 500 रुपए से अधिक की वृद्धि होगी। सभी लाभान्वित होंगे।

### यह अन्याय अब नहीं चलेगा

### मदरसों के लिए 5800 करोड़, उत्तर बंगाल के लिए सिर्फ 2000 करोड़

शाह ने कहा कि बंगाल के सरकारी खजाने का बड़ा हिस्सा एक खास वर्ग के लिए लुटाया जा रहा है। ममता ने उत्तर बंगाल के विकास, जनजातीय क्षेत्रों और पहाड़ों के लिए कुल मिलाकर केवल 2,000 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। वहीं मुस्लिमों और मदरसों के लिए बजट का प्रावधान 5800 करोड़ रुपए रखा गया है।

### बारानगर में बोले केंद्रीय मंत्री प्रधान

## बंगाल की कानून व्यवस्था ठीक करने बदलनी होगी सरकार



बंगाल चुनाव को लेकर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बारानगर से भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने भरोसा जताया कि बंगाल का माहौल भाजपा के पक्ष में है और बंगाल की कानून व्यवस्था को ठीक करने के लिए सरकार बदलनी होगी। बंगाल में चुनाव निष्पक्ष तरीके से होने चाहिए, क्योंकि ममता के पैरों तले से जमीन खिसक गई है।

### खरगे ने प्रधानमंत्री को बताया आतंकवादी

### फिर दी सफाई और बोले पीएम मोदी डरा रहे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक रैली में पहले पीएम मोदी की तुलना आतंकवादी से की, फिर बचाव किया है। खरगे ने अन्ना द्रमुक पर कहा कि ऐसे लोगों के साथ हाथ मिलाना लोकतंत्र को कमजोर करने जैसा है। खरगे ने कहा कि मेरे कहने का मतलब यह था वेलोगों और राजनीतिक दलों को डराने-धमकाने का काम करते हैं।

### भाजपा का पलटवार: कांग्रेस की हताशा दिखी



खरगे के बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि खरगे ने प्रधानमंत्री के लिए जिन शब्दों का इस्तेमाल किया है। यह न केवल निंदनीय है, अपितु कांग्रेस की मानसिकता है। यह जानबूझ कर किया गया कांग्रेस का षड्यंत्र है। इसमें कांग्रेस की हार की हताशा दिखाई दे रही है। भाजपा ने ईसीआई से शिकायत की है।

### हल्दिया में गरजीं सीएम ममता

### बंगाल में फिर बनेगी टीएमसी सरकार



सीएम ममता बेनर्जी ने हल्दिया में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने दावा किया कि टीएमसी लगातार चौथी बार सत्ता में वापसी करेगी। कोई भी भाजपा की सरकार नहीं चाहता है। उन्होंने कहा कि केंद्र से एनडीए सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। 2026 में भाजपा को दिल्ली की सत्ता से भी बाहर कर देंगे।

### स्टालिन का केंद्र पर हमला

### तमिलनाडु से 'बैर' करने वालों के लिए 'खतरा'...



**चेन्नई।** तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने कहा कि जो तमिलनाडु के साथ विश्वासघात करेंगे और इसके विकास में बाधा डालना चाहते हैं, उनके लिए वे हमेशा 'खतरा' है।

### बंगाल में बाइक रैली पर बैन

### चुनाव आयोग बोला पीछे भी बैठे तो खैर नहीं



बंगाल में स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव सुनिश्चित करने राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी ने बाइक के उपयोग पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। मतदान से 48 घंटे पहले किसी भी प्रकार की बाइक रैली न करें।

## खबर संक्षेप

### फ्रॉड में बैंक के 3 अफसर समेत 20 गिरफ्तार



**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में 2500 करोड़ रके साइबर फ्रॉड का भंडाफोड़ हुआ है। इसके साथ ही कुल गिरफ्तार आरोपियों की संख्या 20 हो गई है। यस बैंक के पर्सनल मैनेजर मौलिक कामानी, एक्सिस बैंक के मैनेजर कल्पेश डांगरिया और एचडीएफसी बैंक के पर्सनल बैंकर अनुराग बाल्धा अरेस्ट हुए हैं।

### डॉ. भागवत के खिलाफ हाईकोर्ट में अर्जी खारिज



**मुंबई।** उच्च न्यायालय की नागपुर खंडपीठ ने संघ प्रमुख मोहन भागवत को दी जा रही जेड प्लस वीआईपी सुरक्षा कवच का खर्च सरसंचालक मोहन भागवत के जरिए वसूलने की मांग खारिज कर दी। याचिका मे यह मांग की गई थी कि उनकी सुरक्षा पर खर्च स्वयं सरसंघचालक से वसूला जाए।

### महिलाओं पर पप्पू यादव का बयान, नोटिस जारी

**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने महिलाओं के संबंध में कहा कि महिलाओं को राजनीति में आने के लिए कंप्रोमाइज करना पड़ता है। बिहार राज्य महिला आयोग ने यादव को नोटिस जारी किया है। आयोग ने महिलाओं के खिलाफ ऐसी टिप्पणी करने को लेकर जवाब मांगें हैं।

### पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच देश के लिए खुशखबर

# क्रूड में उतार-चढ़ाव के बीच देशभर में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति सामान्य

क्रूड बास्केट का औसत मूल्य 116 डॉलर प्रति बैरल दर्ज किया गया

पश्चिम एशिया में तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई। अप्रैल में इसकी कीमतों ने दुनिया को मुश्किल में डाला

## पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता ने दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि जनवरी में भारतीय क्रूड बास्केट की कीमत करीब 63 डॉलर प्रति बैरल थी, जो मार्च में 113 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई। अप्रैल में इसका औसत मूल्य लगभग 116 डॉलर प्रति बैरल दर्ज किया गया है। वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद सरकार ने कहा कि देश में ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें पड़ोसी देशों की तुलना में अब भी सबसे कम स्तरों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता सामान्य है और किसी भी वितरक के यहां कमी की शिकायत नहीं मिली है। वर्तमान में गैस सिलेंडर डिलीवरी दक्षता 93 प्रतिशत है। ऑनलाइन बुकिंग में गिरावट है। यह फिलहाल 45 से 46 लाख प्रतिदिन के दायरे में है। कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह बहाल हो चुकी है।

■ कच्चे तेल के लिए विश्व में हाहाकार

### छोटे सिलेंडरों की उपलब्धता बढ़ाई

सरकार ने प्रवासी आबादी को राहत देने के लिए पांच किलो वाले छोटे सिलेंडरों की उपलब्धता भी बढ़ाई है। 3 अप्रैल से अब तक 7,400 जागरूकता शिविर लगाए गए हैं और 1.07 लाख से अधिक छोटे सिलेंडर बेचे जा चुके हैं।


पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता

### देश में फिलहाल सबसे कम कीमतें

शर्मा ने एक अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में कहा कि अगर आप देखें तो जनवरी में हमारा इंडियन क्रूड बास्केट लगभग 63 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल था, जो मार्च में बढ़कर 113 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया और अप्रैल में औसतन लगभग 116 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल है। वैश्विक कीमतों में तेज बढ़ोतरी और अस्थिरता के बावजूद भारत पड़ोसी देशों की तुलना में अभी भी अपेक्षाकृत कम ईंधन कीमत बनाए हुए है।

## आपूर्ति शृंखला को सुरक्षित बनाने सभी कदम उठा रहे

पशुपालन एवं डेयरी विभाग की निदेशक पूजा रुस्तगी ने अंतर-मंत्रालयीन ब्रीफिंग में बताया कि डेयरी क्षेत्र को ईंधन, गैस और प्लास्टिक पैकेजिंग सामग्री की आपूर्ति से जुड़ी कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्पादन, परिवहन और वितरण व्यवस्था सामान्य रूप से जारी है। सरकार ने स्पष्ट किया कि पश्चिम एशिया संकट के असर पर लगातार नजर रखी जा रही है और घरेलू ऊर्जा आपूर्ति शृंखला को सुरक्षित बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

### प्राकृतिक गैस की आपूर्ति आसान

प्राकृतिक गैस आपूर्ति को लेकर भी सरकार ने स्थिति सामान्य बताई है। घरेलू पीएनजी और सीएनजी परिवहन की आपूर्ति 100 प्रतिशत बनाए रखी गई है। अब तक 5.68 लाख नए उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं, जबकि 39,400 से अधिक उपभोक्ताओं ने एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर पीएनजी अपनाया है। देशभर के पेट्रोल पंपों पर किसी भी उत्पाद की कमी नहीं है। रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। अनियमितताओं को रोकने 2,200 से अधिक औचक निरीक्षण और छापेमारी भी की गई।

### पेट्रोल की टेंशन जल्द होगी खत्म



### 85 प्रतिशत इथेनॉल से चलने वाली गाड़ियां दौड़ेंगी

दुनिया भर में जियोपॉलिटिकल तनाव और कच्चे तेल की लगातार बदलती कीमतों का सीधा असर हमारी जेब पर पड़ता है। अब इस बढ़ती अनिश्चितता को जड़ से खत्म करने और महंगे विदेशी तेल पर देश की भारी निर्भरता को घटाने के लिए सरकार एक दूरगामी दांव चलने जा रही है। भारत में अब 'फ्लेक्स-फ्यूल' से चलने वाले अत्याधुनिक वाहनों को तेजी से सड़कों पर उतारने की बड़ी तैयारी हो रही है। यह वे गाड़ियां होंगी जो ई-85 (ई85) ईंधन पर दौड़ सकेंगी, जिसमें 85 प्रतिशत इथेनॉल और केवल 15 प्रतिशत पेट्रोल का मिला होगा।

### बाजार में डर कायम


युद्धविराम समझौते के चलते कीमतों में थोड़ी नरमी है, लेकिन सप्लाई चेन के रुकने का डर अभी भी पूरे बाजार में बना हुआ है। 'हर्मुज ' ने इस ऊर्जा चिंता को और ज्यादा गहरा कर दिया है।

### वेणुगोपाल ने बिरला को लिखा पत्र

## पीएम मोदी के खिलाफ दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

प्रधानमंत्री के संबोधन से कांग्रेस बिफरी, इस पर शिकायत की





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को विशेषाधिकार हनन (प्रिविलेज नोटिस) दिया है। अपने पत्र में वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने 18 अप्रैल 2026 को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में लोकसभा के सदस्यों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की और उनके इरादों पर सवाल उठाए।

कांग्रेस का कहना है कि यह संसद की गरिमा और सांसदों के अधिकारों का उल्लंघन है।पीएम मोदी का यह संबोधन उस समय हुआ जब लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026 पारित नहीं हो सका था। कांग्रेस का आरोप है कि इस भाषण में प्रधानमंत्री ने विपक्षी सांसदों के मतदान और उनकी मंशा को लेकर सीधे तौर पर टिप्पणियां कीं।

### संसद और लोकतंत्र की गरिमा से जुड़ा मामला

पीएम मोदी के खिलाफ लिखे इस पत्र में वेणुगोपाल ने पूरे मामले को बेहद गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि यह मामला बेहद गंभीर है क्योंकि यह सिर्फ किसी व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि संसद और लोकतंत्र की गरिमा से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से तुरंत कार्रवाई की मांग की है।

इसके साथ ही कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि सांसदों के अधिकारों की रक्षा और संसद की गरिमा बनाए रखना जरूरी है, ताकि भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति न हो। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी इस मुद्दे पर कहा कि प्रधानमंत्री का यह संबोधन पहले से तय परंपराओं के खिलाफ था और इसमें विपक्ष पर कई राजनीतिक हमले किए गए।

### प्रधानमंत्री ने विपक्ष की आलोचना की थी

केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण से जुड़े 3 विधेयकों को पास कराने के लिए 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र बुलाया था, जिस पर लंबी बहस हुई। शुक्रवार को शाम 5 बजे के बाद हुए मतदान में इसे जरूरी 2 तिहाई वोट नहीं मिल सके और यह प्रस्ताव गिर गया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने 18 अप्रैल को रात साढ़े 8 बजे दूरदर्शन पर 'राष्ट्र के नाम संबोधन' किया, जिसमें विपक्षी सांसदों की आलोचना की थी।

### केरलम के त्रिशूर में पटाखा गोदाम में आग, हादसे के वक्त करीब 40 लोग कर रहे थे

## अब तक 13 लोगों की मौत, कई की हालत गंभीर 40 लोग कर रहे थे काम,प्रधानमंत्री ने दुख जताया

एजेंसी ▶▶ त्रिशूर

केरल के त्रिशूर जिले के मुंडथिक्कोडु इलाके में मंगलवार को एक पटाखा निर्माण यूनिट में भीषण विस्फोट गया। इसमें 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब शहर में वार्षिक हिंदू मंदिर उत्सव त्रिशूर पूरम की तैयारियां चल रही थीं। इस घटना पर पीएम मोदी ने दुख जताया है। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के समय यूनिट में करीब 40 लोग काम कर रहे थे, क्योंकि आयोजकों द्वारा कर्मचारियों के लिए दोपहर का भोजन लाया गया था। 7 लोग वहां से भागने में



सफल रहे। घटनास्थल पर बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री थी,जिससे जोरदार धमाका हुआ। 40 लोगों के घायल होने की खबर थी, जिनमें से 8 की हालत गंभीर थी। प्रशासन ने त्रिशूर मेडिकल कॉलेज सहित आसपास के अस्पतालों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में केरल के सबरीमाला मंदिर के मामले में सुनवाई

# भक्त को देवता को छूने से रोका तो संविधान करेगा रक्षा?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में केरल के सबरीमाला मंदिर समेत विभिन्न धर्मों और धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ कथित भेदभाव से जुड़े मामलों पर सुनवाई जारी है। कोर्ट ने 9 न्यायाधीशों की संविधान पीठ का गठन किया है, जो 2018 के फैसले के खिलाफ दायर समीक्षा याचिकाओं पर विचार कर रही है।



## 9 न्यायाधीशों की संविधान पीठ कर रही विचार

### समय का सख्ती से पालन हो



सुनवाई के पहले दिन संविधान पीठ ने स्पष्ट किया कि सभी पक्षकारों को तय समयसीमा के भीतर ही अपनी दलीलें प्रस्तुत करनी होंगी। अदालत ने कहा कि अन्य अहम मामले भी लंबित हैं, इसलिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। सभी वकीलों को अपने तर्क और दस्तावेज समय पर पेश करने के निर्देश दिए गए हैं।

### केंद्र सरकार समीक्षा याचिकाओं की समर्थक

बोर्ड ने धर्म की समुदाय-केंद्रित व्याख्या अपनाने की अपील की है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि केंद्र सरकार इन समीक्षा याचिकाओं का समर्थन करती है।

### धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े व्यापक सवाल उठे

सबरीमाला मामले के साथ-अदालत अनुच्छेद 25 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े कई अहम मुद्दों की भी जांच कर रही है। इनमें मस्जिदों और दरगाहों में मुस्लिम महिलाओं के प्रवेश, अंतरधार्मिक विवाह के बाद पारसी महिलाओं के अग्नि मंदिर में प्रवेश का अधिकार, बहिष्कार की प्रथाओं की वैधता पर भी सवाल उठे हैं।

## पश्चिम-एशिया में युद्ध की शुरुआत के बाद से लेकर अब तक देश लौटे 11 लाख 61 हजार लोग

# होर्मुज से सुरक्षित निकलेंगे भारत के जहाज, ईरान से लगातार जारी बातचीत: जायसवाल

**देश गरिमा नामक जहाज 97 हजार मीट्रिक टन कच्चा तेल लेकर 27 अप्रैल को पहुंचेगा मुंबई**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पिछले सप्ताह होर्मुज जलडमरूमध्य से निकलते वक्त ईरान की नौसेना द्वारा दो भारतीय वाणिज्यिक जहाजों पर की गई गोलीबारी के मामले की आंच देश के कूटनीतिक गलियारों में अभी तक पूरी तरह से ठंडी नहीं पड़ी है। भारत ने इसे लेकर बेहद गंभीरता के साथ न केवल अपना विरोध ईरान के उच्च-अधिकारियों के समक्ष दर्ज कराया है। बल्कि वर्तमान में भी



मामले पर हमारा उनके साथ नियमित रूप से संपर्क बना हुआ है। इस वर्ष 28 फरवरी को पश्चिम-एशिया और खाड़ी क्षेत्र में शुरू हुए इस युद्ध के बाद से लेकर अब तक कुल 8 भारतीयों की मौत हो चुकी है। जबकि 1 अन्य अभी तक लापता है। यह जानकारी मंगलवार को पश्चिम-एशिया से जुड़े घटनाक्रम पर राजधानी में आयोजित की गई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है।

### एनएसए ने की सऊदी-अरब की यात्रा

जायसवाल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के निर्देश पर भारत का खाड़ी देशों के साथ लगातार संवाद बना हुआ है। विदेश मंत्रालय भी क्षेत्र के हालात पर कड़ी नजर बनाए हुए है। दो दिन पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने सऊदी-अरब की यात्रा की थी। उससे पहले विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और केंद्रीय पेट्रोलियम-प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कतर की यात्रा की है। इसके अलावा केंद्रीय वाणिज्य-उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी क्षेत्र के अपने तमाम समकक्षों के साथ संपर्क में बने हुए थे। इन सभी वार्ताओं का सार कहें या इनमें मुख्यरूप दोनों पक्षों के साझा हितों और चिंताओं से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। भारत के संदर्भ में ऊर्जा सुरक्षा और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा का मुद्दा मुख्य है।

### सऊदी अरब, ओमान, कतर, बहरीन का एयरस्पेस खुला

मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी क्षेत्र) असीम. आर. महाजन ने बताया कि 28 फरवरी के बाद से लेकर अब तक कुल करीब 11 लाख 61 हजार भारतीय सुरक्षित वापस लौटे हैं। विभिन्न हवाई उड़ान सेवाओं से जुड़ी हुई कंपनियां इलाके के सुरक्षा हालात और रणनीतिक परिस्थितियों का आकलन कर अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। वहीं, मंत्रालय की सर्वोच्च प्राथमिकता क्षेत्र में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण को लेकर बनी हुई है। खाड़ी के कुछ देश सऊदी अरब या ओमान के रास्ते अपनी हवाई उड़ान सेवाएं संचालित कर रहे हैं। कतर का एयरस्पेस खुला है और वहां से सीधी उड़ानें आ रही हैं। लेकिन कुवैत का एयरस्पेस बंद है। इसलिए वह अपनी उड़ानों की संचालन सऊदी अरब के रास्ते कर रहा है। बहरीन का एयरस्पेस खुला है, वहां से उड़ान लगातार आ रही हैं।

### इराक से भारत पहुंचे 12 नाविक

उन्होंने कहा कि युद्ध की वजह से इराक में फंसे हुए 12 नाविक सोमवार को मुंबई पहुंचे हैं। जिसमें इराक द्वारा अपना एयरस्पेस खोलने का अहम योगदान है। इसके अलावा बगदाद में भारतीय दूतावास ने भी इन लोगों को सुरक्षित स्वदेश पहुंचाने में काफी सहायता प्रदान की है। मंत्रालय का एक समर्पित कंट्रोल रूम चौबीसों घंटे अपना काम कर रहा है। हमारे मिशन, दूतावास हेल्पलाइन नंबरों, अपडेट के साथ एडवाइजरी जारी कर लोगों को परामर्श दे रहे हैं। इराक का एयरस्पेस खुला है। वहां से देश के अलग-अलग भागों के लिए सीमित उड़ान आ रही हैं। ईरान का एयरस्पेस कार्गो और चार्टर्ड उड़ानों के लिए आंशिक रूप से खुला हुआ है। तेहरान में हमारा दूतावास लगातार भारतीयों को ईरान के जरिए आर्मेनिया, अजरबैजान पहुंचाने में लगा हुआ है। महाजन ने कहा, इजरायल का एयरस्पेस फिलहाल खुला हुआ है।

### खाड़ी में 14 जहाज खड़े

केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय के अधिकारी मुकेश मंगल ने कहा कि वर्तमान स्थिति में भारत के कुल 14 (9 एलपीजी, 1 कच्चे तेल का है) जहाज खाड़ी क्षेत्र में हैं। जिनमें 13 देश का ध्वज लगे हुए हैं और एक अन्य भारत द्वारा स्वीकृत किया गया जहाज है। देश गरिमा नामक एक भारतीय जहाज 97 हजार मीट्रिक टन कच्चा तेल लेकर 27 अप्रैल को मुंबई पहुंचेगा। उन्होंने जहाजों की सुरक्षित आवाजाही के लिए बनाए गए घरेलू बीमा पूल को लेकर कहा, इसमें सभी प्रकार के समुद्री बीमा को शामिल किया जाएगा। यह एक प्रकार का री-इंश्योरेंस है।

---

## खबर संक्षेप

### मेक्सिको में कनाडाई पर्यटक की हत्या



**नई दिल्ली।** मेक्सिको के टियाटिहुआकन में स्थित 'पिरामिड ऑफ द मून' पर सोमवार को सुबह साढ़े ग्यारह बजे एक हमलावर ने अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें एक कनाडाई पर्यटक की जान चली गई और 13 अन्य घायल हो गए। हमलावर ने बाद में खुद को भी गोली मार ली। यह हमला मेक्सिको की पर्यटन सुरक्षा के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि गोलीबारी की घटना की जांच की जाएगी और वह कनाडाई दूतावास के संपर्क में हैं।

### जर्मनी के गुरुद्वारे में झड़प में 4 घायल, जांच शुरू



**लंदन।** जर्मनी के मोर्स शहर में एक गुरुद्वारे में दो गुटों के बीच झड़प में चार लोग घायल हो गए, जिसके बाद विशेष बलों सहित सुरक्षा बल को बड़े पैमाने पर तैनात किया गया। वेसेल जिला पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 2:20 बजे सिख सामुदायिक केंद्र में प्रार्थना के समय तब हुई, जब वहां मौजूद दो समूहों के बीच कहासुनी हुई। चार लोगों को मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद विशेष बलों को बुलाया गया। कुछ समय के लिए पुलिस हेलीकॉप्टर भी तैनात किया गया था।

---

### बर्लिन में जर्मनी की संसद को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

# पश्चिम-एशिया संकट के बीच भारत ने प्रदर्शित की सक्रिय-समन्वित रणनीति: राजनाथ सिंह

*पश्चिम-एशिया संकट का का उल्लेख करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा भारत ने इस चुनौती के संदर्भ में सक्रिय और समन्वित रणनीति अपनाई है। जो कि हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों को शांति, दूरदृष्टि और प्रभावी संस्थागत समन्वय के साथ जवाब देने की क्षमता को मजबूती के साथ प्रदर्शित करता है*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को अपनी तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा के तहत जर्मनी पहुंचे। जहां उन्होंने बर्लिन में जर्मनी की संसद को संबोधित करते हुए पश्चिम-एशिया संकट का उल्लेख करते हुए कहा भारत ने इस चुनौती के संदर्भ में सक्रिय और समन्वित रणनीति अपनाई है। जो कि हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों को शांति, दूरदृष्टि और प्रभावी संस्थागत समन्वय के साथ जवाब देने की क्षमता को मजबूती के साथ प्रदर्शित करता है।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में भारत और जर्मनी के बीच रक्षा औद्योगिक साझेदारी बढ़ाने का भी आह्वान किया है। साथ ही उभरते हुए सुरक्षा संबंधी खतरों का मुकाबला करने के लिए जर्मनी के उद्योगों को भारत में सह-निर्माण, विकास और सह-नवाचार के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बदलते हुए परिदृश्य के लिए समन्वित प्रतिक्रिया, भरोसेमंद सामरिक साझेदारी और दृढ़ इच्छाशक्ति को आज के वक्त की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया है। यहां बता दें कि रक्षा मंत्री 21 से लेकर 23 अप्रैल तक जर्मनी की यात्रा पर हैं।

**जर्मनी के बीच रक्षा औद्योगिक साझेदारी बढ़ाने का भी**




बर्लिन पहुंचने पर रक्षा मंत्री का सैन्य सम्मान के साथ स्वागत

### इसलिए नई सोच संग आगे बढ़ने की जरूरत

उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत में जर्मनी की रक्षा-सुरक्षा मामलों की स्थायी समिति को संबोधित किया और इस बात पर खासा जोर दिया कि आज पूरी दुनिया नए प्रकार के सुरक्षा खतरों का सामना कर रही है। जिसमें तकनीक में आए जबरदस्त बदलाव ने परिस्थितियों को कई गुना जटिल बनाते इसका विस्तार कर दिया है। इसलिए इस बदलते हुए परिदृश्य में नई सोच को अपनाते हुए दृढ़ता के साथ आगे बढ़ना ही आज के समय की सबसे बड़ी मांग या जरूरत है।

### साझेदारी से होगा दोनों देशों को लाभ

रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र में कई बड़े और महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। जिससे जर्मनी के साथ हमारी रक्षा साझेदारी बढ़ी है। इसकी मदद से जर्मनी के उद्योगों को साझा रूप से फायदा मिल सकता है। दोनों देश अपनी भागीदारी को और अधिक आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों द्वारा सामरिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए दिए गए जोर का भी जिक्र किया। भारत और जर्मनी केवल रणनीतिक साझेदार नहीं हैं। बल्कि वर्तमान समय में वैश्विक संवाद को आकार देने में भी इनकी अहम भूमिका है।

**सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी का हवाई दौरा**

### भारत-अमेरिका रक्षा संबंध और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता पर जोर



सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अमेरिका के होनोलूलू में यूनाइटेड स्टेट्स आर्मी पैसिफिक के कमांडिंग जनरल, जनरल रोनाल्ड पी. क्लार्क और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग मजबूत करने और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए एक साझा दृष्टिकोण आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। जनरल द्विवेदी का हवाई स्थित यूएस मिलिट्री बेस पहुंचने पर फोर्ट शैफ्टर में उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया और उन्होंने ओहू द्वीप का हवाई दौरा भी किया। भारतीय सेना के अतिरिक्त जन सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी दी।

### सेना के वरिष्ठ अधिकारों से की चर्चा

जनरल द्विवेदी ने अमेरिकी आर्मी पैसिफिक के कमांडिंग जनरल, जनरल रोनाल्ड पी. क्लार्क और अन्य वरिष्ठों के साथ बातचीत की। इस दौरान भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग मजबूत करने और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए एक साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने पर जोर रहा। सीओएएस ने ओहू द्वीप का हवाई दौरा भी किया, जिससे उन्हें ट्रेनिंग इकोसिस्टम और बहु-क्षेत्रीय परिचालन तत्परता की जानकारी मिली।

---

### ट्रंप पर बिफरे फ्रांस के राष्ट्रपति

## बोले- होर्मुज की नाकाबंदी एक रणनीतिक भूल, ईरान भी गलत



डोनाल्ड ट्रंप व इमैनुएल मैक्रों

**तनाव कम कर कूटनीति की ओर लौटें दोनों देश**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है और इसे एक रणनीतिक भूल करार दिया है। उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी नौसेना की नाकाबंदी और ईरान की ओर से की गई प्रतिक्रिया, दोनों ही 'गलत' हैं। राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा है कि गलती दोनों तरफ से है। पोलैंड में पोलैंड में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मैक्रों ने कहा कि यह दोनों तरफ (अमेरिका और ईरान) की गलती है।

उन्होंने अमेरिकी फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि होर्मुज पर लक्षित नाकाबंदी बनाए रखने से स्थिति और बिगड़ी है। अमेरिकी नाकाबंदी के कारण ही ईरानी अधिकारियों ने अपना शुरुआती रुख बदला और 'ओपन स्ट्रेट' (खुले जलमार्ग) की नीति से पीछे हट गए। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने तनाव कम करने और कूटनीति की ओर लौटने का आह्वान किया है ताकि जलमार्ग को फिर से सुरक्षित किया जा सके। इससे पहले उन्होंने होर्मुज को जबरदस्ती खोलने की अमेरिकी योजना को 'अवास्तविक बताया था।

### 57% लोग ट्रंप के कामकाज से नाखुश

*अप्रैल 2026 में जारी नवीनतम सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अस्वीकृति रेटिंग और नापसंदगी काफी अधिक है, हालांकि 22 प्रतिशत का आंकड़ा विशेष रूप से धार्मिक विश्वासों से जुड़ा है। एक प्रमुख सर्वे के अनुसार, लगभग 57 प्रतिशत से अधिक अमेरिकी नागरिक ट्रंप के काम करने के तरीके को नापसंद करते हैं। प्यू रिसर्च सेंटर के एक सर्वेक्षण (अप्रैल 6-12, 2026) में पाया गया कि लगभग 22% अमेरिकी वयस्क का मानना है कि ट्रंप उनके धार्मिक विश्वासों का पुरजोर समर्थन करते हैं, जबकि 47% का मानना है कि वे उनके विश्वासों के लिए बहुत कम या बिल्कुल नहीं खड़े होते हैं। ईरान के साथ चल रहे संघर्ष को लेकर असंतोष के चलते राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप की अप्रूवल रेटिंग गिरकर 39% या उससे कम (36%-37%) तक पहुंच गई है, जो उनके दूसरे कार्यकाल का सबसे निचला स्तर है।*

### हंगरी आने पर नेतन्याहू होंगे गिरफ्तार



हंगरी के नए पीएम पीटर माग्यार ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा है कि यदि इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू हंगरी की यात्रा पर आते हैं, तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट के नियमों के तहत होगी, क्योंकि नेतन्याहू के खिलाफ पहले से गिरफ्तारी वारंट जारी है। मैग्यार ने कहा कि जिन व्यक्तियों के खिलाफ आईसीसी का वारंट मौजूद है, यदि वे हंगरी की सीमा में प्रवेश करते हैं, तो उन्हें हिरासत में लिया जाएगा।

---

### ब्रिटेन दौरे पर रक्षा प्रमुख चौहान

## साइबर, खुफिया और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर



ब्रिटेन के रक्षा मंत्री पोलार्ड से मुलाकात करते सीडीएस चौहान

एजेंसी ⏭ लंदन

भारत के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने इस सप्ताह लंदन में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संघर्ष की बदलती प्रकृति और उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए सैन्य समकक्षों और मंत्रियों के साथ उच्च स्तरीय चर्चाएं कीं। जनरल चौहान ने ब्रिटेन के रक्षा एवं उद्योग मंत्री ल्यूक पोलार्ड और हिंद-प्रशांत मंत्री सीमा मल्होत्रा से मुलाकात की। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। जनरल चौहान की इस यात्रा को एक 'ऐतिहासिक' यात्रा बताया जा रहा है।

### भारत-ब्रिटेन की साझेदारी बढ़ेगी

*रक्षा मुख्यालय ने बताया कि इन बैठकों का उद्देश्य भारत-ब्रिटेन साझेदारी को आगे बढ़ाना था, जिसमें द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक रूपरेखा और प्रौद्योगिकी एवं सुरक्षा योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। मुख्यालय ने एक बयान में बताया कि चर्चा, संघर्ष के बदलते स्वरूप और सैन्य सहयोग को गहरा करने पर केंद्रित रही।*

### सूचना सुरक्षा साझा करेंगे दोनों देश

*रक्षा मुख्यालय ने बताया कि दोनों पक्षों ने साइबर, खुफिया और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया, जिसमें सूचना सुरक्षा का आदान-प्रदान शामिल है। इस आदान-प्रदान ने भविष्य के लिए तैयार मजबूत सेनाओं और भारत-ब्रिटेन की रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस मुलाकात में लचीली, भविष्य के लिए तैयार सेनाओं और मजबूत भारत-ब्रिटेन रणनीतिक साझेदारी के प्रति साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई।*

---

### युद्धक्षेत्र में टैंकों और सैन्य वाहनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित होगी

# रक्षा मंत्रालय ने किया 975 करोड़ रुपए के रक्षा सौदे पर हस्ताक्षर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना की बारूदी सुरंग भेदने की क्षमता को मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। मंत्रालय ने भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड और इलेक्ट्रो न्यूमेटिक्स एंड हाइड्रोलिक्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के साथ लगभग 975 करोड़ रुपए के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। यह अनुबंध 21 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया गया। यह समझौता टी-72 और टी-90 टैंकों के लिए ट्रॉल असेंबली की खरीद से जुड़ा है।

**डील टी-72 और टी-90 टैंकों के लिए ट्रॉल असेंबली की खरीद से जुड़ी**




रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया गया एमओयू

### डीआरडीओ की तकनीक से बढ़ेगी ताकत

*टी-72/टी-90 टैंकों के लिए ट्रॉल असेंबली रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा विकसित एक महत्वपूर्ण उपकरण है। यह प्रणाली बारूदी सुरंगों को निष्क्रिय करने और उनके बीच सुरक्षित रास्ता बनाने में मदद करेगी, खासकर प्रॉक्सिमिटी मैग्नेटिक फ्यूज वाली एंटी-टैंक माइंस के खिलाफ। इस उपकरण के शामिल होने से भारतीय सेना की ऑपरेशनल क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।*

### स्वदेशी उद्योगों को मिलेगी मजबूती

*इससे युद्धक्षेत्र में टैंकों और अन्य सैन्य वाहनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सकेगी। यह परियोजना 'बाय (इंडियन-आईडीडीएम)' श्रेणी के तहत आती है, जो स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करती है। इससे देश की रक्षा अवसंरचना के आधुनिकीकरण के साथ-साथ स्वदेशी उद्योगों को मजबूती मिलेगी। इस प्रोजेक्ट के जरिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) सेक्टर को भी बढ़ावा मिलेगा। कंपोनेंट निर्माणके माध्यम से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन की व्यापक संभावनाएं पैदा होंगी।*

---

### पीएम मोदी करेंगे वरिष्ठ कमांडरों को संबोधित, रक्षा मंत्री की भी रहेगी मौजूदगी

# मई के पहले सप्ताह में होगा तीनों सशस्त्र सेनाओं का 'संयुक्त कमांडर सम्मेलन'

**इस वर्ष सीसीसी का यह 17 वां संस्करण होगा। यहीं, इसी के माध्यम से एकीकृत कमांड का यह विचार हकीकत बनेगा**

कविता जोशी ⏭ नई दिल्ली

अगले महीने 7 मई को इसकी पहली वर्षगांठ है। मौका बेहद खास है। इसलिए सेना, वायुसेना और नौसेना ने भी इस सैन्य कार्रवाई वाले सप्ताह के दौरान ही अपना संयुक्त कमांडर सम्मेलन (ट्रिपल 'सी') आयोजित करने का निर्णय लिया है। रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने बताया कि सीसीसी का आयोजन इस बार पाकिस्तान की सीमा से सटे उसी राजस्थान के जोधपुर शहर में किया जा सकता है। जहां से भारतीय सेनाओं ने दुश्मन के हर वार को नाकाम कर दिया था। इस वर्ष सीसीसी का यह 17 वां संस्करण होगा। जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित कर सकते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की भी इस अहम आयोजन में मौजूदगी रहेगी। सीसीसी का पिछला 16 वां संस्करण 2025 में कोलकाता के पूर्वी कमांड मुख्यालय (विजय दुर्ग) में आयोजित किया गया था।




### 2047 के विजन दस्तावेज पर होगा मंथन

सूत्रों ने बताया कि संयुक्त कमांडर सम्मेलन में मौजूदा दौर में देश के समक्ष घरेलू और वैश्विक स्तर पर बनी हुई सैन्य और सुरक्षा चुनौतियों के अलावा तीनों सेनाओं के मिश्रण से तैयार की जाने वाली थिएटर कमांड के गठन के प्रस्ताव पर भी गहनता से विचार-विमर्श किया जा सकता है। क्योंकि इसी के माध्यम से एकीकृत कमांड का यह विचार हकीकत बनेगा। इसके अलावा सम्मेलन में शामिल किए जाने वाले अन्य मुद्दों में बीते दिनों रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा घोषित किए गए 2047 के विजन दस्तावेज पर भी चर्चा की जा सकती है।

### सीडीएस ने रक्षा मंत्री को सौंपा थिएटर कमांड का प्रस्ताव

सीडीएस जनरल चौहान ने सशस्त्र सेनाओं की एकीकृत यानी थिएटर कमांड के गठन का प्रस्ताव रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मंजूरी के लिए रक्षा मंत्रालय को सौंप दिया है। मंत्रालय इसे केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति की स्वीकृति के लिए भेजेगा। जिसकी अध्यक्षता पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे। सीसीएस की हरी झंडी मिलने के लिए रक्षा सुधारों में से एक थिएटर कमांड के गठन की इस कवायद को धरातल पर उतारेंगे।


---

### 'कुछ सीमाएं कभी नहीं लांघी जानी चाहिए...भारत कभी नहीं भूलता'

## 'ऑपरेशन सिंदूर' की वर्षगांठ के पूर्व में भारतीय सेना की पाकिस्तान को दो टूक

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के ऑपरेशन सिंदूर अभियान की 7 मई 2026 को मनाई जाने वाली पहली वर्षगांठ के पूर्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को बेहद कड़े अंदाज में चेतावनी देते हुए कहा है कि उसे अपनी सीमाओं में रहने की आवश्यकता है। अगर इस बार उसने ऐसी कोई हिमाकत करने की कोशिश की तो उसे कतई बख्शा नहीं जाएगा। सेना ने मंगलवार को 'एक्स' पर एक तस्वीर साझा करते




हुए यह जानकारी दी है और उसके शीर्षक में लिखा, 'जब मानवता की सीमाएं पार की जाती हैं, तो प्रतिक्रिया निर्णायक होती है। 'न्याय परोसा गया, भारत एकजुट खड़ा है'। इसके अलावा तस्वीर के अंदर इस संयुक्त सैन्य अभियान के लोगो के साथ लिखा है। 'कुछ सीमाएं कभी नहीं लांघी जानी चाहिए। भारत कभी नहीं भूलता'। पोस्ट के साथ बल ने हैशटैग-सिंदूर एनिवर्सरी, जस्टिस एंड्युवर्स और नेशन फर्स्ट जैसे तीन शब्द भी लिखे हैं।

यहां बता दें कि बीते दिनों सेना ने पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम देने वाले लश्कर के करीब तीन पाकिस्तानी आतंकियों (सुलेमान शाह, हमजा अफगानी, जिब्रान) के खात्मे के लिए चलाए गए ऑपरेशन महादेव के बारे में विस्तार से इसी क्रम में जानकारी दी थी। बुधवार 22 अप्रैल को पहलगाम हमले को भी एक वर्ष पूरा हो जाएगा।

# कलेक्टर ने बैठकर सुनी दिव्यांग महिला की फरियाद

**नवागत कलेक्टर ने पहली बार सुनी आवेदकों की शिकायतें**

**जनसुनवाई में आए 111 लोगों ने दर्ज कराई शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नवागत कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने मंगलवार को भोपाल कलेक्टोरेट में पहली जनसुनवाई ली, जिसमें एक दिव्यांग महिला अपनी शिकायत लेकर पहुंची तो वह उसे देख पास जाकर बैठ गए। उन्होंने महिला की समस्या सुनने के बाद आवेदन नगर निगम आयुक्त को भेज दिया है। इसके अलावा करीब 111 से अधिक आवेदन जनसुनवाई में पहुंचे, जिनमें से अधिकांश को कलेक्टर ने खुद सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बासखेड़ी की रहने वाली दिव्यांग महिला माया संतोरिया से जमीन पर बैठकर आवेदन ले लिया और उनकी समस्याएं सुनी। महिला ने बताया कि वह चलने-फिरने में असमर्थ है, उसके पास रहने के लिए मकान नहीं है। इसलिए मुझे आवास योजना या कोई भी योजना का लाभ दिलवाया जाए।


दिव्यांग की परेशानी सुनते कलेक्टर।

### खेल मैदान से निकाला अवैध कॉलोनी का रास्ता

*सृष्टि सिटी लोक कल्याण समिति के जगदीश सूर्यवंशी सहित सभी रहवासियों ने बताया कि लांबाखेड़ा स्थित जमीन पर अवैध कालोनी विकसित की जा रही है। जिसमें जाने का अवैध रास्ता कालोनी निर्माण करने वालों द्वारा शासन द्वारा आवंटित खेल मैदान की भूमि पर किया जा रहा है। जब इसको लेकर निर्माण करने वालों को रोका गया तो उन्होंने तहसीलदार से अनुमति होना बताया गया है।*

### सरकारी जमीन पर बिल्डिंग

*नूरमहल निवासी जावेद मोहम्मद खान ने शिकायत की है कि ईदगाह हिल्स शासकीय भूमि पिछले दो से तीन सालों से अवैध कब्जा कर बहुमंजिला इमारतों का निर्माण किया जा रहा है। इसको लेकर नगर निगम, तहसील न्यायालय में शिकायतें की गईं लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।*

**इंदौर स्थित चौहान निवास पहुंचे देव, परिजनों को दी सांत्वना**

# भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कैलाश कुंवर चौहान को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने इन्दौर निवासी स्व. ठाकुर वीरेंद्र सिह चौहान की धर्मपत्नी और पत्रकार व पॉडकास्ट डॉ. कीर्ति सिसौदिया की माताजी कैलाश कुंवर चौहान के देहावसान पर शोक व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने मंगलवार को इन्दौर स्थित चौहान-निवास पहुंचकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

देव ने कहा कि यह संपूर्ण परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मां का साया उठना जीवन की सबसे बड़ी रिक्तता होती है। इस कठिन समय में मेरी गहरी संवेदनाएं शोकाकुल चौहान परिवार के साथ हैं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि वे पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, डॉ. नवीन मार्कंडेय, बेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी मौजूद रहे।


श्रद्धांजलि अर्पित करते देव।

**आरक्षित वर्ग के अधिकारी कर्मचारियों में आक्रोश**

## अजाक्स भवन में जबरन घुसकर मुकेश मौर्य ने साथियों के साथ तोड़फोड़ कर डीबीआर डेटा को किया नष्ट

» *घटना की शिकायत मुख्य सचिव तथा गृह सचिव से की*

» *शीघ्र कार्रवाई नहीं करने पर संघ ने दी आंदोलन करने की चेतावनी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) की महिला प्रदेश अध्यक्ष निर्मला पाटिल ने मंगलवार को मुख्य सचिव सहित गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर अजाक्स भवन में मुकेश मौर्य और उनके साथियों द्वारा भवन में तोड़फोड़ कर सीसीटीवी कैमरा के डीबीआर को नष्ट करने पर कार्रवाई करने की मांग की है। पत्र में निर्मला पाटिल ने कहा कि मुकेश मौर्य द्वारा की गई घटना से आरक्षित वर्ग के अधिकारी कर्मचारियों में खौफ पैदा करने तथा दबाव की जबरिया स्थिति को दशार्ती है। संगठन द्वारा निंदा करते हुए प्रशासनिक हस्तक्षेप सहित स्वयं को संगठन का नियम विरुद्ध अध्यक्ष निरूपित करने वाले व्यक्ति मुकेश मौर्य तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। निर्मला पाटिल ने अपने पत्र के माध्यम से घटना में सन लिप्त व्यक्तियों तथा पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए प्रश्न खड़ा किया है कि मप्र अजाक्स भवन में किसके आदेश से पुलिस अधिकारी जबरिया कब्जा कराने के प्रयास की घटना में शामिल हुए हैं। अजाक्स संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर मुकेश मौर्य पर शीघ्र कार्यवाही नहीं की तो संघ आंदोलन करने को मजबूर होगा।

फाइल फोटो।

**वर्ल्ड अर्थ डे से पहले बोट क्लब पर प्रदर्शन**

## बोट क्लब पर डायनासोर, पेटा ने वीगन बनने का दिया संदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पृथ्वी दिवस से पहले बोट क्लब पर अनोखा प्रदर्शन देखने मिला। पीपल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) इंडिया और एनिमल्स विद मैनिटी के समर्थकों ने डायनासोर की वेशभूषा पहनकर लोगों को वीगन बनने का संदेश दिया।

कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर यह 2026 है सोच को विकसित करें, वीगन बनो और मांस खाना पुरातन सोच है जैसे संदेशों से लोगों को जागरूक किया। पेटा इंडिया की वरुलिका दीक्षित ने बताया कि पशुपालन उद्योग पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले प्रमुख कारणों में शामिल है। यदि लोग वीगन भोजन अपनाते हैं, तो वे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को काफी हद तक कम कर सकते हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि मांस, अंडे और डेयरी उत्पादों का उत्पादन प्रदूषण बढ़ाता है। उन्होंने बताया कि वीगन भोजन हृदय रोग, मधुमेह और कैंसर जैसी बीमारियों के खतरे को कम कर सकता है। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों से अपील की गई कि वे अपने खानपान में छोटे-छोटे बदलाव कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।

**एएचओ से पूछा कैसी चल रही है सफाई- पुराने शहर सहित नए शहर की कॉलोनियों में घूमे नोडल अधिकारी**

## राजधानी की सफाई व्यवस्था देखने पहुंचे वरिष्ठ अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण के पूर्व तैयारियों को लेकर नोडल और सहायक नोडल अधिकारी रोज अपने-अपने क्षेत्रों में विजिट कर रहे हैं। मंगलवार को अपर आयुक्त वरुण अवस्थी भेल क्षेत्र की कॉलोनियों में घूमे जबकि अन्य अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में एएचओ के साथ गली-मोहल्लों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, तालाबों के आसपास, पार्कों आदि स्थानों पर पहुंचे। इस दौरान कई जगह तो सफाई का काम पूरा हो चुका था, कई जगह झाड़ू लगाई जा रही थी। वहीं डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन रोजाना की तरह जारी रहा। बीते दो दिनों में केंद्रीय कर्मशाला में कचरा कलेक्शन के किसी भी वाहन में खराबी की सूचना नहीं मिली। पहले दिन गोविंदपुरा और भेल क्षेत्र में मैजिक में तकनीकी खराबी आई थी। वाहनों में किसी भी तरह की खराबी आने पर केंद्रीय कर्मशाला में तत्काल वाहनों के मेंटेनेंस करने और दूसरा वाहन मौके पर भेजने की व्यवस्था की गई है। जोन-8 में नोडल अधिकारी और सहायक नोडल अधिकारी अपने क्षेत्र में भ्रमण करने पहुंचे। यहां मौजूद एएचओ रवीन्द्र सिंह यादव से क्षेत्र में सफाई व्यवस्था कैसी चल रही है और शिकायतें कितनी मिल रही हैं को लेकर जानकारी ली और आसपास के क्षेत्रों में निरीक्षण किया। इधर पुराने शहर में नाली की सफाई, बाजारों में सफाई के दौरान स्वास्थ्य अमला मौजूद रहा।


सफाई व्यवस्था देखने पहुंचे अधिकारी।

**प्रियनाथ पाठक और सौरभ स्थापक की अगुआई में कई अधिवक्ताओं ने किया विरोध**

## अधिवक्ता संघ के चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी व संरक्षक मंडल की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला अधिवक्ता संघ के द्विवार्षिक चुनाव सितंबर माह में कराए जाएंगे। इस चुनाव के लिए जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व सचिव इंद्रजीत सिंह राजपूत को मुख्य चुनाव अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी के पद पर मो.रियाज़ उद्दीन, दीपेश श्रीवास्तव, रजनीश बरया, ललित मिठवानी, किरण साहू, सन्तोष सिमरोदिया, कृपा शंकर शर्मा, आरएस अहिरवार एवं मीरा चिरार के साथ ही खालिद हफीज को अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी एवं मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया है। संरक्षक मंडल में बीपी श्रीवास्तव, साजिद अली, एनसी दास, हरीश मेहता, राकेश गोहिल, एचएल झा और मो. मेहबूब अंसारी को नियुक्त किया गया है।

जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों द्वारा अपने करीबी साथियों को चुनाव अधिकारी बनाए जाने पर अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों का अधिवक्ताओं द्वारा विरोध किया जा रहा है। प्रियनाथ पाठक और सौरभ स्थापक की अगुआई में विरोध कर रहे अधिवक्ताओं का कहना है कि 15 अप्रैल को कार्यकारिणी की सामान्य बैठक में मुख्य चुनाव अधिकारी बनाए जाने के लिए जगमोहन शर्मा के समर्थन में अधिकतर पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने हस्ताक्षर कर जगमोहन शर्मा को ही मुख्य चुनाव अधिकारी बनाए जाने का निर्णय लिया था। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दीपक खरे एवं सचिव मनोज श्रीवास्तव ने मनमाना रवैया अपनाते हुए मंगलवार को पूर्व सचिव एवं अपने करीबी साथी इंद्रजीत सिंह राजपूत को मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त करके बहुमत एवं संविधान का अपमान कर दिया। वहीं जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दीपक खरे एवं सचिव मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि 15 अप्रैल को कार्यकारिणी की सामान्य बैठक में मुख्य चुनाव अधिकारी बनाए जाने के लिए जगमोहन शर्मा के नाम पर आम सहमति नहीं बन पाई थी।

# लाइफ स्टाइल

## टीवी मसाला

### करांची से आया था मटका किंग रतन, मुंबई में बनाया सामाज्य

**नई दिल्ली।** हाल ही ओटीटी पर विजय वर्मा की नई सीरीज 'मटका किंग' रिलीज हुई, जो चर्चा में है और काफी पसंद भी की गई। सीरीज की कहानी असली मटका किंग पर आधारित है। इसमें सट्टेबाजी की खतरनाक दुनिया को दिखाया गया। रतन खत्री की कहानी उस दौर की है, जब नंबरों में किस्मत सिमटी होती थी और एक सही चाल भी आदमी को बादशाह बना देती थी। रतन खत्री एक ऐसे शख्स था, जिसने भारत में सट्टेबाजी की शुरुआत की और फिर उसे नई ऊंचाइयों पर ले गया। उसे सट्टेबाजी का 'किंग पिन' और 'मटका किंग' कहा जाता था। रतन खत्री ने मटका को देश की सबसे मुनाफे वाली अंडरग्राउंड इंडस्ट्री में से एक बना दिया था। रमन खत्री शुरुआत में कोई बड़ी शख्सियत नहीं था। वह तो बल्कि प्रवासी था, जो सिंधु से ताल्लुक रखता था और विभाजन के बाद भारत आया था। लेकिन, देखते ही देखते वह कब सट्टेबाजी के खेल का बादशाह बन गया, पता ही नहीं चला और फिर 'मटका किंग' कहलाया। रतन खत्री कराची से सिंधी हिंदू परिवार में पैदा हुए और विभाजन के बाद परिवार के साथ भारत आ गए। यहां उन्होंने मुंबई (तब बंबई) में अपना डेरा जमाया। रतन जब किशोरावस्था में पहुंचे तो कपड़ा बाजारों और मिलों में काम करना शुरू कर दिया। वहीं उनका राब्ता सट्टेबाजी से बुआ। वह कपास के एक्सचेंज नंबर्स पर सट्टा लगाया जाता था। उसी दौरान मुंबई में सट्टेबाजी का एक नया रूप शुरू हुआ था, जिसे 'मटका' कहा जाता था। इससे रतन खत्री जुड़ गए और इसे सट्टे के एक बड़े नेटवर्क में बदल दिया।

### घर से निकलने में भी लगता है डर

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुनील पाल इन दिनों लगातार सुर्खियों में हैं। बीते दिनों समय रैना ने जहां उन्हें अपने नए स्पेशल में रोस्ट किया, वहीं उससे पहले वह एक इवेंट में हुई बेइज्जती को लेकर चर्चाओं में रहे। अब साल 2024 की किडनैपिंग मामले में मेरठ कोर्ट पहुंचे कॉमेडियन का दर्द उस समय छलक पड़ा, जब वह आरोपियों की शिनाख्त करने पहुंचे थे। यह केस दिसंबर 2024 का है, जब नेशनल हाईवे से उन्हें कथित तौर पर किडनैप कर लिया गया था। करीब 24 घंटे बंधक बनाए जाने के बाद उन्हें छोड़ा गया था। कॉमेडियन तब हरिद्वार के इवेंट में परफॉर्म करने के लिए बुलाए गए थे, जो असल में एक झांसा था। सुनील पाल ने मेरठ कोर्ट में जहां 2 आरोपियों की पहचान की, वहीं इस वारदात के 16 महीने बाद भी अपने डर और घबराहट का जिक्र करते हुए भावुक आपबीती बताई। सुनील पाल ने कहा कि वह अपहरण की वारदात के बाद से ही डरे हुए हैं। यहां तक कि अब वह घर से बाहर निकलने में भी खौफ खाते हैं।



## कपिल शर्मा का शो कॉमेडी फिल्मों के लिए बन रहा खतरा : परेश रावल

*परेश रावल जिन्होंने अपने करियर में कई कॉमेडी फिल्मों में काम किया है और सबको खूब हंसाया है। उनका कहना है कि कपिल शर्मा का शो आज के समय में कई कॉमेडी मूवीज को टक्कर दे रहा है। परेश रावल हाल ही में फिल्म भूत बंगला में नजर आए हैं। इस फिल्म को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है और इसमें अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, तब्बू और राजपाल यादव हैं। फिल्म को ठीक-ठाक रिस्पॉन्स मिला है।*

**नई दिल्ली।** अब परेश ने हाल ही में बताया कि कैसे आज कल कॉमेडी फिल्मों को टीवी और डिजिटल शोज से टफ कॉम्पटीशन झेलना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, परेश ने सुनील ग्रोवर की भी तारीफ की और उन्हें टैलेंट का ज्वालामुखी बताया है। परेश ने मनीकंट्रोल से बात करते हुए कहा, 'ये कॉमेडी के लिए काफी मुश्किल समय है। हर सीन कॉम्पटीशन है। कपिल शर्मा शो तो हर कॉमेडी फिल्म के लिए कॉम्पटीशन है। कभी-कभी वो भी ओवर टॉप जाते हैं, लेकिन यह बात मायने नहीं रखती।' एक्टर ने आगे कहा, 'अगर आप कपिल शर्मा शो देखते हैं और सुनील ग्रोवर को देखें कि क्या टैलेंट हैं उनमें। ये सब बहुत बड़े टैलेंटेड हैं। वो तो ज्वालामुखी हैं यार कॉमेडी के। आपको उस कॉमेडी के साथ कॉम्पीट करना है तो आपको सोच बदलनी पड़ेगी नहीं तो नहीं होता है। कॉमेडी लिखना और उसे मेन्टेन करना काफी मुश्किल है। वहां भी जो कॉमेडी लिखी जाती है, उनकी 10-15 लोगों की टीम होती है। हमारे यहां तो एक राइटर को रखने का माल नहीं होता है प्रोड्यूसर के पास तो 15 लोगों को कहां से देगा।' बता दें कि सुनील ग्रोवर तो पिछले कुछ दिनों से अपने मिमिक्री स्टाइल के लिए छाए हुए हैं। उनके कई किरदार हिट रहे हैं जैसे एस एस राजामौली, आमिर खान, सलमान खान और कादर खान। कादर खान के तो उनके मिमिक्री वीडियो को बहुत ज्यादा प्यार मिला। कई ने तो उनके इस एक्ट को शेयर कर उनकी तारीफ की थी सोशल मीडिया पर। भूत बंगला के बाद परेश अब हेरा फेरी 3 और वेलकम टू द जंगल में नजर आने वाले हैं। वेलकम टू द जंगल में परेश के साथ अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, अनिल कपूर, संजय दत्त, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी हैं। वहीं हेरा फेरी 3 में अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी लीड रोल में हैं।



## मोहित की मूवी में फिर रोमांस करते नजर आएंगे अहान-अनीत

**मुंबई।** सैयारा फिल्म की बड़ी सफलता के बाद, अहान पांडे और अनीत पड्डा एक बार फिर यश राज फिल्म्स के लिए काम कर रहे हैं। वे निर्देशक मोहित सूरी के साथ नई रोमांटिक ड्रामा फिल्म बना रहे हैं। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा पिछले हफ्ते हुई थी। एक खबर के अनुसार, फिल्म का अस्थायी नाम 'सतरंगा' रखा गया है। यह नाम अभी पक्का नहीं है, क्योंकि यह टी-सीरीज के पास पहले से रजिस्टर्ड है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह नाम फिल्म की कहानी से अच्छी तरह मेल खाता है। यह फिल्म भी 'सैयारा' की तरह ही एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म हो सकती है। सैयारा में अहान और अनीत को जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस नई फिल्म में अहान और अनीत रोमांस के और गहरे और अलग तरह के पहलुओं को दिखाएंगे। मोहित सूरी अभी स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दे रहे हैं। फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में शुरू होने की उम्मीद है और इसे 2027 के अंत तक रिलीज करने का प्लान है। मोहित सूरी ने इस प्रोजेक्ट पर खुशी जताते हुए कहा, 'मेरे लिए प्रेम कहानियां हमेशा सबसे महत्वपूर्ण रही हैं। जब भावनाएं बहुत गहरी और बेकाबू हो जाती हैं, तब प्यार को सचमुच महसूस किया जा सकता है।' सैयारा फिल्म में भी यही बात बेबाकी से दिखाई गई है। सैयारा की टीम के साथ वापस आना मेरे लिए बहुत खास है। लगता है यह किस्मत में लिखा था। आगामी फिल्म को लेकर मोहित ने कहा, 'इस बार मैं खुद को एक नए कलाकार की तरह महसूस कर रहा हूं। कहानी को लेकर बहुत उत्साहित और थोड़ा घबराया हुआ भी। उम्मीद है कि इस फिल्म का संगीत भी लोगों के दिल को छू सकेगा।'



**बाबुल की दुआएं लेती जा... इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर**

## एक मुस्लिम गीतकार, जिसने बेटी की विदाई का दर्द गीत में उतार दिया

***नई दिल्ली।*** *'बाबुल की दुआएं लेती जा' लिखने वाले इस मुस्लिम गीतकार ने कभी नहीं की थी शादी। गाने में उतार दिया बेटी की विदाई करने वाले पिता का दर्द। इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर। आज भी उतना ही दर्दभरा है ये गाना। 1968 में एक फिल्म आई थी नील कमल। इस फिल्म में वहीदा रहमान, राज कुमार और मनोज कुमार ने लीड किरदार निभाया था। फिल्म राम महेश्वरी ने डायरेक्ट की थी और किदार शर्मा ने लिखी। वैसे तो फिल्म की कहानी एक ऐसी लड़की की थी जो नींद में चलती है और अपनी पुरानी जिंदगी में चली जाती है। इस कहानी ने उस समय के लोगों को प्रभावित किया था। लेकिन गाने अलग ही माहौल बनाते थे। इसी फिल्म का वो गाना था 'बाबुल की दुआएं लेती जा'। एक ऐसा गाना जिसे सुनने वाले लोग और गाने वाला सिंगर रो पड़ा था। इस गाने को लिखने वाले ने ऐसे भावों को अपनी राइटिंग में दिखाया जो उसने खुद कभी महसूस नहीं किया।*



### इस गाने को सुन रो पड़ते हैं लोग

फिल्म नील कमल ये गाना तब बजता है जब बलराज साहनी का किरदार अपनी बेटी सीता की विदाई करता है। स्क्रीन पर नजर आने वाला वो विदाई का सीन आंखें गीली कर देता है। एक पिता अपनी बेटी को घर से डोली तक छोड़ने आता है। बैकग्राउंड में रवि का म्यूजिक और वो खास मन को कटोचने वाली धुन बजती है। ये सीन जितनी बार देखा जाता है उतनी बार आंखें गीली हो जाती हैं। इस गाने को उस दौर के मशहूर गीतकार साहिर लुधियानवी ने लिखा था। साहिर ने खुद कभी शादी नहीं की, उनकी कोई संतान नहीं थी। लेकिन, जब ये गीत उन्होंने एक पिता के दर्द को अपनी लेखनी में उतारते हुए लिखा तो गाने वाले मोहम्मद रफी रो पड़े।

### लोग मन में उमड़े जज्बातों को रोक नहीं पाए

फिल्म में जब ये गाना दिखाया गया तो इसे सुनने और देखने वाले लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए। ऐसा ही किस्सा फिल्म धड़कन के गाने 'दूल्हे का सेहरा' गाने वाले नुसरत फतेह अली खान के साथ हुआ था। वो भी गाने की एक लाइन को गाते समय खूब रोए थे।

### रफी की आवाज हो गई थी रुआंसी

इस गाने को रवि ने कंपोज़ किया था। गाने के अंतरे में सिंगर मोहम्मद रफी की आवाज रुआंसी हो जाती है। अंत में उन्होंने म्यूजिक कंपोजर रवि से कहा कि उन्हें एक बार फिर से रिकॉर्ड करना चाहिए क्योंकि वो गाना गाते समय रो गए हैं। ये सुनते ही म्यूजिक बनाने वाले रवि ने कहा कि वो ये गाना ऐसे ही रखेंगे। इस गाने को रिकॉर्ड करते समय मोहम्मद रफी इसलिए भी रो पड़े थे क्योंकि कुछ समय पहले ही उन्होंने अपनी बड़ी बेटी की शादी की थी। बेटी को याद कर उनकी आवाज रुआंसी हो गई।

# हार का सिलसिला तोड़ने उतरेगा आरआर लड़खड़ाती एलएसजी से आज मुकाबला

**आईपीएल पाइंट टेबल**

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 6 | 5 | 1 | 11 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 8 |
| राजस्थान | 6 | 4 | 2 | 8 |
| दिल्ली | 6 | 3 | 3 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| लखनऊ | 6 | 2 | 4 | 4 |
| कोलकाता | 7 | 1 | 5 | 3 |

**ऑरेंज कैप**



अभिषेक शर्मा
323 रन
हैदराबाद

**पर्पल कैप**



अंशुल कंबोज
13 विकेट
चेन्नई

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लगातार दो हार से आहत राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने शुरुआती प्रदर्शन से प्रेरणा लेकर लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बुधवार को होने वाले आईपीएल के मैच में जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगी। राजस्थान रॉयल्स की टीम अभी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। इस 2008 की चैंपियन टीम ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार चार जीत के साथ की थी, लेकिन उसके बाद पिछले दो मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा।

सनराइजर्स हैदराबाद ने उसे 57 रन से करारी शिकस्त दी। इस मैच में तेज गेंदबाजों के सामने उसका शीर्ष क्रम लड़खड़ा गया और उसने 9 रन के अंदर पांच विकेट गंवा दिए। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ पिछले मैच में राजस्थान अच्छी स्थिति में था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। केकेआर के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच का रुख पलट दिया।



रात 7.30 बजे से पंत और पराग की टीमों में भिड़ंत

## आरआर के लिए फील्डिंग चिंता का विषय

राजस्थान रॉयल्स के लिए उसकी फील्डिंग चिंता का विषय बनी हुई है। पिछले मैच में रिंकू सिंह जब आठ रन पर खेल रहे थे तब नांद्रे बर्गर ने उनका कैच छोड़ दिया, जो टीम के लिए महंगा साबित हुआ। रिंकू ने अनुकूल रॉय के साथ मिलकर अंतिम ओवरों में मैच केकेआर के पक्ष में कर दिया। राजस्थान रॉयल्स की बल्लेबाजी में निरंतरता का अभाव है। सनराइजर्स के खिलाफ उसका शीर्ष क्रम नहीं चल पाया जबकि केकेआर के खिलाफ मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाज सलामी बल्लेबाजों वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल से मिली अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 81 रन जोड़े थे। पिछले दो मैच में हार के बावजूद राजस्थान रॉयल्स की टीम एलएसजी के सामने मजबूत नजर आती है।

## तीन हार के बाद नौवें स्थान पर एलएसजी

एलएसजी लगातार तीन हार के बाद नौवें स्थान पर है। सूर्यवंशी और जायसवाल ने इस सत्र में राजस्थान रॉयल्स को अच्छी शुरुआत दी है और अगर एलएसजी को मुकाबले में बने रहना है तो उसके गेंदबाजों को इन दोनों पर अंकुश लगाना होगा और शुरुआत में विकेट हासिल करने होंगे। लेकिन एलएसजी के गेंदबाजों के हाल के प्रदर्शन को देखते हुए यह आसान नहीं होगा क्योंकि पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में उसके गेंदबाज नहीं चल पाए थे। प्रियांश आर्य और कूपर कॉनॉली की शानदार पारियों से पंजाब किंग्स ने सात विकेट पर 254 रन बनाकर एलएसजी को 54 रन से हराया था।

## एलएसजी तय नहीं कर पाया सर्वश्रेष्ठ एकादश

एलएसजी के लिए उसकी बल्लेबाजी भी चिंता का विषय है, जिसके कारण वह अभी तक अपनी सर्वश्रेष्ठ अंतिम एकादश तय नहीं कर पाया है। पिछले मैच में आयुष बडोनी को मिचेल मार्श के साथ पारी की शुरुआत करने के लिए भेजने का फैसला कारगर साबित नहीं हुआ। मार्श अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे हैं वहीं कप्तान ऋषभ पंत भी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। निकोलस पूरन की खराब फॉर्म ने एलएसजी की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। एलएसजी को अगर अपनी संभावना बनाए रखनी तो उसके बल्लेबाजों और गेंदबाजों को मिलकर अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

## खबर संक्षेप

### कांगो गोल्फ टूर्नामेंट: संयुक्त बढ़त पर तुषार और मन्नत



**लुबुम्बाशी।** युवा गोल्फर तुषार पन्नू और मन्नत बरार ने एएम ग्रीन आईजीपीएल आमंत्रण कांगो गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दिन छह अंडर 67 का समान स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त हासिल की। पिछले साल पेशेवर बनने वाले 21 वर्षीय पन्नू ने पांच बर्डी, एक ईगल और एक बोगी की जबकि हाल ही में महिला गोल्फ एसोसिएशन की पेशेवर बनी 19 वर्षीय बरार ने पहले दौर में एक भी बोगी नहीं की। इन दोनों के बाद सुखमन सिंह का नंबर आता है, जिन्होंने पांच अंडर 68 का स्कोर बनाया। वह अकेले तीसरे स्थान पर हैं जबकि अमन राज ने हरेंद्र गुप्ता संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इन दोनों ने चार अंडर 69 का स्कोर बनाया। उदयन माने, मानव शाह और सैयद साकिब अहमद ने तीन अंडर 70 का स्कोर बनाया और वे संयुक्त छठे स्थान पर हैं।

### 19 सितंबर से सोनी पर स्ट्रीम होंगे एशियाई खेल




**नई दिल्ली।** सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया ने 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में होने वाले 20वें एशियाई खेलों के प्रसारण के विशेष अधिकार हासिल किए हैं। प्रसारण अधिकार हासिल करने के संबंध में किए गए समझौते के अनुसार इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट का प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के चैनलों पर किया जाएगा। इसे पूरे भारत और उपमहाद्वीप में सोनी लिव पर स्ट्रीम किया जाएगा। भारत ने पिछले एशियाई खेलों में रिकॉर्ड 107 पदक हासिल किए थे और वह इस बार इससे बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा। एशियाई खेलों में ओलंपिक में शामिल 32 खेलों सहित 41 खेलों में खिलाड़ी अपना भाग्य आजमाएंगे। इस बार इन खेलों में मिश्रित मार्शल आर्ट और सर्फिंग जैसे नए खेल भी शामिल किए गए हैं। इसके अलावा एशियाई खेलों में क्रिकेट, टेनिस, ईस्पोर्ट्स, कबड्डी, सेपक टकरा और कुराश जैसे खेल भी शामिल हैं।

### सनराइजर्स हैदराबाद ने लगाई जीत की हैट्रिक, दिल्ली कैपिटल्स को 47 रन से हराया


# अभिषेक की सुनामी, बाउंड्री से 'शतक' पूरा

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (नाबाद 135) की आक्रामक शतकीय पारी के बाद तेज गेंदबाज ईशान मलिंगा (32 रन पर चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल टी20 मैच में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स को 47 रन से हराकर जीत की हैट्रिक लगाई। 'प्लेयर ऑफ द मैच ' अभिषेक ने दिल्ली के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए 68 गेंदों की नाबाद पारी में 10 छक्के और इतने ही चौके लगाए। उनकी इस पारी की बदौलत सनराइजर्स ने 2 विकेट पर 242 रन बनाने के बाद कैपिटल्स को 9 विकेट पर 195 रन पर रोक दिया। इस जीत से टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। टीम के नाम 7 मैचों में अब 4 जीत है। कैपिटल्स की टीम 6 मैचों में तीसरी हार के बाद पांचवें स्थान पर है।

## कैपिटल्स ने गंवाई लय

कैपिटल्स के लिए नीतिश राणा ने 30 गेंदों में सबसे ज्यादा 57 रन बनाए। उन्होंने लोकेश राहुल (23 गेंद में 37) के साथ दूसरे विकेट के लिए 45 गेंदों में 86 रन की साझेदारी की, लेकिन इस साझेदारी के टूटने के साथ ही टीम ने लय गंवा दी। टीम का स्कोर 1 विकेट पर 107 रन से 4 विकेट पर 107 रन हो गया। मलिंगा ने आईपीएल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्हें दिलशान मधुशंका (36 रन पर एक विकेट) और शाकिब हुसैन (29 रन पर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला, जबकि हर्ष दुबे ने आखिरी ओवर में तीन विकेट चटकाए।



अभिषेक शर्मा
प्लेयर ऑफ द मैच
135 रन
68 गेंद
10 चौके
10 छक्के

## ऑरेंज आर्मी के सामने खेलना हमेशा खास : अभिषेक

अभिषेक ने कहा, मेरा मतलब है, बेशक ऑरेंज आर्मी के सामने खेलना हमेशा खास होता है। जिस तरह से उन्होंने आखिरी ओवरों में गेंदबाजी की, मुझे लगा कि वे अपनी योजनाओं को ठीक से लागू कर रहे थे। मुझे लगता है कि मैंने आखिरी ओवरों में बल्लेबाजी का ज्यादा अभ्यास नहीं किया है, लेकिन जिस तरह से (हेनरिक) क्लासेन ने खेला, उससे हमें उस स्कोर तक पहुंचने में मदद मिली।

## भारी पड़ी राहुल की गलती

यह वाकिया था पारी के 9वें ओवर का जब अभिषेक 49 रन पर खेल रहे थे। उन्होंने डबल रन भागने की कोशिश की और पहला रन पूरा करने के बाद दूसरे के लिए पलटे। वहीं गेंद केएल राहुल के हाथों में नहीं आ पाई और उन्होंने रनआउट का मौका गंवा दिया। अभिषेक उस वक्त काफी दूर थे। अगर वहां 50 रन पर अभिषेक आउट हो जाते तो शायद दिल्ली की टीम हैदराबाद को 200 रन तक रोक सकती थी।

## स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा नाबाद | 135 | 68 | 10 | 10 |
| हेड का रिजवी बो अक्षर | 37 | 26 | 2 | 2 |
| इशान रन आउट | 25 | 13 | 2 | 1 |
| क्लासेन नाबाद | 37 | 13 | 3 | 3 |

अतिरिक्त : 08, कुल योग: 20 ओवर में 242/2 रन
गेंदबाजी: मुकेश 4-0-53-0, राणा 4-0-55-0, एनगिडी 4-0-41-0, अक्षर 2-0-23-1, कुलदीप 2-0-30-0, नटराजन 4-0-40-0

| दिल्ली कैपिटल्स पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| निसंका का बो मधुशंका | 08 | 6 | 0 | 1 |
| राहुल का अभिषेक बो शाकिब | 37 | 23 | 1 | 3 |
| राणा का अभिषेक बो मलिंगा | 57 | 30 | 7 | 3 |
| रिजवी का मधुशंका बो हर्ष | 41 | 28 | 2 | 2 |
| डेविड मिलर बो मलिंगा | 00 | 01 | 0 | 0 |
| स्टब्स का शाकिब बो मलिंगा | 27 | 16 | 3 | 1 |
| आशुतोष का अनिकेत बो मलिंगा | 14 | 10 | 2 | 0 |
| अक्षर पटेल का रेड्डी बो हर्ष | 02 | 3 | 0 | 0 |
| कुलदीप नाबाद | 01 | 2 | 0 | 0 |
| एनगिडी का मधुशंका बो दुबे | 00 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 08, कुल योग : 20 ओवर में 195/9 रन
गेंदबाजी: मधुशंका 4-0-36-1, रेड्डी 4-0-57-0, मलिंगा 4-0-32-4, शाकिब 4-0-29-1, शिवांग 2-0-28-0, हर्ष 2-0-12-3

## अभिषेक के 7 बड़े रिकॉर्ड

1- टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक वाले भारतीय
अभिषेक शर्मा: 9 शतक (184 पारी)*
विराट कोहली: 9 शतक (403 पारी)
रोहित शर्मा: 8 शतक (454 पारी)
इशान किशन: 7 शतक (227 पारी)
केएल राहुल: 7 शतक (232 पारी)
संजू सैमसन: 7 शतक (319 पारी)

2- टी20 में 9 शतक सबसे तेज लगाने वाले खिलाड़ी
क्रिस गेल: 124 पारी
साहिबजादा फरहान: 160 पारी
अभिषेक शर्मा: 184 पारी*

3- अभिषेक ने पार किया 350 टी20 छक्कों का आंकड़ा
अभिषेक शर्मा ने इस पारी में 9वां छक्का लगाते ही अपने 350 टी20 क्रिकेट के छक्के भी पूरे किए। उन्होंने इस पारी में कुल 10 छक्के लगाए और अब उनके नाम 351 छक्के टी20 क्रिकेट में दर्ज हो गए हैं।

4- आईपीएल में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले खिलाड़ी
175 नाबाद: क्रिस गेल, आरसीबी बनाम पीडब्ल्यूआई, 2013
158 नाबाद: ब्रेंडन मैकुल्लम, केकेआर बनाम आरसीबी 2008
141 रन: अभिषेक शर्मा, एसआरएच बनाम पीके 2025
140 नाबाद: क्विंटन डी कॉक, एलएसजी बनाम केकेआर 2022
135 नाबाद: अभिषेक शर्मा, एसआरएच बनाम डीसी 2026*

5- आईपीएल में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय
141 रन: अभिषेक शर्मा बनाम पीबीकेएस (2025)
135 नाबाद: अभिषेक शर्मा बनाम डीसी (2026)*
132 रन: केएल राहुल बनाम आरसीबी (2020)
129 रन: शुभमन गिल बनाम एमआई (2023)
128 रन: ऋषभ पंत बनाम एसआरएच (2018)

6- टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार 130+ रनों की पारी
4 : अभिषेक शर्मा*
3 : एरोन फिंच
3 : क्रिस गेल

7- एक टी20 पारी में सबसे ज्यादा बार 10 या 10+ छक्के
18 : क्रिस गेल
5 : अभिषेक शर्मा*
4 : एविन लुईस
4 : श्रेयस अय्यर

### आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग

# शेफाली ने मारी छलांग स्मृति को नुकसान





एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा 5 मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में अर्धशतक की बदौलत आईसीसी की नवीनतम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से छठे पायदान पर पहुंच गईं। शेफाली ने रविवार को डरबन में खेले गए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में 38 गेंद पर 57 रन बनाए थे। भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना अब तक खेले गए दोनों मैच में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद एक स्थान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई हैं। तीसरे स्थान पर अब वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज हैं। हरमनप्रीत कौर दो स्थान ऊपर चढ़कर अब शीर्ष 10 में शामिल होने के करीब हैं। वह फिलहाल 11वें स्थान पर हैं।

## जेमिमा को चार स्थान का नुकसान

जेमिमा रोड्रिग्स को चार स्थान का नुकसान हुआ है। खराब फॉर्म के चलते वह अब बल्लेबाजों की सूची में 14वें स्थान पर खिसक गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने बल्लेबाजों की सूची में अपना पांचवां स्थान बरकरार रखा है। ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वोल शीर्ष पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की एनेरी डर्कसेन (18 स्थान के फायदे से 33वें स्थान पर) और सुने लुस (आठ स्थान के फायदे से 35वें स्थान पर) ने भी रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है।

## दीप्ति, रेणुका और अरुंधति नीचे खिसकी

भारत की प्रमुख गेंदबाज दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर और अरुंधति रेड्डी गेंदबाजों की रैंकिंग में नीचे खिसक गई हैं। दीप्ति दो स्थान नीचे पांचवें जबकि रेणुका चार स्थान नीचे नौवें स्थान पर हैं। अरुंधति भी तीन स्थान के नुकसान से 12वें स्थान पर खिसक गई हैं और शीर्ष 10 गेंदबाजों की सूची से बाहर हो गई हैं।

**आयुष के हैमस्ट्रिंग में खिंचाव, रहना होगा रिहैबिलिटेशन**

# सीएसके को करारा झटका म्हात्रे पूरे सीजन से बाहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं, जो पांच बार की चैंपियन टीम के लिए करारा झटका है।

म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सीएसके के पिछले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे और उन्हें 6 से 12 सप्ताह तक 'रिहैबिलिटेशन' से गुजरना पड़ेगा। सीएसके ने कहा, 'आयुष म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान बल्लेबाजी करते समय बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आने के कारण आईपीएल



2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं।' फ्रेंचाइजी ने कहा, ' आयुष को चोट से उबरने के लिए 6 से 12 सप्ताह तक रिहैबिलिटेशन पर रहना होगा।'

## सनराइजर्स के खिलाफ हुए थे चोटिल

18 वर्षीय बल्लेबाज आयुष सनराइजर्स के खिलाफ इंपैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान पर उतरा था। हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण वह काफी असहज महसूस कर रहे थे। म्हात्रे को मैदान पर ही उपचार दिया गया। दर्द के बावजूद उन्होंने खेलना जारी रखा था लेकिन इसके तुरंत बाद वह आउट हो गए थे। सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइक हसी ने कहा था, ' दुर्भाग्य से उसकी स्थिति काफी खराब दिख रही है। उसका बाहर होना हमारे लिए बहुत बड़ा नुकसान होगा क्योंकि वह बहुत अच्छी फॉर्म में है।' म्हात्रे ने इस सत्र में छह मैचों में 177.87 के स्ट्राइक रेट से 201 रन बनाए।



## बोस्टन मैराथन में दौड़ी चेल्सी और सुनीता

एजेंसी ▶▶ बोस्टन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की पुत्री चेल्सी क्लिंटन और भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने बोस्टन मैराथन पूरी की। क्लिंटन फाउंडेशन की उपाध्यक्ष 46 वर्षीय चेल्सी ने 26.2 मील (42.195 किलोमीटर) की दौड़ 3 घंटे, 40 मिनट और 52 सेकंड में पूरी की। चेल्सी के पिता बिल क्लिंटन और मां पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने फिनिश लाइन पर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर 2014 के चैंपियन मेब केफ्लेजघी भी उपस्थित थे, जो इस दौड़ को जीतने वाले अंतिम अमेरिकी पुरुष धावक हैं। चेल्सी क्लिंटन न्यूयॉर्क मैराथन सहित छह अन्य मैराथन में भाग ले चुकी हैं और उन्होंने अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

# रियाल मैड्रिड फिर बना यूरोपीय चैंपियन




एजेंसी ▶▶ लॉज़ेन

रियाल मैड्रिड ने पेनल्टी शूटआउट में क्लब ब्रुग को हराकर यूईएफए यूथ लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीतकर एक बार फिर यूरोपीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

इस टूर्नामेंट में अंडर19 टीम भाग लेती है, जिसे जूनियर वर्ग की चैंपियंस लीग भी कहा जाता है। रियाल मैड्रिड के लिए यह खिताब राहत की बात है क्योंकि उसकी सीनियर टीम चैंपियंस लीग से बाहर हो गई है। स्विट्जरलैंड में खेला गया फाइनल मैच अतिरिक्त समय के बाद भी 1-1 से बराबरी पर रहा, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। रियाल मैड्रिड के गोलकीपर जेवियर नवारो ने पेनल्टी शूटआउट में अपनी टीम को 4-2 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने ब्रुग के नईम अमेनगई और टियान कोरेन के शॉट को बचाया। यूईएफए यूथ लीग के 12 साल के इतिहास में स्पेनिश टीम ने यह दूसरा खिताब उसकी सीनियर टीम के चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के पांच दिन बाद जीता।


### लॉरियस पुरस्कार: फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट जर्मेन सर्वश्रेष्ठ टीम

# अल्काराज-सबालेंका चुने गए 'प्लेयर ऑफ द ईयर'

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और एरीना सबालेंका ने लॉरियस पुरस्कारों में क्रमशः वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी और महिला खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया, जबकि फ्रांस के फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट जर्मेन को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टीम घोषित किया गया। अल्काराज ने पिछले साल फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन के अलावा इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब भी जीता था। नंबर एक महिला खिलाड़ी सबालेंका ने पिछले साल यूएस ओपन जीता था। पीएसजी 2025 में पहली बार फुटबॉल टूर्नामेंट चैंपियंस लीग का खिताब जीतने में सफल रहा था।





## यामल ने जीता सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार

इस महीने मास्टर्स खिताब का बचाव करने वाले गोल्फर रोरी मैकलॉय को वर्ष में शानदार वापसी करने वाले खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। बार्सिलोना और स्पेन के स्टार फुटबॉलर 18 वर्षीय लामिन यामल ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। फॉर्मूला वन चैंपियन लैंडो नॉरिस को विश्व का सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार मिला।

## जिम्नास्ट कोमानेसी को मिला 'लाइफटाइम अचीवमेंट'

जर्मनी के महान फुटबॉलर टोनी क्रूस ने विश्व खेल प्रेरणा पुरस्कार हासिल किया जबकि जिम्नास्ट नादिया कोमानेसी को 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार दिया गया। अमेरिका के स्नोबोर्डर क्लो किम को 'वर्ल्ड एक्शन स्पोर्ट्सपर्सन' का पुरस्कार दिया गया। ब्राजील के गैब्रियल अराउजो को दिव्यांग वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। स्पेन की राजधानी में आयोजित समारोह की मेजबानी दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और फ्रीस्टाइल स्कीयर एलीन गु ने की।

## अल्काराज चोटिल, फ्रेंच ओपन खेलने पर संशय

**मैड्रिड।** दो बार के मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज का दाहिनी कलाई में चोट के कारण फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलना संदिग्ध है। अल्काराज ने कहा कि अगले कुछ दिनों में उन्हें कुछ चिकित्सा परीक्षण कराने हैं, जिसके बाद पता चल पाएगा कि वह इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खेल पाएंगे या नहीं। अल्काराज से जब पूछा गया कि क्या वह फ्रेंच ओपन में खेलेंगे, उन्होंने कहा, ' देखते हैं। अगला मेडिकल टेस्ट काफी महत्वपूर्ण होगा।' स्पेन के इस खिलाड़ी ने मैड्रिड में लॉरियस पुरस्कार समारोह में भाग लिया और उनकी दाहिनी कलाई में पट्टी बंधी हुई थी।

## एएफसी चैंपियंस लीग के फाइनल में अल-अहली



**जेद्दा।** इवान टोनी के दूसरे हाफ में किए गए निर्णायक गोल की मदद से सऊदी अरब के क्लब अल-अहली सऊदी ने जापान के विसेल कोबे को 2-1 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। जेद्दा में शनिवार को होने वाले फाइनल में अल-अहली सऊदी का मुकाबला संयुक्त अरब अमीरात के शबाब अल-अहली और जापान के माचिदा ज़ेलविया के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। विसेल कोबे के 32वें मिनट में युशिनोरी मुटो के गोल से बढ़त बनाई। अल-अहली सऊदी ने 62वें मिनट में ब्राजील के विंगर गैलेनो के गोल से बराबरी की। टोनी ने इसके आठ मिनट बाद अल-अहली सऊदी की तरफ से दूसरा गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।




## विजय सिंह ठाकुर की आतिशी पारी से भोपाल पुलिस ने जीता

# भोपाल पुलिस बनी डीजीपी कप 2026 की चैंपियन

भोपाल पुलिस ने एसएएफ जोन भोपाल को 5 रन से दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पुलिस क्रिकेट ग्राउंड नेहरू नगर में खेले जा रहे डीजीपी कप 2026 के 28वें संस्करण का फाइनल मैच भोपाल पुलिस और एसएएफ ज़ोन भोपाल के बीच खेला गया। एसएएफ ज़ोन भोपाल ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया।

भोपाल पुलिस की ओर से बल्लेबाजी करते हुए विजय ठाकुर ने 64 (43), अंबिया ने 50 (39), गौतम 19 (11) के योगदान से टीम ने 155 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। एसएएफ ज़ोन भोपाल की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए रविंद्र, राहुल और गौरव ने 1-1 विकेट प्राप्त किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसएएफ ज़ोन भोपाल की टीम 20 ओवर में 150 रन ही बना पाई, जिसमें नगेंद्र सिंह ने 57 (58), अमित ने 36 (17), विनय ने 24 (21) रन का योगदान दिया। भोपाल पुलिस की ओर से सोनू को 3, संदीप और सुनील को 1-1 विकेट प्राप्त हुए। विजय सिंह ठाकुर को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।



### पुरस्कार वितरण के साथ टूर्नामेंट का समापन



*मुख्य अतिथि डीजीपी कैलाश मकवाणा, एसडीजीपी संजीव शमी, आशुतोष राय, एडीजीपी डी श्रीनिवास वर्मा, सीपी भोपाल संजय कुमार, एडी. सीपी मोनिका शुक्ला, पुलिस उपायुक्त श्रद्धा तिवारी, डीआईजी राजेश चंदेल, रियाज इकबाल, सेनानी नगेंद्र सिंह एवं आईपीएस नरेंद्र रावत ने प्रतिभागी को मेडल व सर्टिफिकेट दिए। भोपाल रक्षित निरीक्षक जय सिंह तोमर उपस्थिति में पुलिस अनुशासन के चलते खेल परेड के साथ पुरस्कार वितरण एवं टूर्नामेंट का समापन किया गया।*

#### पुरस्कृत खिलाड़ी

- मैन ऑफ़ द सीरीजः- नरेंद्र रायकवार
- मैन ऑफ़ द फाइनलः- विजय सिंह ठाकुर
- बेस्ट बैट्समैन टूर्नामेंटः- अनुराग बोरासी
- बेस्ट बॉलर टूर्नामेंटः- ऋतिक महाजन
- बेस्ट फील्डर टूर्नामेंटः- संजीव पटेल
- बेस्ट विकेट कीपरः-हेमंत शाक्य
- बेस्ट जर्सी टीमः-साइबर टेलीकॉम
- बेस्ट डिसिप्लिन टीमः- ईओडब्ल्यू




## मलेशिया कराते में भोपाल की निहारिका ने जीता रजत पदक

**संतनगर।** लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्यूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित लक्ष्मीदेवी विक्योमल सर्राफ उ.मा.विद्यालय की छात्रा निहारिका नागर ने 15वें साईलेंट नाईट इंटरनेशनल कराते टूर्नामेंट में कोच भावना यादव के मार्गदर्शन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कुआलालम्पुर (मलेशिया) में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में रजत पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

इस सफलता ने न केवल विद्यालय को गौरवान्वित किया है बल्कि अन्य छात्राओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनी हैं। इस सफलता के बाद विद्यालय परिवार और उसके परिजनों में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर शाला के सचिव रमेश हिंगोरानी, संचालक योगेश हिंगोरानी, प्राचार्या व शाला परिवार ने छात्रा निहारिका को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अंडर 22 में भोपाल ने इंदौर को 7 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एमपीसीए द्वारा आयोजित बॉयज़ अंडर-22 लिमिटेड ओवर्स टूर्नामेंट 2025-26 के मुकाबले में इंदौर और भोपाल के बीच खेले गए मैच में भोपाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 विकेट से जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंदौर की टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 223 रन बनाए। टीम की ओर से सोहम पटवर्धन ने 49 रन, आयुष वर्मा ने 43 रन और सचिन जांगिड़ ने 29 रन का योगदान दिया। भोपाल की ओर से गेंदबाजी में नीरज ग्रोवर ने 2 विकेट, जबकि अनिमेष सिंह और तन्मय पांडे ने 1-1 विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल की टीम ने 47.3 ओवर में 3 विकेट खोकर 227 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम की जीत में विकास शर्मा ने शानदार 71 रन की पारी खेली, जबकि प्रारब्ध मिश्रा ने 51 रन और प्रियांशु प्राण ने 49 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। इंदौर की ओर से ऋषभ भंडारी ने 2 विकेट लिए। विकास शर्मा को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



विकास शर्मा बने प्लेयर ऑफ द मैच

# शहडोल डिवीज़न ने भोपाल को हराया

## अंडर-22 बॉयज लिमिटेड ओवर्स इंटर डिवीज़नल ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एमपीसीए द्वारा आयोजित बॉयज़ अंडर-22 लिमिटेड ओवर्स टूर्नामेंट 2025-26 के मुकाबले में शहडोल और भोपाल के बीच खेले गए मैच में भोपाल नें टॉस जीतकर पहले फील्डिंग ली। शहडोल नें तय 50 ओवर में 8/289 रन बनाए। इनमें कार्तिक परिहार नें नाबाद 114 रन बनाए, शिव सागर नें 52 और सत्यार्थ शुक्ला ने 34 रन का योगदान दिया। भोपाल के गेंदबाज में तन्मय पाण्डेय नें 3, प्रारब्ध मिश्रा ने 2 और अनिमेष सिंह ने 1 विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल की टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 212 रन बनाए । टीम की और से नीरज ग्रोवर 40 रन बनाकर नाबाद रहे। आयुष अवस्थी नें 38 रन का योगदान दिया। शहडोल के कार्तिक परिहार, यतेंद्र श्रीवास्तव और प्रयाग ने 2-2 विकेट लिए। कार्तिक परिहार को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

भाऊ साहेब निंबालकर ट्रॉफी अंडर 18 बॉयज क्रिकेट

### भोपाल डिवीज़न ने रेस्ट ऑफ़ एम पी 'बी' को दिया 407 रन का लक्ष्य

*भोपाल। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-18 बॉयज भाऊ साहेब निम्बलकर ट्रॉफी जबलपुर के नीमखेड़ा मैदान पर खेले जा रहें (चार दिवसीय )मैच में भोपाल डिविजन और रेस्ट आफ एम पी 'बी' के मैच के तीसरे दिन भोपाल डिविज़न नें अपनी दूसरी पारी खेलते हुए कल के स्कोर 2/48 रन से आगे खेलते हुए 99 ओवj में 9 विकेट पर 292 रन बनाकर पारी घोषित की। भोपाल से प्रतीक शुक्ला नें 78 और कनिष्क गौतम 99 रन पर आउट हुए । रेस्ट ऑफ़ एम पी 'बी' से गेंदबाजी में मोहित शुक्ला नें 5, युवराज और सार्थक ने 2-2 विकेट लिए।*

*इस तरह भोपाल डिविजन ने रेस्ट आफ एमपी 'बी' को (292+114) =407 रनों का लक्ष्य दिया । जवाब में रेस्ट आफ एमपी 'बी' ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक 13 ओवर में 3 विकेट पर 22 रन बना लिए हैं ।*



काजल रहीं प्लेयर ऑफ द मैच

### भोपाल डिवीजन ने जबलपुर को 8 विकेट से हराया

भोपाल। सीनियर वूमेंस जे. एस. आनंद ट्रॉफी इंटर डिविजनल टूर्नामेंट इंदौर में भोपाल और जबलपुर डिवीजन के बीच मैच खेला गया। जबलपुर ने 27.1 ओवर में 59 रन बनाए। भोपाल की काजल ने 3 विकेट लिए। जवाब में भोपाल ने 12.2 ओवर में 2 विकेट पर 63 रन बनाकर मैच 8 विकेट से जीत लिया जिसमें निकिता सिंह ने 26 और सौम्या तिवारी 27 रन बनाकर नाबाद रही।




एक्स-शोरूम कीमत ₹74,350~
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक
HDFC BANK | SBI card | क्रेडिट कार्ड | Powered by pine labs
Hero GoodLife Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits*
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *Based on internal testing of 110cc scooters and on the testing report of govt Certified agency. ~Ex-Showroom Price of Destini110 VX in Madhya Pradesh. ^T&C apply.
TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफ़िज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोर: मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबाद: पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागर: सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्ड: शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, रतलाम: एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमच: उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौर: रामदर्शन हीरो 9289922369, जावरा: रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली: श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111411177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरू नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिण्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, सीतामऊ: तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडी: नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदा: जेएस मोटर्स, 9926600906.
RS/Hero/12/25

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930